स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, बृहस्पतिवार
9 जुलाई, 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष 9
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 317 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *
मूल्य : 3 रुपये

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net


जन्मदिन पर सौरव गांगुली को मिला बड़ा तोहफा आईसीसी हॉल ऑफ फेम में हुए शामिल



अमेरिका ने ईरान के दक्षिणी हिस्से में बड़े पैमाने पर सैन्य हमले किए

# ईरान के साथ समझौता खत्म : ट्रंप

**अंकारा।** ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध रोकने के लिए बना अंतरिम समझौता अब टूटने की कगार पर दिखाई दे रहा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कहा है कि उनके लिए यह

- दोनों देशों के बीच फिर से सैन्य कार्रवाई तेज

समझौता अब खत्म हो चुका है और तेहरान के साथ बातचीत करना समय की बर्बादी है। ट्रंप इस समय तुर्किये में नाटो समिट में हिस्सा ले रहे हैं। दोनों देशों के बीच फिर से सैन्य कार्रवाई तेज हो गई है। ऐसे में इससे पूरे पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और नए संघर्ष की आशंका गहरा गई है। अमेरिका ने ईरान के दक्षिणी हिस्से में बड़े पैमाने पर सैन्य हमले किए। इन हमलों का निशाना बंदर अब्बास, सीरिक और केश्म द्वीप के सैन्य ठिकाने रहे। वॉशिंगटन का कहना है कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास व्यापारिक जहाजों पर हमले किए थे, जिसके जवाब में यह कार्रवाई की गई। इसी के साथ अमेरिका ने ईरानी तेल की बिक्री से जुड़ी छूट भी वापस ले ली। इसके बाद ईरान ने बहरीन और कुवैत की दिशा में जवाबी हमले किए, जिससे पहले से लागू युद्धविराम और बातचीत की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। ट्रंप ने कहा कि उनके हिसाब से अब ईरान के साथ समझौता खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि वह अब तेहरान से कोई बातचीत नहीं करना चाहते, क्योंकि इससे कुछ हासिल नहीं होगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी अधिकारी चाहें

> "ईरान से बात करना वक्त की बर्बादी है। वो बीमार, बुरे और गंदे लोग हैं। हमने उनसे कहा था कि जाओ, (खामेनेई को) सुपुर्द-ए-खाक कर लो, लेकिन उन्होंने जहाजों पर रॉकेट दागने शुरू कर दिए।
>
> **डोनाल्ड ट्रंप**
> अमेरिकी राष्ट्रपति



तो बातचीत जारी रख सकते हैं, लेकिन उन्हें नहीं लगता कि उससे कोई नतीजा निकलेगा। ट्रंप ने ईरान के नेतृत्व पर बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए आरोप लगाया कि अगर उसके पास परमाणु हथियार हुए तो वह उनका इस्तेमाल करने से पीछे नहीं हटेगा। उनका कहना था कि अब इस मुद्दे पर उनका धैर्य समाप्त हो चुका है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार हालिया हवाई हमले पहले की तुलना में चार से पांच गुना अधिक बड़े और ताकतवर थे। अमेरिका का कहना है कि यह कार्रवाई होर्मुज जलडमरूमध्य के पास व्यापारिक जहाजों पर हुए हमलों के जवाब में की गई।

### ईरान ने अमेरिका को दी चेतावनी

अमेरिकी हमलों के बाद ईरान ने साफ कहा है कि वह किसी भी दबाव के आगे झुकने वाला नहीं है। ईरानी संसद के अध्यक्ष और अमेरिका के साथ वार्ता से जुड़े प्रमुख नेता मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने अंतरिम समझौते की कई शर्तों का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि ईरान के समुद्री प्रबंधन में दखल, दोबारा तेल प्रतिबंध लागू करना और दक्षिणी ईरान पर हमले करना समझौते की भावना के खिलाफ है। ईरान की सेना ने भी अमेरिकी कार्रवाई को खुला हमला बताते हुए कहा कि इसका करारा जवाब दिया जाएगा। सेना ने दोहराया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही का रास्ता वही होगा, जिसे ईरान तय करेगा और किसी बाहरी दखल को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सीएम योगी ने शिक्षकों के लिए किया कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का शुभारंभ

# बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें शिक्षक

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को वाराणसी से प्रदेश के शिक्षकों व उनके परिजनों को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना का तोहफा दिया। पंडित दीनदयाल हस्तकला संकुल बड़ालालपुर में सुबह 10 बजे से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने इसका शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के लागू होने के साथ ही प्रदेश के लगभग 12 लाख शिक्षकों और उनके परिवारों को पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। योजना में नियमित शिक्षकों के साथ शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोइया और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के पात्र कार्मिकों को भी शामिल किया गया है। सीएम योगी ने योजना का शुभारंभ करने के साथ ही माध्यममिक शिक्षा और बेसिक शिक्षा के सभी शिक्षकों और बच्चों को हृदय से बधाई दी। कहा कि तीन योजनाएं हैं, कैशलेस चिकित्सा, डिबीटी, सामाजिक सुरक्षा की गारंटी। आपने मांगा नहीं लेकिन आपने स्वास्थ्य की चिंता हमें है। इसमें 12 लाख शिक्षक लाभान्वित हो रहे हैं, सबको बधाई देते हुए आपका अभिनंदन भी करता हूं। बेसिक शिक्षा परिषद के बच्चों को जो धनराशि हस्तांतरित की जा रही है प्रत्येक छात्र 1200 रुपये दिया जा रहा है। आज 1320 करोड़ रुपये भेजे गए। नागरिक के अलावा शिक्षकों का दायित्व है कि हर बच्चे को स्कूल पहुंचाएं। निपुण भारत के तहत हर बच्चे योग्य बनाए जाएं, ये पीएम मोदी का विजन है। सीएम ने कहा कि आज एक एमओयू स्टेट बैंक के साथ किया। इसमें सामाजिक सुरक्षा कि गारंटी है, अस्थायी शिक्षक



जिनका वेतन 10,000 है को 10 लाख का रिस्क कवर दिया जा रहा है। इसमें पढ़ाई, विवाह, एक्सीडेंटल, फिजिकल डैमेज क्लेम कवर होगा। पहले लोग मानते थे कि शिक्षक अमर हो गया है, ऐसी सुविधा देश में सबसे पहले यूपी में लागू हो रही है।

### बच्चों को रास्ता बताना होगा

हमारा दायित्व है कि विद्यालय अच्छा हो, स्वच्छ हो, आंतरिक अनुशासन बनाए। छात्र पूरी यूनिफॉर्म में आएं, इसके लिए अभिभावकों से बात करें। सीएम ने कहा कि कल बारिश हुई तो बच्चे उसी में नहा रहे थे, अभिभावकों को उन्हें समझाना चाहिए, बच्चे अबोध हैं। हम बताएं कि तीन दिन एक और तीन दिन दूसरा यूनिफार्म पहनो, घर के कपड़े दूसरे हों। यह बच्चों को बताना हमारा दायित्व है, यह उनके लिए प्रेरणा होगी।

### अब यूपी के लोग पहचान के संकट से नहीं गुजरते

सीएम योगी ने कहा कि यूपी बीमारू राज्य, आठ साल पहले लोग बाहर राज्यों में भटकते थे। आज ऐसा नहीं है, आज लोग पहचान के संकट से नहीं गुजरते। शिक्षा के उन्नयन हुआ तो प्रदेश के विकास ने रफ्तार पकड़ ली। पहले माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परिक्षा तीन महीना चलती थी जिसका कोई मतलब नहीं था, मैं शिक्षकों को धन्यवाद दूंगा, जिनकी बदौलत आज 15 दिन में परीक्षा हो ही रही है, परिणाम भी घोषित हो रहे हैं।

## 100 प्रतिशत प्राकृतिक और शाकाहारी वाले दावों पर नियामक सख्त

**नई दिल्ली।** देश में खाद्य उत्पादों पर किए जा रहे दावों और लेबलिंग को लेकर भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने

- कंपनियों को नोटिस जारी

सख्त रुख अपनाया है। एफएसएसएआई ने लोट्टे इंडिया, फर्न्स एन पेटल्स और कुबेरा फूड्स को नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर जवाब मांगा है। नियामक संस्था का कहना है कि इन कंपनियों के कुछ खाद्य उत्पादों पर ऐसे दावे किए गए हैं, जो उपभोक्ताओं को गुमराह कर सकते हैं। साथ ही कई मामलों में लेबलिंग नियमों का भी पालन नहीं किया गया। एफएसएसएआई ने कहा है कि यदि कंपनियों का जवाब संतोषजनक नहीं मिला तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत आगे की कार्रवाई की जा सकती है। संस्था के अनुसार, यह कार्रवाई उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा और खाद्य उत्पादों की सही जानकारी लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से की जा रही है। हाल के समय में एफएसएसएआई लगातार ऐसे मामलों में स्वतः संज्ञान और उपभोक्ताओं की शिकायतों के आधार पर कार्रवाई कर रहा है।

## एफडीआई : भारत ने लगाई दो पायदान की छलांग

**नई दिल्ली।** विनिर्माण क्षेत्र को आधुनिक बनाने और सर्विस सेक्टर को आगे बढ़ाने जैसी सरकार की नीतियों के दम पर भारत 2025 में दो स्थान की छलांग लगाकर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई)

- निवेश 44 प्रतिशत बढ़कर 39 अरब डॉलर पहुंचा
- दुनिया का 11वां सबसे बड़ा देश बन गया

पाने वाला दुनिया का 11वां सबसे बड़ा देश बन गया है। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते साल देश में 38.89 अरब डॉलर का एफडीआई आया, जो 2024 के 27.09 अरब डॉलर से 44 फीसदी अधिक है। 2024 में एफडीआई पाने वाले




देशों में 13वें स्थान पर था। यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस ऑन ट्रेड एंड डेवलपमेंट (अंकटाड) ने मंगलवार को जारी वर्ल्ड इन्वेस्टमेंट रिपोर्ट-2026 में कहा, इस निवेश के दम पर भारत को वह स्थिति फिर पाने में मदद मिली है, जो दो साल पहले दुनिया के शीर्ष-10 देशों की सूची से बाहर होने से खो गई थी। भारत में यह तेजी विकासशील देशों में दिखे सुस्त रुझान के विपरीत है, जहां एफडीआई प्रवाह में सिर्फ दो फीसदी वृद्धि दर्ज की गई। एशियाई विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में विदेशी निवेश तीन फीसदी बढ़ा है। वैश्विक एफडीआई प्रवाह 2025 में 6 फीसदी बढ़कर 1.6 लाख करोड़ डॉलर पहुंच गया। शीर्ष-20 देशों में कुल वैश्विक एफडीआई का करीब 80 फीसदी विदेशी निवेश आया। विकसित अर्थव्यवस्थाओं में एफडीआई 11 फीसदी बढ़कर 723 अरब डॉलर पहुंचा। 901 अरब डॉलर का निवेश विकासशील देशों में आया। अंकटाड ने कहा, भारत में कुल एफडीआई प्रवाह जरूर बढ़ा है, लेकिन प्रोजेक्ट-स्तर संकेतक बताते हैं कि निवेश के मामले में सावधानी भरा माहौल रहा। इससे घोषित ग्रीनफील्ड निवेश का मूल्य 2024 के 111.14 अरब डॉलर से घटकर 2025 में 74.12 अरब डॉलर के स्तर पर आ गया।

## शोपियां में लश्कर का टॉप कमांडर ढेर


**शोपियां।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी विरोधी अभियान में लश्कर-ए-तैयबा के एक टॉप कमांडर को मार गिराया। टॉप कमांडर की पहचान

- शव बरामद, आतंकी के पास हथियार भी मिले

जाकिर अहमद गनी के रूप में हुई है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों ने 3 जुलाई को दक्षिण कश्मीर जिले के मीमंदर क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया था। इस क्षेत्र में सात गांव शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आप भाग सकते हैं लेकिन छिप नहीं सकते! एसओजी शोपियां ने आरआर और सीआरपीएफ के साथ एक संयुक्त अभियान में एक लश्कर आतंकवादी को मार गिराया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मारे गए आतंकवादी की पहचान प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा संगठन के टॉप कमांडर जाकिर अहमद गनी के रूप में की। अधिकारियों ने बताया कि 26 वर्षीय गनी, जो पड़ोसी कुलगाम जिले के मोतलहामा क्षेत्र का निवासी था, 27 सितंबर, 2023 को शटरिंग के काम के लिए डियालगम के लिए अपने घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिवार के सदस्यों द्वारा असफल खोज के बाद 3 अक्तूबर, 2023 को कुलगाम पुलिस स्टेशन में एक गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

## दिल्ली में तय होगा महासचिव का नाम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की 22 जुलाई को प्रस्तावित बैठक से पहले विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय



प्रबंध समिति की बैठक 19 और 20 जुलाई को दिल्ली में आयोजित होगी। इस बैठक में राम मंदिर के चढ़ावा चोरी प्रकरण के बाद ट्रस्ट की प्रशासनिक व्यवस्था, संगठनात्मक बदलाव और नए महासचिव के चयन सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रबंध समिति की यह बैठक पहले 25 से 29 जून के बीच अयोध्या में प्रस्तावित थी, लेकिन बाद में इसे दिल्ली स्थानांतरित कर 19-20 जुलाई को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस बार प्रतिनिधियों की संख्या भी सीमित कर दी गई है। पहले प्रत्येक प्रांत से चार-चार प्रतिनिधियों को बुलाने की

- बैठक में ही होगा चंपत राय के भविष्य का फैसला

योजना थी, जबकि अब दो-दो प्रतिनिधियों को ही आमंत्रित किया गया है। इसके चलते बैठक में करीब 150 प्रतिनिधि ही शामिल होंगे। महासचिव पद से चंपत राय के हटने के बाद फिलहाल कृष्ण मोहन को अंतरिम रूप से यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब स्थायी महासचिव के चयन को लेकर भी चर्चा होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय महासचिव बजरंग लाल बांगड़ा का नाम संभावित दावेदारों में प्रमुखता से लिया जा रहा है। हालांकि अंतिम निर्णय संबंधित बैठक और ट्रस्ट की प्रक्रिया के बाद ही होगा। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि बुधवार को पूर्व महासचिव चंपत राय से मिलने उनके आवास पहुंचे।




## अल नीनो से निपटने को दिए गए जरूरी दिशा निर्देश

**नई दिल्ली।** खरीफ फसल के सीजन और अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों पर अल-नीनो के संभावित असर को देखते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) पूरी तरह सतर्क हो गया है।

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को सेवा तीर्थ में एक उच्च स्तरीय बैठक में अल-नीनो से निपटने के लिए मंत्रालयों की तैयारियों की समीक्षा की गई और जरूरी निर्देश दिए गए।

# नर्मदा परियोजना पर चार राज्यों में समझौता

**नई दिल्ली।** नर्मदा नदी से जुड़े विस्थापन और भूमि मुआवजे के दशकों पुराने विवाद का समाधान हो गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और

- शाह की उपस्थिति में बनी सहमति

महाराष्ट्र के बीच एक समझौते पर सहमति बनी है। शाह ने कहा, नर्मदा परियोजना के कारण बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के विस्थापन और भूमि मुआवजे को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। अब चारों राज्यों ने आपसी सहमति से इस मामले का समाधान करने पर सहमति जताई है। इस परियोजना से विशेषकर मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान को लाभ हुआ। बांध पूरा होने से इन राज्यों में हर जगह पानी और बिजली पहुंची। राजस्थान को हुआ लाभ दिखने में छोटा लग सकता है, लेकिन जिस भूमि तक नर्मदा का पानी पहुंचा है, वहां भूमि का मूल्य और किसान की किस्मत दोनों बदल गई है। गृह मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में



जल सुरक्षा को मजबूत करने और जल क्षेत्र में सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने के लिए कई ऐतिहासिक पहल की गई हैं। कई राज्यों में डबल इंजन सरकार बनने का लाभ हुआ है, जिससे एक-दूसरे को समझने की क्षमता बढ़ी है। राजनीतिक मुद्दे कम हुए हैं और देश के अनेक विवाद अब तेजी से सुलझाए जा रहे हैं। गृह मंत्री ने कहा, हाल के समय में राज्यों के बीच लंबे समय से चले आ रहे कई जल विवादों के समाधान में भी प्रगति हुई है। पिछले महीने 29 जून को राजस्थान और हरियाणा के बीच भी सहमति बनी थी। दोनों राज्यों ने लगभग 30 साल पुराने विवाद को खत्म करते हुए यमुना जल परियोजना के निर्माण व क्रियान्वयन के लिए समझौता किया था। इसके अलावा 16 जून को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान ने यमुना नदी के पुनर्जीवन के लिए किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर सहमति जताई थी। इन समझौतों से राज्यों के बीच सहयोग और संसाधनों के बेहतर उपयोग का रास्ता मजबूत होगा।

### पंजाब कांग्रेस में घमासान जारी

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस में बगावत जारी है। पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी और उनके समर्थक मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को बदलने की जिद पर अड़े हैं। इस विवाद को सुलझाने के लिए पंजाब प्रभारी एवं पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने बैठकों का दौर शुरू कर दिया मगर चन्नी पहले हाईकमान से मिलना चाहते हैं। लिहाजा मंगलवार को उन्होंने बघेल की बैठक से दूरी बनाई रखी। उधर, सूत्र बताते हैं कि मंगलवार शाम को कांग्रेसी नेता राहुल गांधी की टीम ने पूर्व सीएम चन्नी से संपर्क साधा है। उनकी मुलाकात जल्द राहुल गांधी से हो सकती है जबकि प्रियंका गांधी की ओर से भेजी गई टीम चन्नी से मिलकर जा चुकी है।

### बंगाल में बच्ची से रेप-मर्डर का आरोपी ढेर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में नाबालिग से रेप और मर्डर का एक आरोपी प्रभास मंडल पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पूछताछ के दौरान पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश कर रहा था। क्राइम सीन रीक्रिएशन के दौरान प्रभास मंडल ने एक पुलिसकर्मी की राइफल छीन ली। इसके बाद पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें प्रभास को गोली लगी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बारुईपुर में 12 साल की लड़की 4 जुलाई को लापता हो गई थी। 5 जुलाई को उसका शव एक तालाब से मिला। पोस्टमॉर्टम में रेप की पुष्टि हुई, जिसके बाद इलाके में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए।

### मुंबई एयरपोर्ट पर आमने-सामने आए प्लेन

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर मंगलवार रात को हादसा टल गया। एअर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के दो विमान एक ही रनवे पर आमने-सामने आ गए। घटना रात 10 बजे की बताई गई है। एअर इंडिया के विमान ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर के निर्देश पर टेक-ऑफ रन रोक दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान लैंडिंग के बाद रनवे से हटा नहीं था, तभी दिल्ली जाने वाला एयर इंडिया का विमान उसी रनवे से उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि सिलिगुड़ी से आई एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट रनवे खाली कर ही रही थी। जबकि दिल्ली जाने वाली फ्लाइट एआई816 के क्रू ने एटीसी के निर्देश मिलते ही टेकऑफ रन तुरंत रोक दिया और विमान को वापस पार्किंग एरिया में ले जाया गया।

अदालती टिप्पणी — कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा पति के दबाव से बदल जाता है मामला

# पत्नी का पैतृक संपत्ति में हिस्सा मांगना भी दहेज!

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हाल ही में एक फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई पत्नी अपने पति के दबाव में पैतृक संपत्ति में अपने वैध हिस्से की मांग करती है, तो यह दहेज की मांग के बराबर हो सकती है।

न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी और न्यायमूर्ति अपूर्बा सिन्हा राय की खंडपीठ ने दहेज हत्या के मामले में पति की सजा के खिलाफ अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए यह टिप्पणी की। 2 जुलाई के फैसले में न्यायालय ने कहा कि एक महिला पैतृक संपत्ति में अपने हिस्से का दावा करने की कानूनी रूप से हकदार है, लेकिन अगर यह दावा पति के दबाव के कारण किया जाता है तो यह दहेज की मांग के दायरे में आएगा। यह मामला एक महिला और उसकी नाबालिग बेटी की मौत से जुड़ा है, जो जून 2014 में, महिला की शादी के लगभग चार साल बाद, वैवाहिक घर में फांसी पर लटकी हुई पाई गई थीं। निचली अदालत ने पाया कि महिला ने आत्महत्या की थी और आत्महत्या करने से पहले अपनी बेटी की भी हत्या कर दी थी। अदालत ने पति और उसके माता-पिता को क्रूरता और दहेज हत्या का दोषी पाया। पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। वहीं, सास-ससुर को सात साल की कैद की सजा दी गई। उच्च न्यायालय के समक्ष पति ने यह तर्क दिया कि दहेज की मांग का कोई सबूत नहीं था। महिला ने केवल अपनी पैतृक संपत्ति में अपना कानूनी हिस्सा मांगा था।



हालांकि, अदालत ने गौर किया कि सबूतों से पता चलता है कि महिला के भाई ने पहले परिवार की पुश्तैनी संपत्ति का कुछ हिस्सा बेचकर उसे बिक्री से मिले राशि में से उसका हिस्सा दे दिया था। अदालत ने पाया कि इसके बाद भी पति लगातार महिला पर दबाव डालता रहा कि वह अपने भाई से बाकी पुश्तैनी संपत्ति बेचने और उसके हिस्से की राशि सौंपने के लिए कहे। न्यायालय ने इस तर्क को भी खारिज कर दिया कि स्वतंत्र गवाहों की अनुपस्थिति से अभियोजन पक्ष का मामला कमजोर होता है। न्यायालय ने कहा कि दहेज की मांग आमतौर पर वैवाहिक घर की चारदीवारी के भीतर ही की जाती है, न कि बाहरी लोगों की उपस्थिति में। पति ने यह भी तर्क दिया था कि घटना के दो दिन बाद दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) अविश्वसनीय थी क्योंकि शिकायतकर्ता (मृत महिला के बड़े भाई) ने इसे दर्ज करने से पहले वकीलों से सलाह ली थी। इस दलील को खारिज करते हुए, उच्च न्यायालय ने कहा कि एफआईआर दर्ज करने में देरी से अभियोजन पक्ष का मामला कमजोर नहीं होता है। न्यायालय ने कहा जब किसी की बहन और उसके नवजात शिशु की अचानक मृत्यु जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित होती है, तो इससे करीबी रिश्तेदार स्तब्ध और अवाक रह जाते हैं। वे अनिर्णय की स्थिति में आ जाते हैं। हमारी राय में, इस तरह की देरी अभियोजन पक्ष के मामले को कोई झटका नहीं दे सकती। इसके अलावा, ऐसी स्थिति में कानूनी सलाह लेना वास्तविक शिकायतकर्ता की ओर से सबसे तर्कसंगत कदम है।

# एनएचएआई का चला हंटर, धड़ाधड़ हटे अवैध कब्जे, दुकानदारों में मची अफरा-तफरी

**स्वतंत्र भारत, तिलहर (शाहजहांपुर)।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने बुधवार को पूर्वी भक्सी तिराहे से बाइपास चौराहा स्थित ओवरब्रिज तक अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चला दिया। पुलिस बल की मौजूदगी में चले अभियान के दौरान सड़क किनारे किए गए स्थायी और अस्थायी अवैध कब्जों को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई शुरू होते ही अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया और कई दुकानदार आनन-फानन में अपना सामान समेटते नजर आए।एनएचएआई के प्रबंधक अंजनी कुमार के निर्देश पर दोपहर



करीब एक बजे नियंत्रण अधिकारी इंद्रेश कुमार यादव के नेतृत्व में अभियान शुरू हुआ। टीम ने राजमार्ग की भूमि पर बांस-बल्ली, टीनशेड, ठेले और अस्थायी दुकानों के रूप में किए गए कब्जों को हटाया। कई स्थानों पर जेसीबी मशीन से स्थायी निर्माण भी ध्वस्त किए गए।

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस चस्पा कर स्वयं कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन समय सीमा समाप्त होने के बावजूद कई लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। इसके बाद बुधवार को पुलिस की मौजूदगी में बुलडोजर कार्रवाई करनी पड़ी। कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा। बुलडोजर पहुंचते ही कई लोगों ने खुद ही अपने टीनशेड, ठेले और अन्य सामान हटाने शुरू कर दिए, जबकि शेष अवैध कब्जों को टीम ने जेसीबी से हटाकर राजमार्ग की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। नियंत्रण अधिकारी इंद्रेश कुमार यादव ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी ने दोबारा एनएचएआई की भूमि पर अवैध कब्जा किया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण हटने के बाद हाईवे किनारे यातायात व्यवस्था भी पहले की अपेक्षा अधिक सुचारु दिखाई दी।

# कस्बे में स्वच्छता की कमान संभालेगा गरुड़

## बहुउद्देशीय मशीन का चेयरमैन शिवानी वर्मा ने किया शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत अल्हागंज शाहजहांपुर।** नगर पंचायत ने स्वच्छता एवं आधुनिक नगर प्रबंधन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए बुधवार को अत्याधुनिक बहुउद्देशीय मशीन %गरुड़% का अध्यक्ष शिवानी वर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर इस मशीन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अत्याधुनिक मशीन
सड़क की सफाई और धूल-कूड़ा संग्रहण दवा का छिड़काव
पेड़ों को पानी देना,जरूरत पड़ने पर आग बुझाने का भी कार्य कर सकती है। इस अवसर पर चेयरमैन शिवानी वर्मा ने कहा कि नगरवासियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करना उनकी प्राथमिकता है। %गरुड़%व्यवस्था को मजबूती मिलेगी, बल्ति पर्यावरण संरक्षण और आपातकालीन सेवाओं में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि एक



मशीन, अनेक सुविधाएं इससे मिल जाएंगी। चेयरमैन शिवानी वर्मा ने

**सड़क सफाई से लेकर दवा छिड़काव और आग बुझाने तक करेगा कार्य**

बताया कि गरूड़ मशीन आधुनिक तकनीक से लैस है। यह कम समय में अधिक क्षेत्र की सफाई करेगी, साथ ही दवा छिड़काव, पौधों को पानी देने और आपात स्थिति में आग बुझाने में भी सहायक होगी। इससे नगर पंचायत की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी होगी तथा कर्मचारियों के श्रम में कमी आएगी। यह कदम अल्हागंज को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक नगर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। चेयरमैन की तकनीकी सोच और विकासोन्मुखी पहल से नगर का स्वरूप बदल रहा है। स्वच्छता सेवाओं में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी नगर पंचायत में आधुनिक सुविधाओं को और बढ़ाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### चार ट्रेन चालको का बालामऊ ट्रांसफर



**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** ट्रेन चालक पर लंबी ड्यूटी पढ़ने के कारण और ट्रेन चालक को स्पेयर भेजने के कारण काफी परेशानी होती थी जिस कारण जनता एक्सप्रेस और दून एक्सप्रेस के ट्रेन चालक बालामऊ रेलवे स्टेशन पर बदले जाएंगे रोजा जंक्शन से चार ट्रेन चालक मनोज मल्होत्रा रविराज सिंह उपेंद्र शर्मा मुकेश राठौर बालामऊ ट्रांसफर किए गए तीन मुरादाबाद से बालामऊ ट्रांसफर किए गए बालामऊ से जो ट्रेन चालक जनता एक्सप्रेस लेकर लखनऊ जाएगा लखनऊ से नौचंदी एक्सप्रेस लेकर मुरादाबाद जाएगा मुरादाबाद से अगले दिन दून एक्सप्रेस लेकर बालामऊ आएगा बालामऊ से अगले दिन एक्सप्रेस लेकर दून एक्सप्रेस मुरादाबाद लेकर जाएगा और मुरादाबाद से वापस आने पर बालामऊ में रेस्ट करेगी लोको इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया अभी टेंपरेरी लिंक बनाया गया है लोको पायलट को लंबी ड्यूटी ना पड़े जिस कारण वाला बालामऊ में ट्रेन चालक बदले जाएंगे।पहले दिन बालामऊ रेलवे स्टेशन पर जनता एक्सप्रेस के ट्रेन चालक बदले गए ट्रेन चालकों में खुशी दौड़ गई फूल माला पहनकर ट्रेन चालक को मिष्ठान खिलाया गया।

### सहायक अध्यापक अनवार अहमद के निधन पर शोक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** मदरसा नुरुल हुदा, बिजलीपुरा में जनपद सीतापुर की तहसील लहरपुर निवासी एवं मदरसा अमीनिया के सहायक अध्यापक अनवार अहमद के लंबी बीमारी के कारण हुए निधन पर एक शोक सभा आयोजित की गई। मदरसे के प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, उपस्थित लोगों ने गहरा दुःख व्यक्त किया और इसे शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। शोक सभा में दिवंगत अनवार अहमद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फुल मियां ने कहा कि वे एक ईमानदार, कर्मठ, सरल एवं मिलनसार शिक्षक थे। उन्होंने अपने शिक्षण कार्य के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सदैव समर्पित भाव से कार्य किया। उनका विनम्र व्यवहार, अनुशासनप्रियता और शिक्षा के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत शिक्षक को खिराजे अक़ीदत पेश कर दुआएं मगफिरत की शोक सभा में इज़हार हसन, जहूर अहमद, कामरान हुसैन, मोहम्मद जाहिद, साजिद अली खान, मोइन खान, शारिक अली खान, सैयद शारिक अली, हैदर अली, अब्दुल कादिर, मुख्तार अहमद, आदि मौजूद थे।

# ताला तोड़कर किराना दुकान से लाखों की चोरी

## सूचना पर पहुंची पुलिस ने की जांच पड़ताल, थाने में तहरीर

स्वतंत्र भारत खुटार (शाहजहांपुर)। बीती रात चोरों ने किराने की दुकान के शटर के ताले तोड़कर दुकान में रखी हजारों की नगदी व अन्य कीमती किराना सामान चोर चोरी कर लिया। सुबह होने पर दुकान स्वामी जब दुकान पर पहुंचा, तब उसे चोरी होने का पता चला। जिसके बाद दुकान स्वामी ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दे दी है। जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी क्षेत्र के गांव गेहुआ नवाबी निवासी ऋषिकांत शर्मा ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि, उसकी खुटार थाना क्षेत्र के गांव रामपुर कला माधौपुर जाने वाली रोड के किनारे किराने की दुकान है। रोज की भांति मंगलवार को वह शाम 8ः00 बजे दुकान बंद कर शटर में ताले



डालकर घर चला गया। गुरुवार की सुबह जब वह दुकान खोलने के लिए दुकान पर पहुंचा तो देखा कि, शटर जमीन से करीब आधा फिट ऊपर उठा हुआ था। शटर में पड़े तले टूटे हुए अलग पड़े थे। जिस पर उसे दुकान में चोरी होने का एहसास हुआ। उसने जैसे ही शटर उठाया तो देखा की दुकान के अंदर सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था। दुकान की गोलक में रखी 26000 की नगदी भी गायब थी। ऋषिकांत ने बताया कि दुकान में किराने का कीमती सामान गायब था। जिसकी कीमत लगभग 2 लाख रुपए बताई है। ऋषिकांत ने दुकान में चोरी होने की जानकारी पुलिस को दी। जिस पर सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। दुकान स्वामी ऋषिकांत ने बताया कि उसकी दुकान से नगदी सहित करीब 2 लाख रुपए का सामान अज्ञात चोर चोरी कर ले गए हैं। उधर पुलिस तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

# नत्थापुर में 60 वर्षीय वृद्ध ने फांसी लगाई

## बीमारी और शराब की लत से परेशान होकर की आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत पुवायाँ,शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के नत्थापुर गांव में बुधवार को एक 60 वर्षीय वृद्ध ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले में अग्रिम कार्रवाई कर रही है। नत्थापुर निवासी मनोज कोरी ने पुलिस को बताया कि उनके पिता रामकिशन कोरी (60) लंबे समय से बीमार चल रहे थे। परिजनों के अनुसार, उन्हें शराब पीने की भी लत थी। बताया गया कि बीमारी और शराब की लत से परेशान होकर उन्होंने गांव के मरघट के गेट पर अपने अंगोछे से



फांसी लगाकर जान दे दी। रामकिशन के चार बच्चे हैं, जिनमें दो बेटों और एक बेटी की शादी हो चुकी है। उनका छोटा बेटा मनोज अपने पिता के साथ ही रहता था। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल की जांच के लिए फील्ड यूनिट को भी बुलाया गया है। थाना प्रभारी आर के रावत का कहना है कि प्रथम दृष्ट्या यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# खंड शिक्षा अधिकारी का हुआ विदाई समारोह

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** नगर के रोटी गोदाम में खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार का विदाई समारोह मनाया गया शिक्षक संघ के अध्यक्ष श्री इमरान सईद खां ने बताया कि श्री नगेन्द्र कुमार का खंड शिक्षा अधिकारी पद से पदोन्नति प्रवक्ता जिला प्रशिक्षण एवं संस्थान मेरठ में हो गया यहाँ से कार्यमुक्त होकर उक्त पद पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए रवाना होने से पहले उनको रोटी गोदाम कार्यालय मे भावभीनी विदाई दी गयी इस मौके पर कार्यालय के कर्मचारियों,शिक्षकों एवं शिक्षामित्र आदि ने श्री नगेन्द्र कुमार को पुष्प माला पहनना कर तथा उपहार देकर सम्मान सहित विदा किया श्री शाकिर बाबू ने कहा की खंड शिक्षा अधिकारियों का आना-जाना नौकरी का एक हिस्सा है नगेन्द्र का कार्यकाल बहुत अच्छा रहा रविंद्र सिंह लेखाकार ने कहा अच्छे अधिकारी से बहुत कुछ सीखने



को मिलता है उनके जाने के बाद उसकी कमी अवश्य रहगी।
शिक्षक श्री मु?तार ने उनके कार्य की प्रश्नसा की श्री इमरान सईद खां ने कहा की नगर शिक्षा अधिकारी के रूप में श्री नगेन्द्र 27 जनवरी 2024 को नगर का चार्ज लिया और आज उनकी पदोन्नति की वजह से उन्हें जाना प? रहा है खंड शिक्षा अधिकारी का कार्यकाल बहुत स्मरणीय रहा उनके द्वारा विद्यालयों, शिक्षकों एंव विभागीय कार्यों मे अहम भूमिका निभाई साथ ही एस आई आर,पेरिंग विद्यालय, आदि मे भी विशेष योगदान दिया नगर के विद्यालय शिक्षकों एवं उनकी समस्याओं निरंतर सुना और उनकी समस्याओं का निस्तारण किया उनको हमेशा याद किया जायेगा सभी शिक्षकों ने उनके कार्य की प्रशंसा की इस दौरान सुबोध वर्मा, फरहना फर,ज्योति गुप्ता, अंजू जौहर,सुनीता, अनीता भारती,मो आति?, अमिता पाण्डेय, अक्षत सक्सेना, आदिल, अनिल आदि शामिल रहे।

# गुरजीत मंडलीय और विनम्र बने चैप्टर चेयरमैन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की शाहजहांपुर इकाई में औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए शीर्ष नेतृत्व ने पदाधिकारियों के कार्यकाल का विस्तार किया है। एमएसएमई क्षेत्र की प्रमुख प्रतिनिधि संस्था आई आई ए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने अपने पिछले एक वर्ष के उत्कृष्ट कार्यों और औद्योगिक समस्याओं के सफल समाधान को देखते हुए गुरजीत सिंह मोंगा को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए मंडलीय चेयरमैन और विनम्र अग्रवाल को %चैप्टर चेयरमैन के रूप में पुनः नियुक्त किया है।संस्था के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने दोनों ही पदाधिकारियों को इस ज़िम्मेदारी हेतु बधाई दी! जिले के





सभी सम्मानित उद्यमियों ने इन नियुक्तियों का स्वागत किया है!
?एमएसएमई के विकास के लिए समर्पित चार दशक पुरानी संस्था
इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का गौरवशाली इतिहास रहा है। यह संगठन वर्ष 1985 से निरंतर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के हितों की रक्षा और उनके उत्थान के लिए कार्यरत है। चार दशकों से अधिक समय से सक्रिय यह संस्था न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी औद्योगिक नीतियों को प्रभावित करने और उद्यमियों की समस्याओं को सरकार के समक्ष रखने में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

# कैंसर के लिए जागरूकता अभियान का आयोजन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** आज उड़ान एक उम्मीद संस्था ने श्याम लाल अंगने लाल बालिका विधालय में ग्रभाशय कैंसर के लिए जागरूकता अभियान का आयोजन किया जिसमे शहर की सुविख्यात डॉ संगीता मोहन जी ने छात्राओ को गर्भाशय में होने वाले कैंसर की भप्रवहता और उससे बचाव के लिए वैक्सीन की उपयोगिता के विषय में विस्तृत जानकारी दी साथ ही बालिकाओ में होने वाली और भी बीमारियों से बचाव और इलाज की जानकारी दी ज्ञात हो कि गर्भाशय का कैंसर बहुत आम है पहले इसकी वैक्सीन विदेशों से आती थी और काफ़ी महंगी भी थी साथ ही तीन डोज़ लगाये जाते थे पर अब वैक्सीन भारत में ही बनने लगी है अन्य कहीं लगवाने पर इसकी क़ीमत लगभग 4000 आती है पर सरकार ने इसे नि शुल्क सभी सरकारी अस्पतालों और सामुदायिक केन्द्रों पर मुहैया करा दी है और अब ये टीका एक ही बार लगता है। अभी ये टीका सिर्फ़ 14 वर्ष की बच्चियो के लिए उपलब्ध है और अगर आप सबकी जागरूकता रही हो ये टीका 9 से 14 वर्ष तक की आयु के लिए नि शुल्क़ लगने लगेगा अब समाज को जागरूकता की जरूरत है हमारी सरकार इतना कुछ कर रही है तो देश का नागरिक होने के नाते हमारा कर्तव्य बनता है कि कम से कम दी हुई सुविधा का लाभ उठाने की प्रक्रिया में तो शामिल हो। संस्था अध्यक्ष नीलम गुप्य ने बताया कि संस्था शहर के सभी स्कूलों में ये जागरूकता कैम्प लगाएगी और जो बच्चिया टीकाकरण के लिए तैयार होगी उन्हें अपने वाहनो द्वारा अस्पताल या फिर केन्द्रों पर स्वम् ले जाएगी। इस अवसर पर संस्था की सचिव रेखा मोदी , डॉ संगीता मोहन, सहसचिव रश्मि गुप्ता और स्कूल की प्रधानाध्यापिका अंजू सिंह जी उपस्थित रही।

# जमानत पर रिहा अपराधी पर जम्मू कश्मीर से शस्त्र लाइसेंस बनवाने का आरोप

## शिकायतों के बाद भी पुलिस खामोश

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर /परौर -शाहजहांपुर।** परौर थाना क्षेत्र के ग्राम



मंझा दहेलिया निवासी सावेंद्र सिंह पुत्र सुरेश सिंह ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर गांव के शातिर अपराधी पर जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद जम्मू कश्मीर से शस्त्र लाइसेंस बनवाकर गांव में आतंक फैलाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि जेल से जमानत पर रिहा हुए शातिर अपराधी अजयपाल पुत्र ख्याली निवासी ग्राम मंझा दहेलिया थाना परौर ने जम्मू कश्मीर प्रांत से शस्त्र लाइसेंस बनवाकर रायफल खरीद ली है। आरोप है कि इस शातिर अपराधी के विरुद्ध अभी भी परौर थाने के अलावा बदायूं जिले के कई थानों में गंभीर धाराओं में मुकदमें दर्ज हैं। जिनमें यह वांछित चल रहा है। आरोप यह भी है कि राजनैतिक संरक्षण प्राप्त यह अपराधी रामगंगा और गंगा की कटरी में आतंक का पर्याय बने हुए हैं। क्षेत्र में भय और आतंक का वातारण बनाने के लिए सोशल मीडिया पर राइफल के साथ फोटो वायरल कर रहा है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से जम्मू कश्मीर से बने शस्त्र लाइसेंस की शिकायत की जांच करवाकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# शिक्षकों को मिला कैशलेस इलाज का तोहफा

## अब आश्रितों को भी मिलेगा योजना का लाभ



स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर
मुख्यमंत्री शिक्षा कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ बुधवार सुबह तहसील सभागार में एसडीएम जीत सिंह राय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। वाराणसी स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर से हुए प्रदेशस्तरीय शुभारंभ का सीधा प्रसारण भी कार्यक्रम में दिखाया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तिलहर ब्लॉक प्रमुख कविता यादव,जैतीपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव कश्यप खुदागंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नरेंद्र गुप्ता उर्फ लल्ला तथा व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता उर्फ रवि मौजूद रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर तहसील सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें खंड शिक्षा अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारी शामिल हुए।एसडीएम जीत सिंह राय ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार के निर्णय के तहत बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक, शिक्षामित्र, विशेष शिक्षक, अनुदेशक, सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षक, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कार्यरत वार्डन, पूर्णकालिक शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्रधानमंत्री पोषण योजना के रसोइये तथा उनके आश्रित परिवार के सदस्य मुख्यमंत्री शिक्षा कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ प्राप्त करेंगे। इसके अलावा माध्यमिक शिक्षा विभाग के कार्यरत शिक्षक एवं उनके आश्रित भी योजना के दायरे में शामिल किए गए हैं।कार्यक्रम में अधिकारियों ने योजना की पात्रता, पंजीकरण प्रक्रिया और कैशलेस उपचार की सुविधाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए शिक्षकों से योजना का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।

# कैशलेस चिकित्सा योजना में 18,806 शिक्षाकर्मियों को मिला लाभ : खन्ना

## डीबीटी के माध्यम से 26.5 करोड़ रुपये हुए हस्तांतरित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना में सम्मिलित शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की शिक्षिकाओं एवं रसोइयों के लिए योजना के शुभारंभ तथा डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, स्वेटर, बैग एवं स्टेशनरी आदि के लिए प्रति छात्र-छात्रा 1200 रुपये की धनराशि वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बुधवार को गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर के सभागार में देखा गया जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 6,542 शिक्षक, 3,782 शिक्षामित्र, 666 अनुदेशक, 7,625 रसोइया, 51 विशेष शिक्षा शिक्षक तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के 130 शिक्षक सहित कुल 18,806 कार्मिकों को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना से लाभान्वित किया गया है। उन्होंने बताया कि



डीबीटी के माध्यम से जनपद के विद्यालयों में नामांकित छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के खातों में 26.5 करोड़ रुपये की धनराशि प्रेषित की जा रही है। मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि शिक्षकों का शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के माध्यम से शिक्षकों एवं उनके परिवारों की चिकित्सा संबंधी चिंताओं में कमी आएगी तथा उन्हें इम्पैनल्ड अस्पतालों में बेहतर उपचार की सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती का उल्लेख करते हुए 12 जुलाई को आयोजित होने वाले वृक्षारोपण अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सघन वन क्षेत्र में कमी के कारण केंद्रीय करों में राज्य के हिस्से में लगभग 1100 करोड़ रुपये की कमी आई है।राज्यसभा सदस्य मिथिलेश कुमार ने कहा कि यह योजना शिक्षा विभाग से जुड़े हजारों कार्मिकों और उनके परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी।कार्यक्रम के दौरान शिक्षक सुशील गुप्ता, राजकुमार तिवारी, विनायक मिश्रा तथा मगरे लाल को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रतीकात्मक कार्ड प्रदान किए गए। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न स्वरूप हनुमान जी की प्रतिमा भेंट की गई तथा उपस्थित अतिथियों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में, ददरौल विधायक अरविंद सिंह, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह,

**वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री की अध्यक्षता में सीधा प्रसारण बुधवार को गन्ना शोध परिषद में आयोजित**


मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, परियोजना निदेशक अवधेश राम, जिला विद्यालय निरीक्षक हरवंश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता खंड शिक्षा अधिकारी विनय मिश्रा, जिला समन्वयक सोहन शुक्ला, रोहित सिंह, एसआरजी अरुण कुमार, अश्वनी कुमार अवस्थी, एआरपी उपेंद्र तिवारी, शुभम तिवारी, रजनीश बाजपेई सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चांदपुर में घर से आठ लाख की चोरी

## चोर हजारों की नगदी के साथ लाखों के जेवरात कर ले गए चोरी

**स्वतंत्र भारत खुटार (शाहजहांपुर)।** चांदपुर गांव में एक घर से चोरों ने हजारों की नगदी समेत करीब आठ लाख रुपये के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। वारदात के दूसरे दिन सुबह को पी?ित को जानकारी हो पाई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

क्षेत्र के गांव चांदपुर के रहने वाले रणदीप शुक्ला ने बताया कि मंगलवार रात को अज्ञात चोरों ने घर में दाखिल होकर कमरे में बक्से से तीन सोने की अंगूठी, पाय जेवरी, बिछुआ, चांदी के 11 सिक्का, कान सुई धागा और 20 हजार रुपये की नगदी सहित पांच से छह लाख की चोरी कर ले गए। बुधवार सुबह घटना का पता चला। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच



की। पी?ित रणदीप शुक्ला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर छानबीन करने में जुटी है। उधर ग्रामीणों का कहना है कि गांव में ही पुलिस चौकी स्थापित होने के बावजूद भी क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। चौकी पर तैनात दरोगा व सिपाही गस्त के नाम पर खाना पूर्ति कर वापस खुटार चले जाते हैं। जिससे चोरों के हौसले बुलंद है। जिससे आए दिन चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

**पुलिस ने मौका मुआयना किया, पीड़ित ने तहरीर दी गांव में पुलिस चौकी होने के बावजूद लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाएं, ग्रामीणों में रोष**

# टिकट चेकिंग कर 116 यात्रियों से वसूले 83770 रुपये

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** शाहजहाँपुर रेलवे स्टेशन पर विशेष किले वन्दी टिकट चेकिंग अभियन मुख्य टिकट निरीक्षक नरेंद्र कुमार त्यागी के नेतृत्व में चलाया गया जिसमें 40 विना टिकट यात्रियों से 10745 किराया 20000 जुर्माना सहित कुल 30715 रुपये ,अनियमित 75 यात्रियों से 15375 किराया 37500 जुर्माना सहित कुल 52775 रुपये, गन्दगी फैलाने वाले 1 यात्री से 100 रुपये सहित कुल 116 यात्रियों से 83770 रुपये बसूल किये गए चेकिंग अभियान से प्लेटफार्म टिकट की बिक्री में भी ब?ोतरी देखी गयी साथ ही स्टेशन पर अनावश्यक घूमने वालो में भी



दहशत का महोल दिखा चेकिंग अभियान में कई पुलिस कर्मी एवम दैनिक यात्री भी पक? गए मुख्य टिकट निरीक्षक नरेंद्र त्यागी ने बताया कि प्रशासन के निर्देश पर किलेवन्दी अभियान जैसे चेकिंग अभियान आगे भी चलते रहेगे 13006,13308, 14307,14235, 12470, 15715, 14229, 54349, 03212, 22454,15076, 13152, 15211आदि ट्रेनों में चले चेकिंग अभियान में मुख्य रूप से टिनाराज, हिनाकौशर, मनीष उपाध्याय, रोशनी यादव, सुनील मिश्रा, संजीव सोनी, आशुतोष कटियार, अनिल कुमार , अजयप्रताप, आयुशकुमार, आरपीएफ एव जीआरपी स्टाफ उपस्थित रहें।

# आम के दाम को लेकर विवाद, दो फल विक्रेताओं पर रिपोर्ट दर्ज

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** सरकारी अस्पताल के सामने आम खरीदने के दौरान कीमत को लेकर हुए विवाद में युवक और उसकी मां के साथ मारपीट कर दी गई। पीड़ति की तहरीर पर पुलिस ने दो अज्ञात ठेला संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।गांव रुद्रपुर निवासी शिव कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार दोपहर करीब दो बजे वह सरकारी अस्पताल के सामने लगे एक आम के ठेले पर आम खरीदने गया था। ठेला संचालक ने आम का भाव 70 रुपये प्रति किलो बताया। इस पर शिव कुमार ने 40 रुपये प्रति किलो में आम देने की बात कही इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।आरोप है कि विवाद बढ़ने पर वहां मौजूद दो ठेला संचालकों ने शिव कुमार के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।शोर सुनकर उसे बचाने पहुंची उसकी मां माया देवी के साथ भी आरोपियों ने हाथापाई कर दी, जिससे दोनों घायल हो गए।घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों को बचाया और डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पीआरवी और थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन तब तक दोनों आरोपी ठेला संचालक गाली-गलौज करते हुए मौके से फरार हो चुके थे।सीओ इशिका सिंह ने बताया कि पीड़ति की तहरीर के आधार पर दो अज्ञात ठेला संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# पति के दोस्त ने घर में घुसकर महिला से किया दुष्कर्म का प्रयास

## विरोध करने पर दुपट्टे से दबाया गला, करंट भी लगाया

**स्वतंत्र भारत ददरौल शाहजहांपुर।** थाना आरसी मिशन क्षेत्र के एक मोहल्ले में घर में अकेली महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने और जान से मारने की नीयत से गला दबाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी कोई और नहीं, बल्कि महिला के पति का दोस्त है, जिसने हैवानियत की सारी हदें पार करते हुए महिला को होश में लाने के लिए करंट भी लगाया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और गंभीर हालत में महिला को उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। महिला ने पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके पति सऊदी अरब गए हुए हैं और वह घर पर अकेली थी। सात जुलाई की सुबह करीब 3֊30 बजे उसके पति का दोस्त गुलजार कुरैशी, निवासी केरुगंज, थाना चौक कोतवाली, घर आया और दरवाजा खटखटाने लगा। महिला ने जैसे ही दरवाजा खोला, आरोपी जबरदस्ती घर के अंदर घुस आया और बदनियत से उसे दबोच लिया। आरोप है कि गुलजार ने महिला के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। जब महिला ने अपनी अस्मत बचाने के लिए पूरी ताकत से विरोध किया, तो आरोपी ने उसके ही दुपट्टे से उसकी गर्दन दबा दी। दम घुटने के कारण महिला मौके पर ही बेहोश हो गई। हैवानियत का आलम यह था कि आरोपी ने महिला को होश में लाने के लिए उसे बिजली का करंट भी लगाया। इस दौरान घर के अंदर मचे शोर-शराबे और चीख-पुकार को सुनकर आस-पास के मोहल्ले वाले मौके पर जुटने लगे। भीड़ को अपनी तरफ आता देख आरोपी गुलजार कुरैशी महिला को जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर तत्काल 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंची और अचेत व घायल अवस्था में महिला को राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

महिला के साथ जबरदस्ती करने करंट लगाकर मारने के प्रयास के आरोपी गुलजार कुरैशी के परिजनों ने भी महिला पर आरोपी को विषैला पदार्थ पिलाने का आरोप लगाया है।

जहां महिला राजकीय जिला चिकित्सालय में भर्ती है वहीं आरोपी गुलजार कुरैशी बरेली के निजी अस्पताल में इलाज करा रहा है आरोपी की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। प्रभारी निरीक्षक थाना रामचंद्र मिशन धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया महिला की ओर से मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपी गुलजार कुरैशी की ओर से कोई तहरीर नहीं आई है जांच की जा रही है मामला संदिग्ध प्रतीत होता है उपचार के बाद ही पूछताछ कर कार्रवाई की जाएगी।

*सीओ सिटी देवव्रत वाजपेयी ने बताया कि पीड़ति महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी गुलजार कुरैशी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। महिला का मेडिकल कॉलेज में उपचार कराया जा रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।*

# एसडीएम के आश्वासन पर समाप्त हुआ भाकियू का धरना

**स्वतंत्र भारत पुवायां शाहजहांपुर।** विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी गुट) ने डाक बंगला परिसर में धरना दिया। करीब तीन घंटे तक चले धरने के बाद एसडीएम के आश्वासन पर किसानों ने आंदोलन समाप्त कर दिया। जिलाध्यक्ष भारत सिंह यादव ने कहा कि संगठन ने पहले भी जिलाधिकारी और एसडीएम को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया था, लेकिन अब तक उनका समाधान नहीं हुआ। उन्होंने आवारा पशुओं को पकड़वाने, किसान हरपाल सिंह की भूमि से जुड़े न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित कराने तथा गांव पीरू निवासी बंधा लाल के खेत तक जाने वाले चकरोड को



कब्जामुक्त कराने सहित अन्य मांगें उठाईं। धरने की सूचना पर एसडीएम सदानंद सरोज और सीओ प्रवीण मलिक मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसान नेताओं के साथ वार्ता की। एसडीएम ने दो दिन के भीतर टीम गठित कर सभी मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद किसान यूनियन ने धरना समाप्त करने की घोषणा कर दी। धरने में तहसील अध्यक्ष संजय मिश्रा, सोनवीर सिंह, रंजीत सिंह समेत संगठन के कई पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।

# जनपद में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

## किसान उर्वरक खरीद के लिए फार्मर आईडी एवं खतौनी लेकर जाये आवश्यकतानुसार क्रय करें

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर ।** सहायक अयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता डा0 गणेश गुप्ता ने बताया कि सहकारिता विभाग द्वारा खरीफ अभियान 2026-27 में 01 अप्रैल 2026 से लेकर अब तक कुल 24662 मै0टन यूरिया का वितरण सहकारी समितियों के माध्यम से कृषकों को किया गया है। गतवर्ष इसी अवधि में 21623 मै0टन का वितरण हुआ है। जो गतवर्ष से 3000 मै0टन अधिक है। स्पष्ट है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष खरीफ अभियान में यूरिया का वितरण 15 प्रतिशत अधिक हुआ है। सभी सहकारी समितियों पर यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। आज दिनांक को सहकारी समितियों एवं उर्वरक विक्री केन्द्रों पर लगभग 4500 मै0टन यूरिया का स्टाक उपलब्ध है जिसका वितरण नियमानुसार कृषकों को लगातार किया जा रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में बफर गोदाम पी0सी0एफ0 में 6200 मै0टन यूरिया उपलब्ध है, जिसका जिलाधिकारी से आवंटन कराते हुए सहकारी समितियों को प्रेषित किया जा रहा है। आज दिनांक 08.07.2026 को एनएफएल, इन्डोरमा और मैट्रिक्स प्रा0 लि0 की लगभग 1025 मै0टन यूरिया रैक जनपद में प्राप्त हो रहा है जिसका प्रेषण सीधे सहकारी समितियों को किया जा रहा है। इसी प्रकार से फास्फेटिक डीएपी एवं एनपीके का सहकारी समितियों को लगभग 4500 मै0 टन का प्रेषण किया गया है जिसका नियमानुसार वितरण कराया जा रहा है, जो गतवर्ष के लगभग बराबर है। वर्तमान समय में जनपद के सहकारिता विभाग के सहकारी समितियों एवं पीसीएफ बफर गोदाम में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है,। उर्वरक खरीद के लिए सहकारी समिति पर अपना फार्मर आईडी एवं खतौनी लेकर जाये तथा उर्वरक निर्धारित मानक एवं आवश्यकतानुसार ही क्रय करें। जनपद में यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है साथ ही लगातार उर्वरक की रैक भी प्राप्त हो रही है। साथ ही अवगत कराना है कि उरर्वक वितरण में पारदर्शिता के लिए सभी सहकारी समितियों पर क्यूआर कोड उपलब्ध करा दिया गया है सभी किसान उर्वरक क्रय मूल्य का भुगतान डिजीटल प्लेटफार्म पर भी कर सकते है।


# कार्यालय जिला पंचायत शाहजहांपुर

पृ0सं0-सी-559/जि0पं0-सावन मेला/2026-27 दिनांक- 7/7/26

## अति अल्पकालिक निविदा सूचना

जिला पंचायत के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि सावन मास में कावरियों/श्रद्धालुओं के लिए श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि ढाईघाट गंगा जी के तट पर सावन मेला वर्ष 2026-27 का आयोजन दिनांक 30/07/2026 से दिनांक 28/08/2026 तक किया जायेगा। सावन मास में कावरियों/श्रद्धालुओं की विभिन्न व्यवस्थाओ हेतु जिला निधि के अंतर्गत निविदाये दिनांक 23/07/2026 को दोपहर 2.00 बजे निविदा आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन को सायं 4 बजे कार्यालय जिला पंचायत शाहजहांपुर में निविदा समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। उपरोक्तानुसार पंजीकृत इच्छुक ठेकेदार (जिनका पंजीकरण श्रम कार्यालय शाहजहांपुर में है) दिनांक 23/07/2026 को समय दोपहर 12 बजे तक निर्धारित निविदा शुल्क जमाकर टेंडर फार्म क्रय कर सकते है। इच्छुक ठेकेदार को कार्य के सम्मुख अंकित दो प्रतिशत धरोहर धनराशि (एन एस सी/टीडीआर/एफडीआर) निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत शाहजहांपुर के नाम बंधक होगी। निविदाये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष जिला पंचायत शाहजहांपुर को होगा। अन्य शर्तें कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम (मेला स्थल पर) | अनु0 लागत | धरोहर धनराशि | निविदा फार्म शुल्क | कार्य पूर्णाविधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि ढाईघाट गंगा जी के तट पर सावन मास में कावरियों के आवागमन हेतु कच्चे मार्ग निर्माण, बैरीकेटिंग, पेयजल, लाइट, स्टीमर वोट, रैन बसेरा, गोताखोर, टेंट, कुर्सी आदि की व्यस्वस्था । | 330000 | 6600 | 710 | एक सप्ताह |

अभियंता

अपर मुख्य अधिकारी

जिला पंचायत शाहजहांपुर


# सपा ने कमलेश यादव के निधन पर जताया शोक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** पार्टी कार्यालय पर सपा पुवायां विधानसभा अध्यक्ष डॉ जितेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेश यादव की शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान शामिल हुए। जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक मिर्जापुर के ग्राम ?तुलूपुर निवासी समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दिल का दौरा पढ़ने से आकस्मिक निधन हो जाने को लेकर उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए व परिवार वालों को इस गहरे दुख को सहन करने के लिए पार्टी के सभी लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सभा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल,सपा नेता जितेंद्र प्रसाद गौतम, सपा जिला उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद मिश्रा, सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव शफीकुर रहमान,राजकुमार शर्मा जी (नगर अध्यक्ष, पुवायां), ब्रह्मानंद मिश्रा रामकुमार यादव (जिला सचिव), पी. एल. गौतम (नगर उपाध्यक्ष), शिवकुमार दीक्षित,बादाम सिंह यादव (जिला सचिव), मंजीत सिंह (प्रदेश सचिव), आशिफ अली (ब्लॉक अध्यक्ष, पुवायां), जयपाल सिंह यादव जी, शशि प्रकाश यादव,राज यादव (विधानसभा उपाध्यक्ष), उमेश यादव (विधानसभा उपाध्यक्ष), मितेंद्र सिंह यादव (विधानसभा महासचिव), राहुल यादव (जिला उपाध्यक्ष), सुनील कुमार सागर (विधानसभा अध्यक्ष, लोहिया वाहिनी), गौरव यादव (महासचिव, छात्र सभा), समर्थ यादव जी (विधानसभा अध्यक्ष, समाजवादी छात्र सभा), आजम खान (ब्लॉक अध्यक्ष, छात्र सभा, बंडा), इलयास अंसारी जी (जिला सचिव, छात्र सभा), सलमान हसन (जिला सचिव), रवि यादव, संजय पासवान, मानवेंद्र सिंह, (संस्थापक), सचिन निगम (क्रश्र.ष्ठ.स्न.), मंजू यादव (जिला महासचिव), मनीष राज (विधानसभा अध्यक्ष), पंकज पासवान,वीरेंद्र सिंह यादव,अंकेश यादव (ब्लॉक अध्यक्ष, पुवायां), मोहित पटेल, पीयूष मिश्रा (जिला उपाध्यक्ष, छात्र सभा), आदेश कुमार,इस्लामुद्दीन, निज़ामुद्दीन, नौशाद खान , प्रवीण पटेल,राहुल राजपूत,पिंकू राज , संतोष वर्मा, शिवम पटेल , देवेश पासी, गोलू वर्मा,गोविंद पासी, देवेश राठौर , आविद अली , राहुल , विवेक , संजीव , मंदिर, ब्रह्मा सिंह, गुलशन यादव , रमेश यादव, राजीव यादव,विशाल श्रीवास्तव, अभिषेक यादव , संजीव यादव, विवेक कुमार सागर, अरुण कुमार जाट, सलीम, राहुल जाट, दल सिंह जाटव, दीप सिंह यादव , अभिनव यादव, कल्याण सिंह यादव, फराज इदरीसी, आरिफ खान, आदि मौजूद रहे।

# सत्याग्रह एक्सप्रेस हुई 5 घंटे लेट

**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** 15273 रक्सौल से चलकर आनंद विहार जाने वाली सत्याग्रह एक्सप्रेस जिसका रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर रात्रि 1֊00 बजे आने का समय है यह ट्रेन बुधवार सुबह 6֊00 बजे आई इस ट्रेन पर जाने वाले यात्री काफी परेशान रहे कई बार स्टेशन मास्टर कार्यालय जाकर पूछ सही जानकारी न मिलने पर सट्टा करें सत्याग्रह एक्सप्रेस से जाने वाले यात्री पूरी रात जागते रहे और सुबह 6֊00 बजे ट्रेन आने पर अपनी यात्रा प्रारंभ की यहां बताते चलें नेट पर भी सही जानकारी नहीं मिल रही थी जिस कारण यात्री बार-बार स्टेशन मास्टर कार्यालय जाकर ट्रेन की जानकारी कर रहे थे।

# डीएम ने 26.33 करोड़ की लागत से बन रहे अत्याधुनिक स्पोर्ट्स स्टेडियम का किया निरीक्षण

## 19 जुलाई को प्रस्तावित लोकार्पण की तैयारियां तेज करने के निर्देश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहाँपुर।** जनपद के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगभग ?26.3276 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन अत्याधुनिक स्पोर्ट्स स्टेडियम का बुधवार को जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को सभी कार्य निर्धारित



समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी एस.पी. बामनिया, उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड के एपीएम श्री श्याम, यूपी सिडको के सहायक अभियंता परवेज आलम, जूनियर इंजीनियर अग्रसेन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने बैडमिंटन हॉल, कबड्डी हॉल तथा 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निरीक्षण किया। उन्होंने शेष निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने आगामी 19 जुलाई को वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा प्रस्तावित लोकार्पण एवं उद्घाटन कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# अब गुनारा में पकड़ी गई नकली सौफ

## पकड़ी गई 40 कुंतल सौंफ की अनुमानित लागत 2.80 लाख , 8.5 कि0ग्रा0 सिंथेटिक पावडर भी सील

**स्वतंत्र भारत जलालाबाद शाहजहांपुर।** जनपद नकली खाद्य सामग्री बनकर बेचने वाले माफियाओं की कमी नहीं है कुछ दिन पूर्व नकली बेसन और दाल का जखीरा मिला था। बुधवार को खाद्य विभाग की टीम ने घटिया सौंफ में सिंथेटिक रंग मिलाये जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 के नेतृत्व में तहसील व पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा गुनारा, स्थित होरीलाल के प्रतिष्ठान पर छापामार कार्यवाही की गयी। कार्यवाही के दौरान परिसर में घटिया सौंफ में सिन्थेटिक कलर मिलाया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान 02 सौंफ के नमूने एवं 01 नमूना सिंथेटिक कलर का नियमानुसार संग्रहित कर खाद्य प्रयोगशाला को भेजी गई। प्रतिष्ठान में भण्डारित 40



कुन्तल सौंफ अनुमानित मूल्य रू0 2.80 लाख /- व 8.5 कि0ग्रा0 सिंथेटिक कलर को सीज किया गया तथा बिना खाद्य लाइसेन्स प्राप्त किये सौंफ निर्माण करने पर प्रतिष्ठान को अग्रिम आदेश तक बन्द करवा दिया गया। के0वी0 फूड, जलालाबाद से 01 जीरा का नमूना, खुदागंज शाहजहांपुर से 01 लाल मिर्च पाउडर का नमूना नियमानुसार संग्रहित कर जॉच हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया।समस्त कार्यवाही विनीत कुमार, सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2, शाहजहांपुर के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, शाहजहांपुर की टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सुभाष तिवारी व अजीत सिंह, मनोज कुमार, सौरभ सोनी, मानवेन्द्र कुमार, विनय यादव व विवेक कुमार वर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में भतीजे की मौत, चाचा की हालत गंभीर

## चचेरे भाई की शादी में शिरकत कर वापस लौट रहे थे घर

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** शादी समारोह से वापस घर आ रहे मोटरसाइकिल सवार चाचा-भतीजे को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी जिससे भतीजे की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई वहीं चाचा सहित दो लोगों को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर किया गया है सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को 108 एंबुलेंस से सीएचसी जलालाबाद में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दियाथाना क्षेत्र अल्हागंज के गांव सुगसुगी स्थित तिवारी ढाबा के पास प्रातः 6ः00 बजे मोटरसाइकिल व पिकअप की आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें मोटरसाइकिल चला रहे कलान थाना क्षेत्र के गांव सनाय निवासी रामकुमार (25) पुत्र सत्यपाल व उनके चाचा गोविंद पुत्र रामनाथ व तीसरे जयवीर पुत्र मैकू लाल गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची अल्हागंज पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया बुजुर्ग जलालाबाद में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने



रामकुमार को मृत घोषित कर दिया वहीं मृतक के चाचा गोविंद व रिश्ते के दूसरे चाचा जयवीर को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया है मृतक के पिता सतपाल ने बताया कि मंगलवार की शाम जिला हरदोई के गांव देशराजपुर गांव से चाचा के लड़के की बारात गई थी आज तड़के 5ः00 बजे मृतक रामकुमार अपने चाचा को लेकर मोटरसाइकिल से गांव के लिए रवाना हो गया अल्हागंज के पास रास्ते में हादसा हो गया घटना की सूचना मिलते ही शादी के घर में मातम पसर गया मृतक तीन भाइयों में बीच का था बड़ा भाई रामब्रज व छोटा भाई सत्येंद्र है मृतक की पत्नी माधुरी का रो-रोकर बुरा हाल है बताया गया की 6 साल पहले शादी हुई थी इस बीच उसे एक बेटी पैदा हुई जो मर चुकी है

एसओ अल्हागंज ओम प्रकाश ने बताया कि सड़क हादसे में घायल 3 में एक की मौत हो गई व दो को जिला अस्पताल भेजा गया है पिक अप को कब्जे में ले लिया है चालक फरार है शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# प्रेमी से बात करने पर भड़क गए परिजन

## सरेआम खींचता हुआ चचेरा भाई महिला को लाया तहसील, वीडियो वायरल

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** पति को छोड़कर प्रेमी के साथ रहने की जिद पर उतारू विवाहिता की करतूत को लेकर महिला का चचेरा भाई भड़क गया और महिला के दोनों हाथ पक?कर थाने की तरफ खींच कर ले जाने लगा लेकिन महिला तहसील की तरफ जाना चाहती थी क्योंकि उसने किसी वकील से बात कर रखी थी वह प्रेमी के साथ रहने के लिए कानूनी सलाह लेने आई थी इसी दौरान किसी ने महिला को खींचते हुए का वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया बुधबार को वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है हालांकि स्वतंत्र भारत वायरल किसी भी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है

बतादें कि जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव में रहने वाली विवाहित घर से करीब दो सप्ताह पहले अचानक कहीं चली गई थी बाद में परिजनों को प्रेमी के साथ जाने की जानकारी प्राप्त हुई थी बीते सोमवार को महिला तहसील में किसी वकील से कानूनी रूप से पति को छोड़कर प्रेमी के साथ रहने के लिए कानूनी राय लेने आई थी इसी दौरान किसी ने उसका वीडियो बनाया था महिला के तहसील आने की जानकारी ससुराल व मायके पक्ष के लोगों को हो गई ताबड़तोड़ वह लोग भी तहसील में धमके और महिला को समझाने बुझाने की कोशिश चलती रही लेकिन वह लगातार अपने प्रेमी से बात कर रही थी और उसी के साथ रहने की जिद पर अड़ी थी जिस पर मायके वालों ने हंगामा खड़ा कर दिया और महिला को खींचकर ले जाने का प्रयास किया जिसका आज वीडियो वायरल हो रहा है इस मामले में पुलिस से पूछने पर उसने बताया कि अभी तक उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है तहरीर मिलने के बाद कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का किया प्रयास

## घर वाले अस्पताल लेकर पहुंचे, जिला चिकित्सालय रेफर

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** घरेलू कलह के चलते महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया लेकिन परिजनों ने उसे मौके पर देख लिया महिला फंदा लगाकर लटक गई थी तत्काल लोगों ने उसे गोद में ले लिया जिससे उसकी जान बच गई आनन फानन घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया बुजुर्ग में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है डॉक्टर अनुराग शर्मा से पूछने पर उन्होंने बताया कि महिला के गले पर रस्सी के निशान थे महिला बातचीत नहीं कर पा रही थी और उसकी सांस भी उलझ रही थी थाना क्षेत्र अल्हागंज की ग्राम पंचायत कटियुली के मजरा सनईया निवासी रामवीर की 30 वर्षीय पत्नी दिन्नी ने घर में कमरे में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की वह गले में फंदा डालकर जैसे ही कूदी घर वालों ने उसे किसी तरह देख लिया और दौड़कर गोद में ले लिया लेकिन महिला को काफी चोट लगी महिला की सांस चल रही थी घर वाले गाड़ी में डालकर जलालाबाद के अस्पताल नगरिया लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया लेकिन हालात नियंत्रित न होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है बताते हैं कि किसी बात को लेकर पति-पत्नी में कहा सुनी हो गई थी जिससे महिला नाराज थी नाराजगी के चलते उसने यह कदम उठाया था अस्पताल लेकर आए पति ने घटना की जानकारी दी।

# घरेलू कलह के चलते युवक ने लगाई फांसी

**स्वतंत्र भारत सेहरामऊ दक्षिणी।** थाना क्षेत्र के गांव भरगवाँ निवासी सोनू पुत्र रामनरेश वर्मा उम्र 30 वर्ष ने घरेलू कलह् के चलते बुधवार को सुबह 11ः00 बजे साजिद के गन्ने के खेत में खड़े आम के पेड़ से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया मृतक तीन बच्चों का पिता था पत्नी अनीता का रो रो कर बुरा हाल है

# वीडियो बनाने से मना किया तो दबंगों ने महिलाओं को पीटा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मानूजई की रहने वाली महिला ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके मामा



का बेटा फैज मानसिक तौर पर बीमार है। 02 जुलाई को सुबह करीब 10 बजे मोहल्ले के ही लोग उसकी वीडियो बनाकर उसे छेड़ने लगे,विरोध करने पर फैज को गालियां देकर पीटा,इसी दौरान बीच में आयीं उसकी बहन को भी गालियां दी। अगले दिन 03 जुलाई की रात करीब 11 बजे कई लोगों ने घर के बाहर हमला बोल दिया,महिलाओं तक को नहीं बख्शा,जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुई है। शहर कोतवाली पुलिस ने साक्ष्य मिलने के बाद भी उचित धाराओं में केस दर्ज नहीं किया है और पुलिस पर तहरीर बदलवाने का भी आरोप लगाया है। वहीं शहर कोतवाली पुलिस ने 05 जुलाई को तालिब, सुबहान, रहमान, ?ासिम, सलमान, ?रमान, कामरान, उवैस,अयान, नोमान, शाहदाब के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# कैशलेस चिकित्सा योजना का लाइव प्रसारण हुआ



**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना व एसबीआई के साथ एमओयू साइन करने के कार्यक्रम का तहसील सभागार में लाइव प्रसारण किया गया खंड शिक्षा अधिकारी जलालाबाद शाहीन अंसारी व खंड शिक्षा अधिकारी मदनापुर नीरज शुक्ला के निर्देशन में तहसील सभागार जलालाबाद में मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना तथा एसबीआई एमओयू साइन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण तहसील सभागार जलालाबाद में किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला महामंत्री अनिल गुप्ता, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विनोद अग्निहोत्री, एसबीआई के शाखा प्रबंधक दुर्गेश यादव, फील्ड ऑफिसर प्रवीण यादव, फील्ड ऑफिसर सूरज प्रताप सिंह सहित देवेंद्र शिक्षक शिक्षिकाएं अनुदेशक शिक्षा मित्र तथा रसोईया गण उपस्थित रहे।

# मानसून की पहली बरसात नहीं झेल सका शहर

## नाला नाली,सड़कें हुईं लवालव, घंटो लगी जाम, आटो, रिक्शा, स्कूटी पानी में फंसकर हुईं बंद







**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** महानगर में बुधवार को करीब दोपहर से मिनट तक हुई तेज बारिश और आंधी-तूफान ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। सड़कें तालाब बन गई, कई इलाकों में जलभराव हो गया और तेज बहाव में दोपहिया वाहन तक बहने लगे। स्थानीय लोगों ने बहुत मुश्किल से वाहनों को सुरक्षित बाहर निकाला।

90 मिनट तक हुई तेज हवाओं और आंधी तूफान के साथ हुई तेज बारिश ने हाहाकार मचा दिया। तेज बारिश के कारण सड़के तालाब में तब्दील हो गई।

तेज बारिश से राष्ट्रीय राजमार्ग, सर्विस रोड, मंडी रोड और शहर की कई कॉलोनियां जलमग्न हो गईं। कई स्थानों पर दुकानों में पानी घुस गया, जबकि कॉलोनी की एक गली में पानी का बहाव इतना तेज था कि खड़ी दोपहिया गाड़ियां बहने लगीं। इस दौरान स्थानीय लोगों ने दौड़कर वाहनों को संभाला।

बारिश के बाद हाईवे और रोड पर जलभराव को लेकर लोगों ने नाराजगी जताई थी। बारिश ने उन दावों की हकीकत सामने ला दी। हाईवे और सर्विस रोड पर फिर पानी भर गया, जिससे वाहन चालकों को धीमी गति से गुजरना पड़ा और लंबे समय तक यातायात प्रभावित रहा।

तिलहर। बुधवार शाम करीब आधे घंटे हुई तेज बारिश ने नगर पालिका

**नगर निगम सहित कई सरकारी, गैर सरकारी भवन बने टापू**



की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। मुख्य सड़कें और कई मोहल्लों की गलियां जलमग्न हो गईं। जलभराव के कारण कई घरों और दुकानों में गंदा पानी घुस गया, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।बारिश के दौरान नगर के प्रमुख मार्गों पर पानी भर जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कत हुई। वहीं निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के घरों में पानी घुसने से घरेलू सामान भी प्रभावित हुआ। कई दुकानों में पानी भर जाने से व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा और काफी देर तक पानी निकालने में मशक्कत करनी पड़ी।नगरवासियों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका की ओर से नालों की सफाई केवल कागजों में दिखाई जाती है। यदि समय रहते नालों की प्रभावी सफाई कराई गई होती तो थोड़ी देर की बारिश में इस तरह जलभराव की स्थिति पैदा नहीं होती। लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के मौसम में यही समस्या सामने आती है,लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते।बारिश के बाद नगर में जलभराव और नाला सफाई को लेकर लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से नालों की नियमित और प्रभावी सफाई कराने तथा जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है,ताकि आगामी बारिश में नागरिकों को ऐसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

### गांव में आवागमन हुआ अबरूद्ध

हर घर जल मिशन के अंतर्गत गांव में डाली गयी पाइप लाइन के स्थान पर मिट्टी का दाबव अच्छा नहीं किया गया इसलिए जहां जहां नालियां खोदी गई थीं, वह बरसात होते ही बैठ गयीं जिससे गांव की हर गली खाईं युक्त हो गयी जिससे लोगों का आवागमन बंद हो गया कई लोग इससे घायल भी हुए लगभग एक साल से चल रहा यह कार्यक्रम अब भी गांव वालों के लिए मुसीबत बना हुआ है जल तो आया नहीं, जीवन भी फंस गया, प्रधानों ने कई बार जल निगम को लिखकर भी दिया कि रास्ते सुधारे जायें लेकिन कोई फक नहीं पडा जहां जहां रास्ते सुधारे गये थे वहां पर दोबारा खुदाई कर लीकेज सही गयी गई इसलिए फिर जस की तस स्थिति बन गयी।

# फसलों को होगा खूब फायदा

शाहजहांपुर। खरीफ की फसल के लिए बरसात का इंतजार था। गन्ना और धान की फसलें प्रभावित हो रहीं थीं, भीषण गर्मी से जहां गन्ने बढवार रूक गयी थी तो वहीं धान की रोपाई का कार्य भी धीमा हो गया था। झमाझम वारिश का इंतजार था और इस बरसात का इंतजार किसान बेसब्री से कर रहे थे, मंगलवार से मानसून ने पूरी तरह दस्तक दी और बुधवार शाम तक झमाझम वारिश हुई सिजने ताल खेत एक कर दिए। इस बरसात से जहां पेड पौधे लहलहाने लगे तो वहीं गन्ने की फसल भी हिचकोले खाने लगी। धान की रोपाई के कार्य ने तेजी पकड ली। कुछ क्षेत्र ऐसे थे जहां पानी की व्यवस्था नहीं हो पा रही थी इसलिए किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे थे अब बरसात होने से जहां किसानों को पानी का पैसा बचेगा तो वहीं धान की रोपाई भी बेहतर हो जायेगी। धान की रोपाई के साथ ही मूंगफल, बाजरा, ज्वार, तिलहर की बुवाई भी शुरू हो जायेगी और अब समस्या किसानों के सामने यूरिया खाद की आ रही है क्योंकि बरसात होने के बाद किसानों को फसलों के लिए खाद की जरूरत है। धान, गन्ने के लिए यूरिया का प्रयोग ज्यादा किया जाता है क्योंकि यह गन्ने की बवार को अधिक लाभकारी साबित होता है।

# युवक की पिटाई

**स्वतंत्र भारत ददरौल शाहजहांपुर।** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव में मामूली विवाद में युवक को मोहल्ले के ही निवासी चार युवकों ने जमकर पीट दिया जिसके चलते युवक गंभीर घायल हो गया । पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। गांव निवासी नेहाल सात जुलाई को घर के बाहर खड़ा था। इतने में ही मोहल्ले के ही कुछ युवक गाली-गलौज करने लगे। नेहाल ने विरोध किया तो लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पत्नी नाजमी और भाई निराले ने बमुश्किल बचाया। थाना पुलिस ने अजीम, मौसीम, तावीस और फैसल निवासी मिश्रीपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ



स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर-खीरी।** जिले में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना एवं डीबीटी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को उत्साहपूर्वक हुआ। जिला मुख्यालय स्थित रॉयल पैराडाइज में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, डीएम अंजनी कुमार सिंह और सीडीओ अभिषेक कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संयोजन बीएसए प्रवीण तिवारी ने किया। सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा वाराणसी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर 20 शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। स्कूल चलो अभियान में उत्कृष्ट नामांकन के लिए सरोज कुमार, मार्कण्डेय सिंह, इकबाल अहमद, जगदंबा प्रसाद मिश्रा और अश्वनी तिवारी को सम्मानित किया गया। राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि योजना से शिक्षकों और उनके आश्रितों को पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिलेगी। अरविंद गुप्ता और अंजनी कुमार सिंह ने इसे शिक्षकों की सामाजिक सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। जिले के 21,258 शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, रसोइयों और अन्य पात्र कार्मिकों को योजना का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में डाइट प्राचार्य डॉ. सीमा शुक्ला, डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक, शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोइये, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। शिक्षकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## लाखों की हुई चोरी

स्वतंत्र भारत

बेहजम-खीरी। फरधान थाना क्षेत्र के ग्राम गूंगेपुर में 7 जुलाई की रात अज्ञात चोरों ने एक घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित जयकरन लाल पुत्र सतनू के अनुसार, चोर देर रात घर में घुसकर एक एलईडी टीवी, करीब 10 हजार रुपये नकद, हेलमेट, आधार कार्ड, वाहन के दस्तावेज, पर्स सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। सुबह जागने पर घटना की जानकारी हुई। काफी तलाश के बाद भी सामान नहीं मिला तो पीड़ित ने फरधान थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की है। मामले में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नगर पालिका जनसुनवाई में 15 शिकायतें

स्वतंत्र भारत



**लखीमपुर-खीरी।** नगर पालिका परिषद में प्रत्येक बुधवार आयोजित जनसुनवाई के दौरान अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने नगरवासियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में स्ट्रीट लाइट, पेयजल पाइपलाइन लीकेज, नाली सफाई, सड़क मरम्मत समेत विभिन्न समस्याओं से जुड़ी 15 शिकायतें प्राप्त हुईं। अध्यक्ष ने सभी मामलों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से निर्देशों का समयबद्ध पालन कराने पर भी जोर दिया। डॉ. इरा श्रीवास्तव ने नगरवासियों से अपील की कि वे सोशल मीडिया या मोबाइल के बजाय प्रत्येक बुधवार सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समस्याओं का प्रभावी और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## ग्रामीणों ने खराब हैंडपंप की मरम्मत की मांग उठाई

स्वतंत्र भारत

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** ग्राम पंचायत वजीर नगर के अलीगंज रोड स्थित प्राचीन लालदास बाबा स्थान के पास लगा सरकारी हैंडपंप कई महीनों से खराब पड़ा है। इससे श्रद्धालुओं, राहगीरों और स्थानीय लोगों को पेयजल के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सावन, कांवड़ यात्रा और भूतनाथ मेले से पहले हैंडपंप की मरम्मत जरूरी है। बाबा श्रीराम, सोनेलाल, जगदीश प्रसाद, महेश प्रसाद और सर्वेश कुमार सहित ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ग्राम प्रधान अशोक कुमार ने बताया कि खराब हैंडपंप की सूचना संबंधित विभाग को भेज दी गई है और इसे कार्ययोजना में शामिल किया गया है। वहीं ग्राम पंचायत सचिव ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं तथा लगभग एक सप्ताह के भीतर हैंडपंप चालू कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं और राहगीरों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके

## सीएलएफ में 4 करोड़ की अनियमितता का आरोप

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर-खीरी।** निघासन स्थित आदर्श प्रेरणा संकुल स्तरीय संघ बेलरायां में कथित 4 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताओं और वर्षों से लंबित चुनाव की मांग को लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने डीएम कार्यालय पर करीब तीन घंटे धरना दिया। महिलाओं ने डीएम अंजनी कुमार सिंह को शिकायती पत्र और साक्ष्य सौंपते हुए आरोप लगाया कि सीएलएफ में वित्तीय गड़बड़ी कर धन का दुरुपयोग किया गया। उनका कहना था कि सभी साक्ष्य डीसी एनआरएलएम जितेंद्र कुमार मिश्र को दिए जा चुके हैं और ब्लॉक स्तरीय जांच में आरोपों की पुष्टि भी हुई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। महिलाओं ने आरोप लगाया कि 2016 से एक ही पदाधिकारी संघ पर काबिज हैं। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने पर बीएमएम आशीष दीक्षित को हटा दिया गया, जिससे चुनाव रुक गए। मामले की गंभीरता देखते हुए डीएम ने डीसी एनआरएलएम को तलब कर जांच रिपोर्ट के बावजूद कार्रवाई न होने और बीएमएम को हटाने पर फटकार लगाई तथा दोषी पदाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। बाद में महिलाएं विकास भवन स्थित डीसी कार्यालय पहुंचीं और चुनाव की तिथि घोषित करने, बीएमएम का स्थानांतरण रोकने तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। डीसी जितेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि 60 क्लस्टरों में दो वर्ष से अधिक समय से कार्यरत पदाधिकारियों वाले खातों को सीज कर बदलाव की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## करंट लगने से युवक की मौत, परिवार में कोहराम


**स्वतंत्र भारत, मितौली-खीरी।** थाना क्षेत्र के उमरापुर गांव में फर्राटा पंखा मोड़ते समय करंट लगने से मोहित (32) पुत्र सालिक राम की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मोहित मंगलवार रात घर में पंखा मोड़ रहे थे, तभी अचानक पंखे में करंट उतर आया और वह उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन उन्हें तत्काल स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मितौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

## सेना में भर्ती के लिए किया प्रेरित

**स्वतंत्र भारत, पलियाकलां-खीरी।** 39वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी मिर्चीया ने अपने कार्यक्षेत्र के ग्राम रानी नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में एसएसबी के जवानों ने विद्यार्थियों को भारतीय सेना, सशस्त्र सीमा बल तथा अन्य अर्द्धसैनिक बलों में रोजगार के अवसर, भर्ती प्रक्रिया, शैक्षिक योग्यता, शारीरिक दक्षता और चयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को नियमित अध्ययन, शारीरिक व्यायाम, अनुशासित जीवनशैली और आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। बल के कार्मिकों ने बताया कि वर्तमान समय में महिलाओं की भागीदारी देश की सुरक्षा और राष्ट्र निर्माण में लगातार बढ़ रही है तथा युवतियों के लिए सुरक्षा बलों में बेहतर करियर के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने छात्राओं से शिक्षा के साथ शारीरिक फिटनेस पर विशेष ध्यान देने और दृढ़ संकल्प के साथ अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया।

## नागरिकों ने की नाला पैमाइश की मांग

**खीरी टाउन-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** कस्बा खीरी में चल रहे नाला निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय नागरिकों ने निर्माण की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर सवाल उठाए हैं। लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत प्रशासन निर्धारित पैमाइश और स्वीकृत रेखांकन के अनुरूप कार्य कराने के बजाय एक स्थान पर सड़क की ओर नाले की चौड़ाई बढ़ा रहा है। उनका कहना है कि पूरे मार्ग पर नाला एक समान चौड़ाई में बनाया गया है, लेकिन केवल इसी हिस्से में अतिरिक्त खुदाई किए जाने से संदेह की स्थिति पैदा हो रही है। नागरिकों का कहना है कि संबंधित सड़क पहले से ही संकरी है और अतिक्रमण के कारण अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है। ऐसे में नाले की चौड़ाई बढ़ने से सड़क और संकरी हो जाएगी, जिससे राहगीरों व वाहनों को परेशानी होगी। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि राजस्व विभाग और संबंधित तकनीकी अधिकारियों की मौजूदगी में स्थल की दोबारा पैमाइश कराई जाए तथा यह स्पष्ट किया जाए कि निर्माण कार्य स्वीकृत योजना के अनुसार हो रहा है या नहीं। यदि अनियमितता मिले तो तत्काल सुधार कराया जाए।



## शैलेश्वरी धाम में होंगे धार्मिक अनुष्ठान

**पलियाकलां-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** आगामी 8 से 14 अगस्त 2026 तक श्रीपीठाधीश्वर श्रीकुलाचार्य महाराजश्री गोविन्द माधव नेपाल राष्ट्र के सुदूर पश्चिम क्षेत्र स्थित चंदनगिरि, जिला डोटी के प्रसिद्ध पौराणिक शैलेश्वरी धाम में प्रवास करेंगे। इस दौरान आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रमों में शतचंडी पाठ, रुद्री पाठ, श्री शिव रुद्राभिषेक, मंत्रजप तथा प्रतिदिन भंडारा प्रसाद का आयोजन होगा। श्रद्धालु इन धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आध्यात्मिक स्कूल सेवा संस्थान ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान किया है। संस्थान के अनुसार, मां भगवती शैलेश्वरी त्रिपुर सुंदरी राजराजेश्वरी की कृपा प्राप्त करने का यह विशेष अवसर है। विगत वर्षों की तरह इस बार भी भारत और नेपाल से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए अनुष्ठानों, भंडारे, आवास, आवागमन और प्रवास सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। संस्थान ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में सहभागिता कर आध्यात्मिक लाभ अर्जित करने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।



## हाईटेंशन तार टूटने से महिला की मौत

**बिजुआ-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** भीरा थाना क्षेत्र के बरमबाबा के पास बुधवार सुबह 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन का तार टूटकर गन्ने के खेत में गिरने से बड़ा हादसा हो गया। चूरा टांडा निवासी पिंकी देवी पत्नी सूरज पाल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सिसैया टांडा निवासी सुदामा देवी पत्नी रामऔतार गंभीर रूप से झुलस गईं। दोनों महिलाएं खेत में घास काट रही थीं। सूचना पर भाजपा नेता विमल सिंह ने घायल को अपने वाहन से बिजुआ सीएचसी पहुंचाया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष अमित पांडेय और चौकी प्रभारी सुशील तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गोला क्षेत्राधिकारी महक शर्मा ने पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता और आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया। नायब तहसीलदार अखिलेश श्रीवास्तव ने राजस्व आख्या तैयार कर कार्रवाई की बात कही। अवर अभियंता रवि शंकर कुमार ने बताया कि इंसुलेटर क्षतिग्रस्त होने से तार टूटकर गिरा। ग्रामीणों ने जर्जर बिजली लाइनों की जांच, मृतका के परिजनों को मुआवजा और घायल महिला के निशुल्क उपचार की मांग की है।



## किसानों को मिल रही खाद

**निघासन-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** खरीफ सीजन में यूरिया की मांग बढ़ते ही सिंगाही रोड स्थित ओम फर्टिलाइजर्स, निघासन पर किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दुकान पर सुबह से ही पुरुष और महिला किसान खाद लेने पहुंच रहे हैं। पिछले वर्ष धान की फसल के समय पूरे क्षेत्र में यूरिया को लेकर हाहाकार मचा था। लेकिन ओम फर्टिलाइजर्स ने लगातार खाद की आपूर्ति जारी रखी थी। दुकान के मालिक मनोज शुक्ला ने कहा, किसान को समय पर, बिना परेशानी और उचित दर पर खाद मिले, यही हमारी प्राथमिकता है।

## स्कॉर्पियो ने लोडर ई-रिक्शा में मारी टक्कर



स्वतंत्र भारत

**पलियाकलां-खीरी।** पलिया-भीरा मार्ग पर साईं मंदिर के पास मंगलवार दोपहर डायल-112 की स्कॉर्पियो ने वाणी हीरो एजेंसी के लोडर ई-रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन लोडर का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भीरा की ओर से आ रहा लोडर साईं मंदिर के पास पहुंचा था, तभी पीछे से आई डायल-112 की स्कॉर्पियो उससे टकरा गई। घटना की सूचना पर वाहन स्वामी और व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए। व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता भी घटनास्थल पर मौजूद रहे। हादसे के कारणों को लेकर पुलिसकर्मियों और व्यापार मंडल पदाधिकारियों के बीच काफी देर तक तीखी बहस हुई, जिससे कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोप लगाया कि डायल-112 चालक ने सुरक्षित दूरी नहीं रखी, जबकि पुलिसकर्मी लोडर चालक को जिम्मेदार ठहराने का प्रयास कर रहे थे। बड़ी संख्या में राहगीर भी मौके पर जुट गए। लोगों ने कहा कि पुलिस सहित सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। फिलहाल दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है।

## महाविद्यालय में हुआ वृहद वृक्षारोपण

स्वतंत्र भारत

**पलियाकलां-खीरी।** वन महोत्सव के तहत श्री गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पलिया विधायक रोमी साहनी ने आम का पौधा रोपित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और छात्र-छात्राओं से अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता ने अमरूद का पौधा लगाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सूर्यप्रकाश शुक्ल ने वृक्षों को मानव जीवन का आधार बताते हुए प्रत्येक छात्र से हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में डॉ. वसीम खान, विश्राम राना, आकर्ष विश्वकर्मा और अजय कुमार यादव ने भी पौधारोपण किया। वन विभाग की ओर से उप क्षेत्रीय वन अधिकारी सूरज सिंह बिष्ट, वन दरोगा राकेश कुमार, वन रक्षक भूपेंद्र सिंह एवं सोनू भारती ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर सेकेंड बटालियन पीएसी बाढ़ राहत दल सीतापुर के अजमत जलील खान, टीसी संजय कुमार, नन्दू भैया, धोखेराम और परविन्दर राना सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## त्रैमासिक न्यूज़ लेटर का किया लोकार्पण

स्वतंत्र भारत

**मितौली-खीरी।** विकास खंड मितौली के त्रैमासिक न्यूज़ लेटर का लोकार्पण बुधवार को रोजी-रोटी कार्यालय, रतहरा में आयोजित समारोह में उपजिलाधिकारी मधुसूदन गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का आयोजन हेलो बिटिया मंच एवं एम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। शुरुआत में आयोजकों ने एसडीएम मधुसूदन गुप्ता का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया, जिसके बाद उन्होंने न्यूज़ लेटर का औपचारिक विमोचन किया। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए जागरूकता, शिक्षा और जनसहभागिता आवश्यक है। उन्होंने महिला सशक्तीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और जनहित से जुड़े विषयों को प्रमुखता देने वाले ऐसे प्रकाशनों की सराहना करते हुए कहा कि इससे लोगों तक उपयोगी जानकारी पहुंचेगी और विकास कार्यों में जनभागीदारी बढ़ेगी। कार्यक्रम के दौरान हेलो बिटिया मंच और एम ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने संस्था द्वारा संचालित महिला एवं बालिका सशक्तीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास से जुड़े कार्यों की जानकारी साझा की। उपस्थित लोगों ने न्यूज़ लेटर को जनजागरूकता का प्रभावी माध्यम बताया। समारोह में संस्था के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक तथा क्षेत्र के अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।



## मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के कार्ड वितरित

स्वतंत्र भारत

**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी से शुरू किए गए मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना, डीबीटी वितरण, स्वच्छ एवं हरित विद्यालय पुरस्कार तथा एसबीआई के साथ एमओयू कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई, उपजिलाधिकारी चलुव राजु आर, खंड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह, संजीव कुमार, एसबीआई शाखा प्रबंधक सय्यद अहमद फ़राज़ तथा आलोक कुमार गुप्ता मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने विकासखंड मोहम्मदी और पसगवां के शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों व रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए। लाभार्थियों में आशीष कुमार मिश्र, अनुराग श्रीवास्तव, देवेन्द्र प्रताप सिंह, संजय कुमार कटियार, विभव अवस्थी, निरंजन सिंह, योगेश कुमार वर्मा, मनोज कुमार, सुरेंद्र कुमार तिवारी, राजीव कुमार, अर्शी सुल्ताना, कर्म सिंह, अनुपम त्यागी, महिमा देवी, अखिलेश कुमार, मनोरमा देवी, जिया हैदर जैदी, विनय कुमार वर्मा, संजय सिंह, विश्वास कुमार सिंह, सुदयभान यादव, पूर्ति अग्रवाल, विवेक कुमार शर्मा, अर्चना सैनी, अजयपाल और ज्योत्सना मिश्रा शामिल रहे। संचालन अभिषेक मिश्र ने किया।

## जंगली जानवर ने किया बछिया का शिकार

स्वतंत्र भारत


**बिजुआ-खीरी।** भीरा वन रेंज की पल्हनापुर चौकी क्षेत्र में मंगलवार रात एक अज्ञात हिंसक वन्यजीव के हमले से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। पल्हनापुर निवासी रामरतन के घर से सटी पशुशाला में बंधी बछिया को जंगली जानवर उठाकर पास के गन्ने के खेत में ले गया। रात में मवेशियों के शोर और जानवर की आवाज सुनकर परिजन जागे, लेकिन तब तक हमलावर बछिया को घसीटकर खेत की ओर ले जा चुका था। अंधेरा और गन्ने की घनी फसल के कारण रात में तलाश के बावजूद कोई सफलता नहीं मिली। बुधवार सुबह ग्रामीणों और वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से सर्च अभियान चलाया। काफी खोजबीन के बाद गन्ने के खेत में बछिया के अवशेष बरामद हुए। अवशेषों और घटनास्थल की स्थिति देखकर आशंका जताई जा रही है कि किसी बड़े हिंसक वन्यजीव ने हमला कर शिकार किया है। वन विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण कर पगचिह्न और अन्य साक्ष्य जुटाए तथा हमलावर की पहचान की प्रक्रिया शुरू की। समाचार लिखे जाने तक वन्यजीव की पुष्टि नहीं हो सकी थी।



## डीबीटी कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

स्वतंत्र भारत

**मितौली-खीरी।** ब्लाक सभागार में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना एवं डीबीटी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय परिषद सदस्य, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर, भारतीय स्टेट बैंक मितौली शाखा प्रबंधक राहुल तथा खंड शिक्षा अधिकारी भगवान राव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों को सैलरी अकाउंट, डिजिटल कैशलेस सुविधा, शून्य बैलेंस खाता, बीमा सुविधा तथा डिजिटल प्रमाणपत्र उपलब्ध कराए गए। मुख्य अतिथि जुगल किशोर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शिक्षकों को पांच लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा, छात्रों के लिए डीबीटी के माध्यम से ड्रेस, जूते-मोजे हेतु सहायता तथा शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के कई कदम उठाए गए हैं। इस अवसर पर सुधीर कुमार वर्मा, आदित्य नारायण अवस्थी, दीप कमल, आशीष अवस्थी, संजय सिंह, परमानंद यादव, कुलदीप यादव, मनोज कुमार, मुनेश कुमार, राजेश पटेल, शिवराम राठौर, अवधेश पाल, सलीम अहमद, दिनेश कुमार, मनीष मिश्रा, सुशील शुक्ला, महेश कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।



## संक्षिप्त समाचार

### विद्यालय को मिला फर्नीचर व खेल सामग्री

**मैलानी-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** ऑपरेशन कायाकल्प अभियान के तहत एडीएम (वित्त एवं राजस्व) नरेंद्र बहादुर सिंह ने प्राथमिक विद्यालय मैलानी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराई गई मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। नगर पंचायत मैलानी अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी के साथ विद्यालय को नगर पंचायत की ओर से फर्नीचर, बेंच तथा इंडोर और आउटडोर खेल सामग्री उपलब्ध कराई गई। एडीएम ने कहा कि बेहतर आधारभूत सुविधाओं से बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण और आकर्षक शिक्षण वातावरण तैयार करना शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग और रखरखाव के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम ने छायादार, फलदार और औषधीय पौधों का रोपण भी किया। बाद में उन्होंने नगर पंचायत मैलानी में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ समयबद्ध निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।




### अंगारों पर हुआ मातम

**मोहम्मदी-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** नगर स्थित इमामबाड़े में मोहर्रम के अवसर पर मजलिस का आयोजन हुआ। इसमें बरेली से आए मौलाना अरशद अली जैदी ने खिताब करते हुए पैगंबर-ए-इस्लाम और इमाम हुसैन की कुर्बानी पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके बाद अलम का जुलूस निकाला गया। जुलूस के उपरांत अंजुमन हुसैनिया के सदस्यों ने दहकते अंगारों पर चलकर आग का मातम किया तथा गर्म जंजीरों का मातम भी किया। बुजुर्ग, नौजवान और बच्चों ने 'या अली' और 'या हुसैन' की सदाओं के बीच अलम लेकर अंगारों पर चलकर अपनी अकीदत पेश की। बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष और युवा कार्यक्रम में मौजूद रहे। अंजुमन हुसैनिया ने नौहाख्वानी और जोरदार मातम किया। देर रात कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन मेराज हुसैन दिल्ली की ओर से किया गया। कार्यक्रम में बाहर से आए बड़ी संख्या में मेहमान शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा।

### नीम करौली बाबा की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**बरवर-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** नगर पंचायत बरवर स्थित देवस्थान मंदिर परिसर में बुधवार को श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ नीम करौली बाबा की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई। वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के बीच आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन श्रीदेवी स्थान जीर्णोद्धार प्रबंध समिति द्वारा किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित प्रेम बाबू शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। इस अवसर पर भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालु भक्तिरस में डूबे रहे। बाद में प्रसाद का वितरण किया गया। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं की आवाजाही लगी रही। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



### मुशायरा में शायरों ने पेश किया कलाम

**खीरी टाउन (स्वतंत्र भारत)।** बज़्म फ़रोग़े अदब की ओर से आयोजित 24वें मासिक तरही मुशायरे के तहत इस माह हज़रत इमाम हुसैन की शान में मनक़बती मुशायरा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैयद सलमान अहमद रिज़वी ने की। शुरुआत हाफिज मुस्तफा रज़ा ने कुरआन पाक की तिलावत से की, जबकि मो. सिकंदर, मो. हस्सान और वाहिद अहमद वाहिदी ने नात पेश की। अध्यक्षीय संबोधन में सैयद सलमान अहमद रिज़वी ने कर्बला की कुर्बानी पर प्रकाश डाला। मुशायरे में डॉ. एहराज अरमान, आमिर रज़ा, डॉ. एखलाक, नफीस वारसी, मंसूर महवार, नसीम सीतापुरी, उमर हनीफ़ कुरैशी, सैफुल इस्लाम, अय्यूब अंसार, हसन अंसारी और इब्बन खा ने इमाम हुसैन की शान में अपना कलाम पेश किया। देर रात सलातो-सलाम के साथ मुशायरा संपन्न हुआ।

### विवाद में सात नामजद

**मोहम्मदी-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरैंया में बच्चों के विवाद के बाद मारपीट और महिला से अभद्रता के मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर सात नामजद व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घटना 1 जून की बताई गई है।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## नापाक हथकंडे

आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान की जहां पूरी दुनिया में थू-थू हो रही है और भारत से भी वह ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से माकूल जवाब पा चुका है, वहीं आपराधिक, अनैतिक और आतंकी कार्रवाइयों के लिए भारत में अपना नेटवर्क मजबूत करने और यहां अराजकता फैलाने की मुहिम को ताकत देने में वह लगातार व्यस्त है। उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने एक बार फिर भारतीय, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, पंजाब और राजस्थान जैसी जगहों के युवकों का ब्रेनवॉश कर उन्हें इस्तेमाल करने का अभियान चला रखा है। इनको वह सभी तरह की सहूलियतें और साज-सामान तो मुहैया करा ही रहा है, अब इन्हें उत्तेजित करने के लिए हथियार और नशीले पदार्थों की खेपें भी भेजी जा रही हैं। इसके लिए रियल-टाइम वीडियो फीड भेजने की क्षमता से युक्त अत्याधुनिक ड्रोन इस्तेमाल किए जा रहे हैं। इससे इनके तस्कर भारतीय सुरक्षाबलों की गतिविधियों पर नजर रखने में मदद हासिल करते हैं। इन ड्रोन की दिशा और ऊंचाई को इस तरह नियंत्रित किया जाता है कि उनकी पहचान करना मुश्किल हो जाए। ये ड्रोन सैटेलाइट तकनीक से लैस हैं जिससे वे भारतीय सीमा में काफी अंदर तक घुस सकते हैं और उन्हें रोक पाना भी कठिन हो जाता है। यह तकनीक आम तस्करों के पास उपलब्ध नहीं होती। एक रिपोर्ट के अनुसार, सैटेलाइट-सक्षम ड्रोन का इस्तेमाल इस बात का संकेत है कि पाक का सरकारी तंत्र या सुरक्षा प्रतिष्ठान तस्करों को तकनीकी मदद मुहैया करा रहा है। मकसद एक ही है कि भारत में अधिकतम सीमा तक हथियारों और नशे के कारोबार को फैलाकर यहां के ज्यादा से ज्यादा नौजवानों को खोखला किया जाए तथा उपद्रव-अशांति फैलाने के लिए उन्हें इस्तेमाल किया जाए। आगे चलकर इनको ही आंतकवाद की मुख्य धारा में शामिल कर लिया जाएगा। पाक के इस नापाक इरादों की गूंज उस अमेरिका तक में भी है जो ऐन मौके पर उसकी पीठ पर हाथ रखता है। वहां के एक सांसद ने तो एक इंटरव्यू में अल कायदा सरगना ओसामा बिन लादेन को पनाह देने में पाकिस्तान की भूमिका का भी जिक्र किया है। उनका कहना है कि यह नहीं भूलना चाहिए कि पाकिस्तान ने लादेन को करीब एक दशक तक छिपा कर रखा था। यानी कारनामे पूरी दुनिया में उजागर हैं लेकिन टेढ़ी दुम टेढ़ी ही बनी हुई है। भारत तो इन जलील हरकतों का सामना कर ही रहा है और इनका पुरजोर जवाब भी दे रहा है लेकिन दुनिया के अन्य देशों को भी इस बेशर्मी की असलियत को पहचान कर उसी के मुताबिक पाक के साथ व्यवहार करना चाहिए। भूलना नहीं चाहिए कि पाकिस्तान आतंकवाद का निर्यातक भी है। आज नहीं तो कल बाकी देश भी इसके निशाने पर आएंगे।

## बीमारियों के दिन

मौसम में बदलाव होता है तो इसमें तमाम अनिश्चितताएं पैदा हो जाती हैं। जैसे कभी बारिश, कभी तेज धूप, कभी जबरदस्त उमस लोगों को बेहाल किए रहती है। यहां तक तो ठीक है। किसी न किसी ढंग से ये बदलाव सहन कर लिए जाते हैं। लेकिन दिक्कत तब बढ़ जाती है जब जब इसके लगातार बदलते तेवर सीधे स्वास्थ्य को निशाना बनाने लगते हैं। चूंकि इस बार भीषण गर्मी है, बारिश अभी भी अनिश्चित है तो ज्यादा नमी के कारण उमस कहर बन कर आई है। नतीजा यह है कि वायरल बुखार के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं और बच्चों में डायरिया-उल्टी-दस्त की समस्या भी बढ़ी है। वायरल बुखार इस मामले में खतरनाक होता है कि इसे सामान्य बुखार समझकर लोग आमतौर पर नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि बदलते मौसम में वायरल को लेकर कोई ढिलाई नहीं बरतनी चाहिए। दूसरी बात यह कि वायरल बुखार संक्रमण से भी होता है। तब जरूरी यह है कि बुखार या संक्रमण के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह ली जाए। इस बुखार को लेकर बच्चों और बुजुर्गों का ज्यादा ही ध्यान रखना जरूरी है। मौसम में बदलाव के फलस्वरूप जहां वायरल का खतरा बढ़ा है, वहीं त्वचा रोग तथा पेट को लेकर भी समस्याएं बढ़ी हैं। चिकित्सकों की सलाह है कि ऐसी अनिश्चितता के समय साफ-सफाई, पर्याप्त पानी पीने, सादा-सुपाच्य भोजन लेने और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सावधानी बरती जाए तो जोखिम भरी बीमारियों से काफी कुछ बचाव हो सकता है। यह इसलिए भी जरूरी है कि आजकल तेज बुखार, शरीर और जोड़ों में दर्द, गले में खराश, सिरदर्द, खांसी, मांसपेशियों में दर्द और त्वचा पर हल्के धब्बे जैसी समस्याएं आती हैं लेकिन सामान्य दिनों के मुकाबले इस समय ये ज्यादा खतरनाक होती हैं। बेहतर यह है कि इनसे जुड़ी छोटी से छोटी दिक्कत होने पर भी डॉक्टर की सलाह ली जाए। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अस्पतालों को भी अपने यहां सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखनी चाहिए।

## काँव-काँव

♦♦♦

**चंपत ने चुप्पी तोड़ी, कहा बैंक व अनिल मिश्रा जिम्मेदार**
महासचिव की जिम्मेदारी लेकर आप धृतराष्ट्र क्यों बने रहे!

**धर्म धन की भाजपा की राजनीति का अब अंत : अखिलेश यादव**
अब आप धर्म धन रक्षा की राजनीति शुरू कर दीजिए।

**मौखिक साक्ष्य बिना विभागीय दंड नहीं : हाईकोर्ट**
फिर तो मुंह बंद करवाने का हुनर खूब परवान चढ़ेगा।

**जनसहभागिता से मनाएंगे हरियाली का उत्सव**
सरकार के संरक्षण में वन कटान के मातम में भी जनसहभागिता की जुरुरत।

**एसटीएफ कर्मियों की हत्या करने वाले ठोकिया गैंग के डकैत की रिहाई नहीं**
डकैत की जान बच गई, ठोक दिए जाने का खतरा टला।

**सोशल मीडिया का मंच भारतीय कानून से ऊपर नहीं**
भारतीय कानून के महत्व की ऐसी जानकारी जो सोशल मीडिया जन-जन तक पहुंचा रहा है।

♦♦♦

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वास्थ्य

**– डॉ. मयंक भारद्वाज**

वर्ष की शुरुआत में नयी दिल्ली में आयोजित 'एआइ इंपैक्ट समिट' ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) की अभूतपूर्व संभावनाओं को रेखांकित किया. उस सम्मेलन में पुणे के एक हेल्थ-टेक स्टार्टअप द्वारा विकसित एआइ सक्षम उपकरण विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जो सर्वाइकल कैंसर की सस्ती और सुलभ प्रारंभिक जांच को संभव बनाता है. वहीं, 'वाइसा एआइ' ने यह प्रदर्शित किया कि एआइ आधारित चैटबॉट भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता भी प्रभावी ढंग से प्रदान कर सकते हैं. असल में, एआइ जटिल चिकित्सीय आंकड़ों का विश्लेषण कर चिकित्सा सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाते हैं।

एआइ प्रणाली इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड, एक्स-रे, सीटी स्कैन, एमआरआइ जैसी छवियों, प्रयोगशाला रिपोर्टों और जीनोमिक आंकड़ों का तीव्र एवं सटीक विश्लेषण कर सकती है. इससे रोगों की समय पर पहचान, उपचार योजना और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है. भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था एआइ के व्यापक उपयोग के लिए अत्यंत अनुकूल है. यद्यपि, देश में डॉक्टर-जनसंख्या अनुपात लगभग 1:811 है, जो डब्ल्यूएचओ के 1:1000 के मानक से बेहतर है, फिर भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में भारी क्षेत्रीय असमानता है. साथ ही, गैर-संक्रामक रोगों का बढ़ता बोझ, वृद्ध होती आबादी तथा स्वास्थ्य सेवाओं की लगातार बढ़ती लागत देश के सामने गंभीर चुनौतियां हैं।


ऐसे में तकनीक आधारित 'इंटेलिजेंट सॉल्यूशंस' हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था को अधिक सक्षम और प्रभावी बना सकते हैं. अस्पतालों तक सीमित न रहकर एआइ अब रोग निगरानी, महामारी की पूर्व चेतावनी, टीकाकरण की योजना, संसाधनों के बेहतर आवंटन तथा आपातकालीन प्रबंधन के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को भी अधिक सशक्त बना रही है. जब एआइ को टेलीमेडिसिन के साथ जोड़ा जाता है, तब इसके लाभ और व्यापक हो जाते हैं. भारत की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में रहती है, जबकि विशेषज्ञ चिकित्सक और उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं मुख्यतः शहरी क्षेत्रों तक सीमित हैं. एआइ संचालित टेलीमेडिसिन दूरस्थ परामर्श, सटीक निदान व रोगियों की निरंतर निगरानी संभव बनाकर इस भौगोलिक दूरी को कम कर रही है. सरकार की विभिन्न पहलें भी, जैसे 'इ-संजीवनी' टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म', 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' आदि एक समेकित डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रही हैं। एआइ की परिवर्तनकारी क्षमता का प्रभाव स्तन कैंसर की जांच के क्षेत्र में देखने को मिलता है. भारत में महिलाओं में स्तन कैंसर सबसे अधिक पाया जाने वाला कैंसर है, किंतु पारंपरिक मैमोग्राफी की अधिक लागत, सीमित उपलब्धता तथा ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी कम पहुंच के कारण प्रारंभिक जांच अब भी बड़ी चुनौती है. इन समस्याओं के समाधान के लिए बेंगलुरु स्थित हेल्थ-टेक स्टार्टअप 'निरामई' ने 'थर्मलाइटिक्स' नामक एआइ आधारित स्तन कैंसर जांच प्रणाली विकसित की है, जो शुरुआती अवस्था में ही शारीरिक




असामान्यताओं की पहचान कर सकती है. यह तकनीक पूरी तरह गैर-आक्रामक (नॉन-इंसिव), विकिरण मुक्त और बिना किसी शारीरिक संपर्क के जांच करने वाली है. इसके पोर्टेबल स्वरूप के कारण इसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, मोबाइल स्वास्थ्य शिविरों और दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में आसानी से ले जाया जा सकता है. हालांकि, एआइ की इस क्षमता के साथ कई नैतिक और व्यावहारिक चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। एआइ प्रणाली संवेदनशील रोगी आंकड़ों पर निर्भर करती है, जिससे गोपनीयता, साइबर सुरक्षा और अनधिकृत पहुंच जैसी गंभीर चिंताएं उत्पन्न होती हैं. यदि एआइ मॉडल पक्षपातपूर्ण या अपूर्ण आंकड़ों पर प्रशिक्षित हों, तो वे गलत या भेदभावपूर्ण परिणाम दे सकते हैं. इसके अतिरिक्त, अधिकतर एआइ मॉडल की आंतरिक निर्णय प्रक्रिया को समझना चिकित्सकों के लिए भी कठिन होता है. इससे एआइ आधारित चिकित्सा निर्णयों पर विश्वसनीयता का संकट खड़ा हो सकता है. सर्वाधिक महत्वपूर्ण यह है कि एआइ कभी भी मानवीय संवेदनशीलता, नैतिक विवेक और उस चिकित्सीय अनुभव का स्थान नहीं ले सकता, जो रोगी केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं की आत्मा है। भारत के अनेक अस्पतालों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, अभी भी गुणवत्तापूर्ण डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड, इंटरनेट सुविधा और आवश्यक तकनीकी बुनियादी ढांचे का अभाव है. एआइ प्रणाली को लागू करने की उच्च लागत, प्रशिक्षित मानव संसाधन की कमी तथा व्यापक कानूनी व नियामक ढांचे का न होना भी इसके विस्तार में बड़ी बाधाएं हैं. निःसंदेह, एआइ स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक तेज, सटीक और प्रभावी बनाकर चिकित्सा क्षेत्र में एक नये युग की शुरुआत कर रहा है. किंतु इसे चिकित्सकों के विकल्प के रूप में नहीं, बल्कि उनके एक सशक्त सहयोगी के रूप में देखा जाना चाहिए. स्वास्थ्य सेवाओं का भविष्य तकनीक और मानवीय विशेषज्ञता के संतुलित समन्वय में ही सुरक्षित है. इसके लिए मजबूत डाटा संरक्षण कानून, पारदर्शी एल्गोरिदम, प्रभावी नियामक व्यवस्था और नैतिक शासन की सख्त जरूरत है।

वर्ष की शुरुआत में नयी दिल्ली में आयोजित 'एआइ इंपैक्ट समिट' ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) की अभूतपूर्व संभावनाओं को रेखांकित किया. उस सम्मेलन में पुणे के एक हेल्थ-टेक स्टार्टअप द्वारा विकसित एआइ सक्षम उपकरण विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जो सर्वाइकल कैंसर की सस्ती और सुलभ प्रारंभिक जांच को संभव बनाता है. वहीं, 'वाइसा एआइ' ने यह प्रदर्शित किया कि एआइ आधारित चैटबॉट भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता भी प्रभावी ढंग से प्रदान कर सकते हैं. असल में, एआइ जटिल चिकित्सीय आंकड़ों का विश्लेषण कर चिकित्सा सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाते हैं।

## ।। यथार्थ गीता ।।



**स्वामी अड़गड़ानंद**

### अथ त्रयोदशोऽध्याय:

**(गतांक से आगे**

उन्होंने बताया कि साधना के पूर्तिकाल में परमतत्त्व परमात्मा का प्रत्यक्ष दर्शन ही ज्ञान है। ज्ञान का अर्थ है साक्षात्कार। इसके अतिरिक्त जो कुछ भी है, अज्ञान है। जानने योग्य वस्तु है परात्पर ब्रह्म। वह न सत् है, न असत्- इन दोनों से परे है। उसे जानने के लिये लोग हृदय में ध्यान करते हैं, बाहर मूर्ति रखकर नहीं। बहुत से लोग सांख्य-माध्यम से ध्यान करते हैं, तो शेष निष्काम कर्मयोग, समर्पण के साथ उसकी प्राप्ति के लिये उसी निर्धारित कर्म आराधना का आचरण करते हैं। जो उसकी विधि नहीं जानते. वे तत्त्वस्थित महापुरुष के द्वारा सुनकर आचरण करते हैं। वे भी परमकल्याण को प्राप्त हो जाते हैं। अतः कुछ भी समझ में न आये तो उसके ज्ञाता महापुरुष का सत्संग आवश्यक है।

स्थितप्रज्ञ महापुरुष के लक्षण बताते हुए योगेश्वर श्रीकृष्ण ने कहा कि- जैसे आकाश सर्वत्र सम रहता हुआ भी निर्लेप है, जैसे सूर्य सर्वत्र प्रकाश करते हुए भी निर्लेप है, ठीक इसी प्रकार स्थितप्रज्ञ पुरुष, सर्वत्र सम ईश्वर को जैसा है वैसा ही देखने की क्षमतावाला पुरुष क्षेत्र से अथवा प्रकृति से सर्वथा निर्लेप है। अन्त में उन्होंने निर्णय दिया कि क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ की जानकारी ज्ञानरूपी नेत्रों द्वारा ही सम्भव है। ज्ञान, जैसा कि पीछे बताया गया, उस परमात्मा के प्रत्यक्ष दर्शन के साथ मिलनेवाली जानकारी है। शास्त्रों को बहुत रटकर दुहराना ज्ञान नहीं बल्कि अध्ययन तथा महापुरुष से उस कर्म को समझकर, उस कर्म पर चलकर मनसहित इन्द्रियों के निरोध और उस निरोध के भी विलयकाल में परमतत्त्व को देखने के साथ जो अनुभूति होती है, उसी अनुभूति का नाम ज्ञान है। क्रिया आवश्यक है। इस अध्याय में मुख्यतः क्षेत्रज्ञ का विस्तार से वर्णन किया गया। वस्तुतः क्षेत्र का स्वरूप व्यापक है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**दूरागतं पथि श्रान्तं वैवश्येन गृहमागतम्।**
**अनर्चयित्वा यो भुङ्क्ते स स वै चाण्डाल उच्यते।।**

दूर से आये हुए परिचित अथवा अपरिचित व्यक्ति को, रास्ता चलते से थके-मांदे व्यक्ति को तथा विवशता के कारण आश्रय की इच्छा से घर में आये व्यक्ति को बिना खिलाये-पिलाये, तो स्वयं खा-पी लेता है, उसे चाण्डल कहते हैं।

♦♦♦

# पेट्रोल में एथनाल : आखिर ये माजरा क्या है?



**–निर्मल रानी**

भारत में इन दिनों पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनाल का मिश्रण किये जाने यानी ई 20 पेट्रोल के इस्तेमाल से होने वाले नुक़सान को लेकर बहस छिड़ गयी है। इसके प्रयोग से देश भर से वाहनों के इंजन ख़राब होने की ख़बरें मीडिया में आने लगी हैं। ई20 उपभोक्ता अब न केवल इसकी शिकायतें करने लगे हैं बल्कि जगह जगह इसे लेकर धरना प्रदर्शन भी होने लगे हैं। गत दिनों तो दिल्ली के जंतर मंतर पर भी ई 20 मिश्रित पेट्रोल के विरोध में प्रदर्शन किया गया।और इससे वाहनों को होने वाले नुकसान को लेकर सरकार को अवगत कराया गया। भारत में हो रहे इसके विरोध व इसके इस्तेमाल से आ रही परेशानियों व वाहनों को हो रहे कथित नुक़सान की ख़बरों के बीच पड़ोसी देश भूटान ने भी भारतीय तेल कंपनियों से एथनाल मिश्रित ई 20 पेट्रोल वहां न भेजने व केवल पूर्व में भेजा जा रहा केवल शुद्ध एक्सपी 100 जैसे पेट्रोल की आपूर्ति करने को कहा है। भूटान द्वारा इसका कारण यह बताया गया है कि पेट्रोल पंपों पर भण्डारण के पुराने भूमिगत फ़्यूल टैंक में ई 20 पेट्रोल के भण्डारण की वजह से पानी के रिसाव का जोखिम है जिससे एथनाल मिश्रित ईंधन ख़राब हो सकता है। क्योंकि इथेनॉल की प्रवृति नमी को आकर्षित करने वाली होती है और वातावरण से नमी लेने पर ईंधन की गुणवत्ता घट सकती है और इंजन में अनेक प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा पहाड़ी इलाक़े में स्टोरेज और सप्लाई श्रृंखला को आधुनिक करना भी आवश्यक होगा, जिसमें तत्काल परिवर्तन करना जोखिमपूर्ण माना गया। भूटान द्वारा अपनी आपत्ति में पहाड़ी रास्तों में वाहन के परफ़ार्मेंस पर भी फ़र्क पड़ने का संदेह व्यक्त किया गया है। भारत में भी देश भर से गाड़ियों के ख़राब होने,गाड़ियों की पेट्रोल टंकी के गलने व ज़ंग लगने, माइलेज कम होने व इंजन के ख़राब होने तक की शिकायतें आने लगी हैं। और उधर इसी ई 20 पेट्रोल की आपूर्ति व खपत की आड़ में शुद्ध पेट्रोल यानी एक्सपी100 का मूल्य 167 रूपये प्रति लीटर तक हो गया है। एथनाल के उपयोग से केवल गाड़ियां ही ख़राब नहीं हो रही हैं बल्कि इसके उत्पादन में भी पानी का भी बेतहशा दुरूपयोग किया जा रहा है जिससे भविष्य में यह जलसंकट का कारण भी बन सकता है। ग़ौरतलब है कि एथनॉल का उत्पादन चावल ,मक्का और गन्ना आदि की फ़सलों से होता है। और इन सभी फ़सलों की पैदावार में बेतहाशा पानी का इस्तेमाल होता है। इसके बाद जब इसी फ़सल से एथनॉल बनाया जाता है तो इसमें और भी ज़्यादा पानी ख़र्च होता है। मिसाल के तौर पर चावल से 1 लीटर एथनॉल बनाने में लगभग 10790 लीटर पानी ख़र्च होता है जबकि मक्का से 1 लीटर एथनॉल बनाने में क़रीब 4670 लीटर पानी की खपत होती है इसी तरह गन्ने से मात्र 1 लीटर एथनाल बनाने में तक़रीबन 3630 लीटर पानी लगता है। गोया पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण की नीति देश के जल बचाने के अभियान के ठीक विरुद्ध जलसंकट खड़ा करने में भी सहायक हो सकती है। ज़रा सोचिये कि जब श्व20 पेट्रोल की आपूर्ति में जल का इतना इस्तेमाल होता है तो यदि भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की इच्छानुसार पेट्रोल में 85 प्रतिशत मिश्रण कर ई 85 की आपूर्ति की योजना पर अमल किया गया तो भारत जैसे उस देश में पानी के अकाल को कैसे टाला जा सकेगा जहां के कई इलाक़ों में पहले ही पीने का पानी लोगों को मयस्सर नहीं है ? हालांकि अब ख़बर यह भी आ रही है कि भारी विरोध के बीच केंद्र सरकार अब ई25 पेट्रोल को लागू करने की योजना को फिलहाल टाल सकती है। सरकारी सूत्रों के अनुसार सरकार अब इस ई25 बदलाव को जल्दबाज़ी में लागू करने के बजाय चरणबद्ध तरीक़े से आगे बढ़ाने पर विचार कर रही है।

देश में पेट्रोल में एथनाल के मिश्रण को लेकर कुछ ज़िम्मेदार लोगों के विरोधाभासी बयान भी सुनाई दे रहे हैं। इसकी वजह से आम लोगों में एथनाल के मिश्रण के प्रति अविश्वास व भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। मिसाल के तौर पर टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कंट्री हेड और एग्ज़ीक्युटिव वाईस प्रेसिडेंट विक्रम गुलाटी ने अपने एक इंटरव्यू में पहले तो यह स्वीकार किया था कि ई 20 पेट्रोल के इस्तेमाल से 'बेशक फ़्यूल एफ़िशिएंसी में कुछ कमी आती है।' परन्तु बाद में उन्होंने ही प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसे परफ़ॉर्मेंस के मामले में 'बेहतरीन ईंधन' भी बता डाला। इसी तरह भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के बायोफ़्यूलस के एक्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर अनुराग सरावगी ने भी स्वीकार किया था कि एथनॉल मिश्रित पेट्रोल का इस्तेमाल करने से गाड़ियों की माइलेज में 30 प्रतिशत तक कमी आ सकती है। इतना ही नहीं बल्कि भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने गत 30 जून को सर्वोच्च न्यायलय में एक सुनवाई के दौरान अदालत को यह भी बताया कि ई-20 पेट्रोल का इस्तेमाल फ़िलहाल एक प्रयोग के तौर पर किया जा रहा है। इस बात के सार्वजनिक होने के बाद तो लोगों में और भी आक्रोश फैल गया कि आख़िर प्रयोग के तौर पर उन्हें 'गिनी पिग' अर्थात प्रयोग किये जाने वाला जीव क्यों बनाया जा रहा है। उसके बाद सरकार की तरफ़ से यह स्पष्टीकरण जारी किया गया कि अटॉर्नी जनरल के हवाले से कही जा रही बातें ग़लत हैं। कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खड़गे ने भी एक तरह से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी की बातों का समर्थन करते हुए इस बात पर नाराज़गी जताई कि 3.6 करोड़ भारतीय कार मालिकों पर इसतरह के प्रयोग क्यों किए जा रहे हैं? उन्होंने कहा कि अभी भारत में 10 में से 9 गाड़ियां ई 20 के अनुकूल नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह नीति आम सहमति के बिना और इसके होने वाले परिणामों को समझे बग़ैर लागू कर दी गई है । खड़गे ने यह भी कहा, हमारी गाड़ियों में इसे ज़बरदस्ती डालने के बाद आप राष्ट्रीय स्तर पर ईंधन बदलने की इस प्रक्रिया को 'प्रयोग' नहीं कह सकते। उन्होंने कहा कि जब सरकार का अपना डेटा ही अभी तक तैयार नहीं है, तो नागरिकों को नुक़सान साबित करने की चुनौती नहीं दी जा सकती । आम लोग 'गिनी पिग' नहीं हैं न ही हमारी सड़कें टेस्ट ट्रैक हैं और देश के उपभोक्ताओं की जेबें सरकार के ट्रायल का बजट नहीं हैं। खड़गे ने ई20 को वापस लेने मांग करते हुये कहा कि सरकार पहले इसे प्रयोग के योग्य, स्वीकार्य व प्रमाणित ईंधन साबित करे, फिर इसे प्रयोग करने की नीति लागू करें।

## प्रेरक प्रसंग

### महान होने की परिभाषा

चीनी दार्शनिक कन्फ्यूशियस की महानता से चीन का सम्राट भी परिचित था। एक दिन वह कन्फ्यूशियस से बोला, तुम मुझे उस व्यक्ति के पास ले चलो जो महान हो। कन्फ्यूशियस बोला, लेकिन मुझसे महान भी तो कोई होगा? कन्फ्यूशियस बोला ; मुझसे महान भी तो कोई होगा? महामहिम आप से अधिक महान कौन हो सकता है। आपकसत्य को जानने की भावना रखते हैं और तो ऐसी भावना रखता है वही महान है।

कन्फ्यूशियस बोला, आपसे अधिक महान में हूं क्योंकि सत्य के प्रति मेरा अनुराग (प्रीति) है।

और तुमसे भी अधिक महान कौन है? सम्राट ने पूछा ।

कन्फ्यूशियस बोला यह तो ढूढ़ना पड़ेना। इतना कहकर वह सम्राट को लेकर चल पड़ा। कुछ आगे चलने पर उन्हें एक वृद्ध व्यक्ति दिखा ; जो कुआं खोद रहा था। उसे देखकर कन्फ्यूशियस बोला महामहिम मुझसे भी अधिक महान यह वृद्ध है।

सम्राट ने पूछा कैसे?

कन्फ्यूशियस बोला इसकी काफ़ी आयु व्यतीत हो चुकी है, शरीर भी दुबला - पतला है- तब भी कुआ खोद रहा है। परोपकार की भावना है । परोपकार में ही इसको आनंद की अनुभूति होती है। जिसका तन और मन दोनों ही अनुभूति में निमग्न हों उससे बढ़कर महान अन्य कौन हो सकता है।

## आपका पत्र मिला

### बारिश में स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो

देश के विभिन्न हिस्सों में भारी से भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त होने के साथ-साथ उसका भयावह रूप लोगों में दहशत पैदा कर रहा है। चाहे महाराष्ट्र हो या केरल, राजस्थान हो या गुजरात, मध्यप्रदेश हो या उत्तराखंड हर जगह, हर क्षेत्र से खबरें आ रही है कि पानी ने तबाही मचा दी है।

गत वर्ष भारी बारिश के चलते राजस्थान के झालावाड़ में स्कूल की छत गिरने से 7 मासूम बच्चों की दबकर दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। इसी तरह गत वर्ष कई स्थानों पर ऐसी घटनाएं हुई थी। अतः अंधाधुंध बारिश के सैलाब को देखते हुए स्कूल व अन्य विभागों को अभी से सतर्क हो जाना चाहिए, ताकि भारी बारिश के चलते झालावाड़ जैसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो। सभी राज्यों के विभाग प्रमुख व सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक व शिक्षक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए ऐसे भवन जो जर्जर, जीर्ण-शीर्ण, दीवारें तथा छतें कमजोर व खतरनाक स्थिति में हो तो तत्काल अपने विभाग को सूचना करते हुए ऐसे सुरक्षित भवनों में शालाएं संचालित करें जहां बच्चों व स्टाफ को कोई खतरा या क्षति ना हो। पानी गिरने से पहले बचाव की पार बांधने में ही समझदारी है। अन्यथा नुकसान होने के बाद रोना के सिवा कोई चारा नहीं है।

**हेमा हरि उपाध्याय 'अक्षत'**
**वाया ई-मेल**

इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com



# कॉलेज और स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए बेस्ट हैं शर्ट स्टाइल टॉप

स्कूल और कॉलेज जाने वाली लड़कियां क्या पहने इस बात को लेकर हमेशा कंफ्यूज रहती हैं। एक जैसे कपड़े पहनकर जाने पर अधिकतर लड़कियों को शर्मिंदगी भी महसूस होती है। अगर आप भी उन्हीं लड़कियों में से एक है, तो यह खबर आपके लिए खास हो सकती है, क्योंकि आज हम आपको कुछ ऐसे लेटेस्ट शर्ट स्टाइल टॉप डिजाइन के बारे में बताएंगे, जिन्हें पहनकर आप कॉलेज में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर सकती है।

**फ्लोरल प्रिंट कॉटन शर्ट स्टाइल टॉप-** अगर आप कॉलेज में एक जैसे कपड़े पहन कर जाती है और अब ऐसे कपड़े पहनकर बोर हो गई है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप इस खूबसूरत फ्लोरल प्रिंट कॉटन शर्ट स्टाइल टॉप को ट्राई कर सकती है। इस तरह का टॉप आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा और आपको डिफरेंट लुक देने में मदद करेगा।

**ब्राऊन वी नेक शर्ट स्टाइल टॉप-** यही नहीं अगर आपके स्कूल में कोई फंक्शन है और आप उस फंक्शन में खूबसूरत दिखना चाहती है, तो आपके लिए यह लेटेस्ट ब्राऊन वी नेक शर्ट स्टाइल टॉप भी एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इसे पहनकर आप न सिर्फ स्कूल बल्कि कॉलेज में भी जा सकती है। इस तरह के टॉप इन दिनों काफी चर्चा में है, जो अधिकतर लड़कियों को बेहद पसंद आ रहे हैं।

**कॉटन शर्ट स्टाइल टॉप**

आप चाहे तो अपने कॉलेज में इस खूबसूरत कॉटन शर्ट स्टाइल टॉप को पहनकर जा सकती हैं। इस तरह के टॉप दिखने में शर्ट की तरह होते हैं, लेकिन यह असल में टॉप होते हैं। इसे आप क्रीम या वाइट कलर की पेंट या जींस के साथ शामिल कर अपने आउटफिट को बेहतर बना सकती हैं। इस तरह का टॉप आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगा। इसे पहनकर आप बला की खूबसूरत दिख सकती है।

**स्ट्राइप्ड शर्ट स्टाइल टॉप**

अपनी खूबसूरती से सभी का दिल जीतने के लिए और दोस्तों के बीच अपनी पर्सनालिटी को बेहतर बनाने के लिए आप इस खूबसूरत स्ट्राइप्ड शर्ट स्टाइल टॉप को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के टॉप भी इन दिनों काफी चर्चा में है, जो अधिकतर लड़कियों को बहुत पसंद आ रहे हैं। इस टॉप में आपको और भी कई कलर और साइज मिल जाएंगे। इसे आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

# स्लिम गर्ल्स को दिखना है मॉडर्न, मौनी रॉय के साड़ी लुक्स से लें इंस्पिरेशन



टीवी की दुनिया से अपना करियर शुरू करने वाली मौनी रॉय कई बॉलीवुड फिल्मों से भी फैंस का दिल जीत चुकी हैं। अभिनेत्री अपनी एक्टिंग के साथ फैशन सेंस से भी फैंस को दीवाना बनाए रहती हैं। उनका हर लुक बेहद कातिलाना होता है। इंडियन हो या वेस्टर्न एक्ट्रेस अपने हर लुक में बवाल मचाती हैं। तो आज हम आपको उनके कुछ साड़ी लुक्स दिखाने जा रहे हैं। जिनको स्लिम गर्ल्स कैरी करके अपना लुक मॉडर्न बना सकती हैं। **ब्लैक साटन साड़ी-** ब्लैक कलर की साड़ी अधिकतर हर महिला की पसंद होती है। ऐसे में आप मौनी रॉय के इस ब्लैक साटन साड़ी लुक पर जरूर फिदा हो गई होंगी। अभिनेत्री ब्लैक कलर की सिंपल साड़ी में बला की खूबसूरत लग रही हैं। उनकी ब्लैक साड़ी पर गोल्डन कलर के पैच बने हुए हैं। जबकि उन्होंने इस साटन साड़ी के संग स्ट्रैपी ब्लाउज कैरी किया हुआ है। ऐसे में उनका लुक काफी बोल्ड नजर आ रहा है। साथ में गोल्डन झुमकी, ब्रॉड नेकलेस और बन हेयर स्टाइल उनके लुक को काफी अट्रैक्टिव बना रहे हैं। स्लिम गर्ल्स मौनी के इस ब्लैक साड़ी लुक से इंस्पिरेशन ले सकती हैं।

**जॉर्जेट पिंक साड़ी-** मौनी रॉय की बेबी पिंक जॉर्जेट साड़ी भी स्लिम गर्ल्स के लिए परफेक्ट ऑप्शन है। इसको कैरी करने के बाद उनका लुक चार्मिंग नजर आएगा। इस तरह की साड़ियां यंग गर्ल्स को बेहद पसंद आती हैं।

**लाइनिंग साड़ी लुक-** स्लिम गर्ल्स यदि खुद को डिसेंट लुक में देखना चाहती हैं, तो उनके लिए मौनी रॉय का लाइनिंग साड़ी लुक बेस्ट रहेगा। इसको आप किसी ऑफिस इवेंट में कैरी करके जा सकती हैं। मौनी ने ब्लैक साड़ी के संग व्हाइट और लाइनिंग वाला कॉलर नेक ब्लाउज पहना हुआ है। इसके साथ ग्लॉसी मेकअप और बन हेयर स्टाइल से अपना लुक कंप्लीट किया हुआ है। हर बार की तरह मौनी का यह साड़ी लुक भी काफी डिसेंट और ग्लैमरस नजर आ रहा है।

# कुर्ती सिलवाते समय इन 3 बातों का जरूर रखें ध्यान



महिलाएं अपने लुक को खास बनाने के लिए न सिर्फ चेहरे को खूबसूरत बनाती है, बल्कि अपने आउटफिट को भी परफेक्ट बनाने के लिए टेलर से डिजाइनर आउटफिट स्टिच करवाती है। ऐसे में अगर आप भी किसी टेलर से कुर्ती बनवाने वाली है, तो यह खबर आपके लिए खास हो सकती है। आज हम आपको 3 जरूरी बातें बताएंगे, जिनकी मदद से आप अपने आउटफिट को परफेक्ट तरीके से बनवा सकती हैं।

**सही फैब्रिक का करें चुनाव-** जब भी आप टेलर से कुर्ती बनवाने जाए, तो सबसे पहले कपड़े का चुनाव करें। कुर्ती बनवाने के लिए सही फैब्रिक होना बहुत मायने रखता है। ऐसे में आप पार्टी वियर कुर्ती बनवाने के लिए सिल्क, जॉर्जेट या शिफॉन का फैब्रिक चुन सकती है। वहीं अगर आप आने- जाने में या रोजाना पहनने के लिए कुर्ती बनवा रही है, तो आपके लिए कॉटन या रेयान का फैब्रिक सही रहेगा। सही फैब्रिक आपके लुक को गॉर्जियस बनाने में मदद करेंगी और इससे सही फिटिंग भी आएगी।

**टेलर को सही साइज या फिटिंग वाली कुर्ती दें-** इसके अलावा जब भी आप टेलर से कुर्ती बनवाए, तो अपना नाप यानी साइज सही तरीके से दें। आप चाहे तो टेलर को अपनी कोई फिटिंग वाली कुर्ती नाप के लिए भी दे सकती हैं। इसके अलावा नाप देने के साथ कहां तक की बाजू और कैसे डिजाइन वाला गला बनाना है, इसकी भी जानकारी आप अपने टेलर को एक डायरी में लिखवा दें, ताकि यह जानकारी उसके पास रखी रहे और वह आसानी से आपका आउटफिट तैयार कर दें।

**ब्रा लूप का भी करें इस्तेमाल-** यही नहीं अगर आप किसी टेलर से कुर्ती या कोई गाउन बनवाने वाली है, तो कुर्ती सिलवाते वक्त ब्रा लूप जरूर लगवाएं। ऐसा करने से ब्रा की स्ट्रिप बाहर नहीं दिखेगी और ना ही आपके शोल्डर से कपड़ा फिसलेगा। यह आपके आउटफिट को शानदार बना देगी साथ ही आपके लुक को गॉर्जियस बनाने में मदद करेंगे। इन बातों का ध्यान रखकर आप टेलर से कुर्ती बनवा सकती हैं। यह टिप्स आपके आउटफिट को परफेक्ट बनाने में मदद करेंगी।

# जेनजी गर्ल्स के लिए बेस्ट हैं इस तरह के ट्रेडिशनल आउटफिट



जेनजी गर्ल्स हमेशा अपने आउटफिट को लेकर परेशान रहती हैं। चाहे बात एथनिक की हो या ट्रेडिशनल कि वे आउटफिट सिलेक्ट करने में काफी कन्फ्यूज रहती हैं। ऐसे में अगर आप भी ट्रेडिशनल वियर देख रही हैं, तो यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसी ट्रेडीशनल ड्रेस बताएंगे, जिन्हें आप किसी भी फेस्टिवल के दौरान पहन सकती हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में।

**लाल प्रिंटेड प्री-ड्रेप्ड साड़ी-** अगर आप भी किसी फेस्टिवल पर भीड़ से हटकर दिखना चाहती हैं और अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाना चाहती हैं, तो अब आप इस तरह के खूबसूरत ट्रेडीशनल लाल प्रिंटेड प्री-ड्रेप्ड साड़ी को शामिल कर सकती हैं। इसे पहनकर आप बला की खूबसूरत लगेगी और अपने लुक को डिफरेंट बना सकेंगी। इसे आप ऑनलाइन खरीद सकती हैं या बाजार से कपड़ा लाकर इसे बनवा भी सकती हैं। इस ड्रेस को पहनकर आप अपने फेस्टिवल को यादगार बना सकती हैं।

**पर्ल हॉल्टर कुर्ता चूड़ीदार सूट**

अपनी खूबसूरत से सभी का दिल जीतने के लिए और फेस्टिवल पर डिफरेंट लुक पाने के लिए आप इस तरह के पर्ल हॉल्टर कुर्ता चूड़ीदार सूट को शामिल कर सकती हैं। इसे भी आप बाजार से कपड़ा लाकर बनवा सकती हैं। इस आउटफिट के साथ आप एक्सेसरीज शामिल कर अपने लुक को पूरा कर सकती हैं। इसे पहन कर आप किसी हसीना से कम नहीं लगेगी। यह ड्रेस आपके फेस्टिवल लुक को खास बनाने में भी मदद करेगी।

**सैल्मन पिंक एम्बेलिश्ड लहंगा साड़ी-** आप चाहे तो किसी भी फेस्टिवल के दौरान इस तरह के खूबसूरत ट्रेडीशनल सैल्मन पिंक एम्बेलिश्ड लहंगा साड़ी को शामिल कर सकती हैं। ऐसे आउटफिट भी इन दिनों काफी चलन में है, जो अधिकतर लड़कियों को बहुत पसंद आ रहे हैं। इसके साथ आप एक्सेसरीज भी शामिल कर सकती हैं। इस आउटफिट को भी आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

**सैल्मन पिंक कुर्ती विद शरारा**

आप चाहे तो किसी भी फेस्टिवल के दौरान इस तरह की खूबसूरत सैल्मन पिंक कुर्ती विद शरारा को भी शामिल कर अपने लुक को अट्रैक्टिव और गॉर्जियस बना सकती हैं। ऐसी ड्रेस आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी। आप चाहे तो बाजार से कपड़ा लाकर भी इसे बनवा सकती हैं। इसे पहनकर आप फेस्टिवल पर अपने लुक को पूरा कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस जेनजी लड़कियों के लिए एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है।

**ओवरसाइज आउटफिट्स**

ओवरसाइज टी-शर्ट्स, शर्ट्स और हुडीज आज के जेन जी फैशन में सबसे ज्यादा ट्रेंड में हैं। ये आउटफिट्स न सिर्फ स्टाइलिश दिखते हैं बल्कि पहनने में बेहद आरामदायक भी होते हैं। इनका रिलैक्स्ड फिट पूरे दिन कंफर्ट देता है और इन्हें डेनिम, शॉर्ट्स या स्कर्ट के साथ आसानी से स्टाइल किया जा सकता है, जिससे एक कूल स्ट्रीट लुक तैयार होता है।

**बैगी जींस और वाइड-लेग पैंट्स-** बैगी जींस और वाइड-लेग पैंट्स 90S फैशन की वापसी के साथ फिर से ट्रेंड में आ गए हैं। हाई-वेस्ट और लूज फिट स्टाइल आज की लड़कियों की पहली पसंद बन चुका है। इन्हें क्रॉप टॉप या फिटेड टॉप के साथ पहनकर एक बैलेंस्ड और ट्रेंडी लुक बनाया जा सकता है, जो कैजुअल और स्टाइलिश दोनों लगता है।

# चाहती हैं न्यू और स्टाइलिश लुक तो करें ट्राइ ये को-ऑर्ड सेट



हर महिला स्टाइलिश लुक चाहती है और इसके लिए वो बेहतरीन आउटफिट्स का चुनाव करती है। लेकिन, अगर आप अपने स्टाइल को न्यू टच देना चाहती हैं, तो आप को-ऑर्ड सेट्स का चुनाव कर सकती हैं। फैशन की दुनिया में ये आउटफिट्स इन दिनों काफी ट्रेंड में हैं और न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेहतरीन है। ये आपको कई सारे डिजाइन और पैटर्न में मिल जाएंगे। ये पहनने में आरामदायक होते हैं, और साथ ही इनमें आपका लुक खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आता है।

**प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट-** यह प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट ऑफिस या किसी इवेंट में स्टाइल करने के लिए एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। यह प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट 3/4 स्लीव्स और राउंड नेक डिजाइन में आता है। यह आपको कई सारे रंगों और डिजाइन में मिल जाएगा, और इसमें आपका लुक सुंदर और अलग नजर आएगा। आप इसे ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन भी लगभग 1000 से 1500 रुपये की कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

**लेस वर्क को-ऑर्ड सेट-** अपने लुक को एक न्यू टच देने के लिए आप इस तरह के लेस वर्क को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस को-ऑर्ड सेट में बेहद ही खूबसूरत लेस वर्क किया हुआ होता है, और इसमें आपका लुक अलग व सुंदर नजर आएगा। इस तरह के को-ऑर्ड सेट आपको कई सारे कलर ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे।

**फ्लोरल प्रिंट को-ऑर्ड सेट-** भीड़ से अलग दिखने और अपने लुक को न्यू टच देने के लिए आप इस तरह के फ्लोरल प्रिंट को-ऑर्ड सेट स्टाइल कर सकती हैं। यह को-ऑर्ड सेट फ्लोरल प्रिंट में आता है और इसमें आपका लुक सुंदर और स्टाइलिश नजर आएगा। इस को-ऑर्ड सेट को आप ऑफिस या कहीं घूमने जाने के दौरान स्टाइल कर सकती हैं, और इसे आप सस्ते कीमत में खरीदकर पहन सकती हैं।

# पुराने लॉन्ग कुर्ते को फेंकने के बजाय ऐसे करें इस्तेमाल



अगर आप भी एक जैसे कपड़े पहनकर बोर होने लगी हैं और अब उन कपड़ों को किसी को दे देती हैं या फेंक देती हैं, तो ये खबर आपके लिए खास हो सकती हैं, क्योंकि आज हम आपको कुछ ऐसे आसान टिप्स बनाएंगे, जिनका इस्तेमाल कर आप उन कपड़ों से नई और स्टाइलिश चीजें बना सकती हैं, वो भी कम खर्च में। आईए जानते हैं उन चीजों के बारे में।

**पुरानी लॉन्ग कुर्ती से बनाएं शॉर्ट कुर्ती-** अगर आप भी अपने पुराने कुर्ते को बार-बार पहनकर परेशान हो गई और उस कुर्ते को किसी को देने वाली है या फेंकने वाली है, तो अब आप उसको फेकने के बजाय उसका इस्तेमाल कर शॉर्ट कुर्ती बना सकती हैं. शॉर्ट कुर्ती बनाने के लिए आप कुर्ते को काटकर उस पर पिको करवा सकती हैं या फिर बाजार से लेस खरीद कर डिजाइनर लेस भी कुर्ते की बॉर्डर पर लगा सकती हैं इससे नया लुक क्रिएट होगा।

**पुरानी लॉन्ग कुर्ती से बनाएं पिलो कवर-** अगर आपके पास हैवी और भरा हुआ कुर्ता है, तो अब आप उसे फेकने के बजाय उस कुर्ते का नए तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं. इसका इस्तेमाल करने के लिए आप इसे काट कर पिलो कवर बना सकती हैं।

# ऊन और रंगीन धागों से घर पर ऐसे बनाएं टैसल हैंडबैग



आज के समय में लडकियां अपने लुक का खास ध्यान रखती हैं। कॉलेज गोइंग गर्ल्स् तो अपने आउटफिट्स, फुटवियर, एसेसरीज और बैग्स सब कुछ एक से एक डिजाइन में खरीदती हैं। बैग्स की बात करें तो आजकल मार्केट में मिलने वाले हैंडबैग काफी महंगे होते हैं। ऐसे में अगर आप कम पैसे में कुछ अलग और स्टाइलिश बनाना चाहती हैं तो टैसल हैंडबैग बना सकती हैं। खास बात तो ये है कि इसे बनाने के लिए आपको कोई महंगा सामान भी नहीं खरीदना पड़ेगा।

घर में अगर आपके ऊन, कलरफुनल धागे रखें हुए हैं तो आसानी से इसे बनाया जा सकता है। आज हम आपको अपने इस लेख में बता रहे हैं कि आप कैसे इस बैग को घर पर बना सकती हैं। आइए जानते हैं-

**बैग बनाने के लिए क्या-क्या चाहिए?**

कलरफुल ऊन या धागे। कोई स्ट्रॉन्ग कैनवास या जूट का छोटा बैग। कैंची, सुई और धागा। ग्लू गन या फैब्रिक गोंद। लकड़ी के मोती या सजावट का कोई सामान। सबसे पहले बनाएं टैसल। ऊन को 20-25 बार अपनी हथेली या किसी कार्डबोर्ड पर लपेट लें। अब एक तरफ से धागे को बांध दें। दूसरी तरफ से कैंची से काट दें। अब ऊपर की तरफ थोड़ा धागा बांधकर टैसल का शेप दे दें। इसी तरह अलग-अलग कलर्स के कई टैसल तैयार कर लें। **सबसे पहले बनाएं टैसल-** ऊन को 20-25 बार अपनी हथेली या किसी कार्डबोर्ड पर लपेट लें। अब एक तरफ से धागे को बांध दें। दूसरी तरफ से कैंची से काट दें। अब ऊपर की तरफ थोड़ा धागा बांधकर टैसल का शेप दे दें। इसी तरह अलग-अलग कलर्स के कई टैसल तैयार कर लें।

**बैग को और स्टाइलिश कैसे बनाएं?**

टैसल के साथ छोटे मोती लगा सकती हैं।
मिरर वर्क का इस्तेमाल कर सकती हैं।
बैग पर हाथ से कोई डिजाइन बना सकती हैं।
अलग-अलग कलर के ऊन मिलाकर इसे मल्टीकलर लुक दे सकती हैं।

**कॉलेज के लिए है परफेक्ट**

आपको बता दें कि इस बैग का वेट काफी हल्का होता है और ये देखने में भी काफी ट्रेंडी लगता है। आप इसमें बुक्स, नोटबुक, मोबाइल, चार्जर और छोटी-मोटी जरूरी चीजें रख सकती हैं। साथ ही ये दिखने में भी काफी स्टाइलिश लगता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**बृहस्पतिवार, 9 जुलाई 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, नवमी तिथौ गुरु वासरे 10/39/ अश्विनी नक्षत्रे 14/57/ सुकर्मा योग 10/12/ गर करणे 10/89/ मेष राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

व्रत एवं त्यौहार- भद्रा प्रारम्भ घं. 21 मि. 28 से।

**मेष :** कार्य व्यापार में सुधार होगा। इच्छित कार्य पूर्ति होगी। पुराने मित्रों से भेंट होगी चिंता जनक समाचार होगा।

**वृष :** रुका कार्य बनेगा। मनोरंजन का कार्य सुलभ होगा। सम्मान के प्रति सचेत रहें। स्वास्थ्य साधारण रहेगा।

**मिथुन :** आत्मिक हर्ष होगा। परिश्रम से सफलता मिलेगी। व्यापारिक अवरोध की निवृत्ती होगी। परिजनों की उपेक्षा मिलेगी।

**कर्क :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पुरुषार्थ सार्थक होगा। रुके कार्य में प्रगति होगी।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**तुला :** वरिष्ठ परिजनों पर व्यय होगा। धर्म में आस्था बढ़ेगी। मनोमालिन्य दूर होगा। इच्छाशक्ति क्षीण रहेगी।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग। व्यावसायिक प्रगति का योग बनेगा।

**मीन :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा सुख में होगी। मनोमालिन्य दूर होगा।

# खाली पड़ी सरकारी भूमि पर वृक्षारोपण कराया जाये-पवन सिंह चौहान

# निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत वृक्षारोपण कराया जाये-ज्ञान तिवारी

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। जनपद में वृक्षारोपण महाअभियान हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत वृक्षारोपण कराये जाने तथा वृक्षारोपण महायज्ञ-२०२६ कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार, विधायकगण एवं सदस्य विधान परिषद की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। वित्तीय वर्ष २०२६-२७ में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वृक्षारोपण महायज्ञ-२०२६ के तहत ३५.०० करोड़ पौधरोपण कराये जाने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

वृक्षारोपण मुख्यमंत्री जी, उ०प्र० का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है।मुख्यमंत्री उ०प्र० १२ जुलाई को वृहद वृक्षारोपण महायज्ञ-२०२६ का शुभारम्भ किया जा रहा है। आयोजित बैठक में जन प्रतिनिधि के तौर में इ. अवनीश कुमार सिंह, सदस्य विधान परिषद, पवन सिंह चौहान, सदस्य, विधान परिषद, ज्ञान तिवारी, विधायक, सेउता, शशांक त्रिवेदी, विधायक, महोली, अजय भार्गव, प्रतिनिधि विधायक मिश्रिख आदि उपस्थित रहे। उक्त बैठक में जिलाधिकारी,




डा. राजागणपति आर. , प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग नवीन खण्डेलवाल, मुख्य विकास अधिकारी डा. दीक्षा जोशी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, बिसवां, क्षेत्रीय वन अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में इ. अवनीश कुमार सिंह, सदस्य विधान परिषद द्वारा निर्देश दिये गये कि जनपद में नदियों के किनारे रिक्त भूमि पर बास का प्लान्टेशन कराने के लिए आगामी वर्षाकाल हेतु योजना तैयार कर ली जाये वही विधायक, सेउता, ज्ञान तिवारी जी द्वारा महर्षि दधीचि कुण्ड के आस पास एवं नैमिषारण्य के आश्रमों में पौधरोपण कराने के निर्देश दिये गये तथा जनपद के अन्तर्गत संचालित गौआश्रय स्थल में छायादार पीपल, बरगद, पाकड़, नीम इत्यादि प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाये। विधायक महोली द्वारा कठिना नदी के किनारे दोनो तरफ वृक्षारोपण कराने हेतु कहा गया तथा पवन सिंह चौहान, सदस्य विधान परिषद द्वारा निर्देशित किया गया कि अन्य विभागों में जो भी सरकारी भूमि खाली पड़ी है वहा पर वृक्षारोपण कराने की कार्यवाही की जाये ताकि खाली भूमि पर अवैध अतिक्रमण न होने पाये। बैठक में चहलारी घाट के पास स्थिति सिंचाई विभाग की भूमि पर वृक्षारोपण कराने तथा जनपद में सहजन के पौधों का अधिक से अधिक वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त बैठक में गोमती नदी के किनारे किनारे वृक्षारोपण किये जाने तथा जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड की ग्राम पंचायतों में हरिशंकरी पौध लगाने के लिए निर्देश दिये गये।

रोपित किये गये पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, द्वारा आश्वस्त किया गया कि उच्च स्तर से जो भी दिशा निर्देश प्राप्त हुये है उसके अनुपालन में वृहद प्रचार प्रसार करते हुए हर्षोउल्लास एवं जनसहभागिता के साथ वृक्षारोपण महायज्ञ-२०२६ का कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित कराया जायेगा।

# पात्रो को योजनाओं के लाभ से वंचित न रखा जाये-केके त्रिवेदी

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद-सीतापुर। गन्ना विकास विभाग के निर्देश पर दि



किसान सहकारी चीनी मिल परिसर में गन्ना किसानों के लिए सुरक्षा बीमा एवं पेशन योजना का लाभ वितरित करने के उद्देश्य से मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मिल समिति के उपाध्यक्ष केके त्रिवेदी ने किया। प्रधान प्रबंधन पवन कुमार ने बताया कि किसानों के लिये सुरक्षा बीमा और पेंशन योजनाएं संचालित की जा रही हैं। ऐसे गन्ना किसान जो योजना का लाभ नहीं पा रहे हैं उन्हें जागरूक करने एवं इन विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत शत प्रतिशत कृषकों को आच्छादित करने हेतु मेले का आयोजन हुआ है। किसान मेले में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर चीनी मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी, संचालक मंडल के अन्य सदस्य, बैंकों के बैंक मैनेजर सहित अन्य स्टाफ विभागीय फील्ड स्टाफ एवं बडत्री संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# ग्रहित नमूनों को प्रयोगशाला प्रेषित करने की कार्यवाही की जा रही है-शिवशंकर

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर । जिला कृषि रक्षा अधिकारी शिवशंकर ने बताया है कि प्रमुख सचिव (कृषि) , उ०प्र० शासन, लखनऊ के रेडियोग्राम लखनऊ ०६ जुलाई, २०२६ के परिपालन में जिलाधिकारी महोदय सीतापुर के आदेश ०८.०७.२०२६ द्वारा कृषकों को गुणवत्तायुक्त कृषि रक्षा रसायनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद में कीटनाशी प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक छापे की कार्यवाही की गई, जिसमें डा० श्रवण कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक, द्वारा तहसील सीतापुर व बिसवां में, संजीव कुमार जिला कृषि अधिकारी, द्वारा तहसील-सिधौली, महमूदाबाद में तथा शिवशंकर जिला कृषि रक्षा अधिकारी, द्वारा तहसील महोली, मिश्रिख, लहरपुर में छापा कार्यवाही करते हुये कुल ३४ छापों के साथ ११ कीटनाशी नमूने ग्रहित किये गये। इस दौरान कुल ०३ विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस निर्गत की गई। ग्रहित नमूनों को प्रयोगशाला प्रेषित करने की कार्यवाही की जा रही है। प्रयोगशाला से परीक्षण परिणाम प्राप्त होने पर कीटनाशी अधिनियम-१९६८, नियमावली-१९७१ के अन्तर्गत आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना से लाभान्वित किया जाये-डा. राजागणपति आर.

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में कार्यरत







शिक्षक, शिक्षामित्रों, विशेष शिक्षक, अनुदेशक तथा बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मान्यता प्राप्त अनुदानित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कार्यरत वार्डन, पूर्णकालिक/अंशकालिक शिक्षक/शिक्षिका एवं प्रधानमंत्री पोषण योजना के रसोइया एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ प्रदान किये जाने का शुभारम्भ का सजीव प्रसारण जनपद वाराणसी के व्यापार केन्द्र (ट्रेड सेंटर) में आयोजित समारोह को लाइव दिखाने हेतु भूमिजा बहुद्देशीय हांल, खैराबाद, में प्रातः १०:०० बजे से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर०, मुख्य विकास अधिकारी डा. दीक्षा जोशी व सदस्य विधान सभा परिषद, उ.प्र. तथा जिला विद्यालय निरीक्षक व विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक/अध्यापिकाएं एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी शामिल हुये। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक सेवता ज्ञान तिवारी, एम.एल.सी. अवनीश कुमार सिंह, सदस्य विधान परिषद पवन सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, मुख्य विकास अधिकारी डा. दीक्षा जोशी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, तथा वरिष्ठ डायट प्रवक्ता के द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण/पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण समस्त शिक्षकों को दिखाया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अतिथियों का स्वागत पर्यावरणीय पौधे व ओ०डी०ओ०पी० के अन्तर्गत दरी भेंट की गयी। प्रा०वि० मिश्रापुर, खैराबाद के बच्चों द्वारा सरस्वती वन्दना व साफ-सफाई की जागरूकता बढ़ाये जाने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना एवं डी०टी०टी० कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रतीकात्मक रूप से बेसिक शिक्षा परिषद के १९ लाभार्थियों तथा माध्यमिक शिक्षा के १२ अध्यापकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा कार्ड व अंग वस्त्र वितरित किये गये, जिससे सम्बन्धित परिवारों को प्रतिवर्ष रू० ०५ लाख का चिकित्सीय लाभ प्राप्त होगा। प्रा०वि० मिश्रापुर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले समस्त बच्चों को पुरस्कार व सदस्य विधान परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा बैग वितरित किये गये। जिलाधिकारी द्वारा अतिथियों का आभार प्रकट कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गयी। कार्यक्रम में विधायक, सदस्य विधान परिषद, शिक्षक एम.एल.सी., उत्तर प्रदेश, जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, अध्यक्षा, जिला पंचायत, जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर., मुख्य विकास अधिकारी डा. दीक्षा जोशी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, तथा वरिष्ठ डायट प्रवक्ता, समस्त जिला समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त कार्यालय स्टाफ व बड़ी संख्या में अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## वाहन चोरी की घटनाओं का हुआ खुलासा शातिर चोर गिरफ्तार, तीन अदद मोटरसाइकिलें बरामद

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में लूट/चोरी/नकबजनी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण एवम् संलिप्त आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देशो के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेदप्रकाश श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में थाना रामपुर मथुरा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने पाण्डेयपुरवा मोड़ के पास से ०१ शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे व निशानदेही से चोरी की ०३ मोटरसाइकिलें (०१ हीरो स्प्लेंडर प्लस और ०२ हीरो एचएफ डीलक्स) बरामद हुए हैं। पूछताछ में हुआ बड़ा



खुलासारू अभियुक्त सुमेर चौहान ने कड़ाई से पूछताछ में कुबूल किया कि बरामद स्प्लेंडर प्लस बाइक उसने और उसके साथी ने करीब एक माह पहले महमूदाबाद सरकारी अस्पताल से चोरी की थी, जिसे वह आज बेचने जा रहा था। अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस टीम ने बगल के बाग की झाड़ियों में छिपाकर रखी गईं चोरी की दो अन्य हीरो एचएफडीलक्स मोटरसाइकिलें भी बरामद कीं। अभियुक्त ने बताया कि वह बेरोजगार है और आर्थिक लालच में अपने साथी के साथ मिलकर मोटरसाइकिलें चोरी करता था और उनकी नंबर प्लेट बदलकर कौड़ियों के दाम बेचकर ऐश-मौज करता था।

# मुख्य साजिशकर्ता महिला सहित दो हत्यारों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद-सीतापुर। आईजीआरएस पर झूठी शिकायत की प्रताड़ना से तंग जया ने भाड़े के हत्यारों से मनोज शुक्ल की हत्या कराई थी। तीस हजार की पेशगी मिलने के बाद ही बदमाशों ने मनोज शुक्ल की हत्या कर दी। पुलिस ने ७२ घंटे में घटना का खुलासा करते हुए मुख्य साजिशकर्ता महिला समेत दो हत्यारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। महमूदाबाद के शहजानी वार्ड स्थित हनुमत कृकृपा ब्यावज हास्टल संचालक महमूदाबाद के रामकुंड चौराहा के मनोज शुक्ल (५२) पुत्र स्व. शिवदुलारे शुक्ल का शव शुक्रवार की देररात बरदही बाजार में हास्टल से सौ मीटर दूर पगडंडी मार्ग के किनारे पड़ा मिला था। उनकी बुलेट मोटर साइकिल भी वहीं पड़ी थी। मृतक के सर पर चोट के निशान थे। एसपी के निर्देश पर मृतक का पीएम चिकित्सकों के पैनल से कराते हुए वीडियोग्राफी भी



कराई गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सर पर पिछले भाग से ऊपरी हिस्से में डंडे या लोहे के राड से पांच वार किए जाने से लगी गहरी चोट से उनकी मृत्यु होना पाया गया है। घटना को लेकर मृतक की पत्नी वंदना शुक्ला ने बाराबंकी के फतेहपुर के एक निजी अस्पताल संचालक डा. लईक, डा. अमन हाशमी, राममिलन, जयदेवी उर्फ जया मैडम, अभय प्रताप सिंह के द्वारा पति की हत्या किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। केस दर्जकर पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुटी थी। पुलिस ने जब जया का मोबाइल खंगाला तो कई अहम सुराग हांथ लगे। जया के मोबाइल पर एक वाइस मैसेज पुलिस के हांथ लगा जिसमें कहा जा रहा है कि काम हो गया, शेष पैसा भेज दो। जया की मैसेज भेजने वाले के नंबर से काफी समय से बात हो रही थी। शक गहराने पर सीडीआर के सहारे पुलिस टीम ने मैसेज करने वाले युवक की पहचान कर ली। मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह, निरीक्षक दयाशंकर, एसआई विनोद गिरि व एसओजी प्रभारी सर्वेंद्र विक्रम सिंह की संयुक्त टीम ने मंगलवार की सुबह पुलिस ने जया को उसके गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। फतेहपुर मार्ग के निकट रमुआपुर के पास से बाइक से आ रहे बाराबंकी के मोहम्मदपुर खाला के खड़ेहरा के राजू अंसारी पुत्र गनी व बिहुरा के विनोद वर्मा पुत्र राम भरोसे को पकड़ा। दोनों को जया के सामने बैठाने पर जया ने घटना को अंजाम देने के लिए उक्त दोनों को ५० हजार रुपए में सुपारी देने की बात स्वीकारी। हत्यारों की निशानदेही घटना में प्रयुक्त दो डंडे, दो मोबाइल, १२ हजार ५०० रुपए नकद, घटना में प्रयुक्त बाइक व मृतक का पासपोर्ट साइज की फोटो बरामद हुई। एडिशनल एसपी आलोक सिंह ने बताया कि जयदेवी उर्फ जया को मृतक आईजीआरएस कर परेशान करता था जिससे पीछा छुड़ाने के लिए उसने मनोज शुक्ल की हत्या किए जाने की साजिश रची और ५० हजार रुपए की सुपारी दी थी। घटना की साजिशकर्ता व दोनों हत्यारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# पुलिस ने दस वांछितो को किया गिरफ्तार

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा गंभीर अपराधो में संलिप्त अपराधियों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण में निम्नलिखित थानों की पुलिस टीमों द्वारा न्यायालय में प्रचलित वाद/थाने पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित कुल १० वांछित/ वारण्टी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाना रेउसा टीम द्वारा मु०अ०सं० २८/११ में वाछिंत कमलेश पुत्र छोटन्न निवासी महादेवा मजरा सुपौली थाना रेउसा मु०अ०सं० ४१७/०९ में बदाली पुत्र भगौती निवासी सुकेठा थाना थानगाव, मु०अ०सं० १०८/२०१५ में मोनिस पुत्र शरीब निवासी औरा थाना रेउसा, मु०अ०सं० ४२/२००२ में कैलाश पुत्र रामपाल निवासी औरी थाना रेउसा, मु०अ०सं० ११७/२०१३ में रामखेलावन पुत्र सुन्दर निवासी महादेवा मजरा सुपौली थाना रेउसा को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना हरगांव पुलिस टीम द्वारा वाद सं० २१०४३६५/१७ में वारंटी धर्मेन्द्र पुत्र जगनन्दन निवासी ग्राम बेनीपुर राजा




थाना हरगांव को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना महोली पुलिस द्वारा मु०अ०सं० २५८/२६ में वारंटी मनीराम पुत्र परशुराम निवासी नेकपुर थाना महोली जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना तालगांव पुलिस टीम द्वारा वाद संख्या ३८१/२६ में वारंटी मुजीव पुत्र स्व: जलील निवासी ग्राम अमौरा बनईरामा थाना तालगांव व वाद संख्या १०७/१८ में वारंटी सोने लाल स्व: टीकाराम निवासी ग्राम कलाबहादुरपुर थाना तालगांव में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मिश्रिख - सीतापुर

पत्रांक 816/यूकेलिप्ट्स नीलामी पत्रा0/2026-27/ दिनांक: 30-06-2026

### नीलामी सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों ठेकेदारो, बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि जिला विकास अधिकारी महोदय, सीतापुर के पत्र संख्या 613/लेखा-बजट/2026-27/दिनॉक 29-06-2026 के क्रम में विकास खण्ड परिसर में स्थित यूकेलिप्टस के (51) पेड़ो की नीलामी हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है, तत्क्रम में वि०ख०-परिसर में खड़े (51) पेड़ों की नीलामी हेतु खुली बोली **दिनांक 13-07-2026 को समय 11:30 AM बजे से 12:30 PM बजे दिन** में विकास खण्ड के सभा कक्ष में नियत की गई है। बोली दाताओं को टोकन नं0 10:30 AM से 11:00 AM तक ही वितरण किया जायेगा। इच्छुक बोलीदाता उपरोक्त नियत तिथि को समय पर नीलामी में अधोहस्ताक्षरी के निर्देशानुसार प्रतिभाग कर सकते है।

**नीलामी की शर्तें निम्नवत् है :-**

1- नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति का नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व बतौर जमानत धनराशि मु० 76,600=00 रु० जमानत राशि बैंक ड्रापट के माध्यम से खण्ड विकास अधिकारी मिश्रिखके पदनाम से जमा करना होगा। साथ ही आधार, जी०एस०टी० एवं वन विभाग में पंजीकृत प्रपत्र की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति देना अनिवार्य है।

2- नीलामी प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, सीतापुर के पत्र सं0 8149/22-1 दिनांक 20-06-2026 द्वारा की गयी मूल्यांकन धनराशि से ऊपर ही प्रारम्भ होगी। एवं पत्र में दिये गये निर्देशों का अक्षरः पालन करना अनिवार्य होगा।

3- सर्वाधिक बोली बोलने वाले व्यक्ति को बोली के दिन सर्वोच्च बोली का 1/4 धनराशि जमा करनी होगी, अन्यथा जमानत के रूप में जमा की गयी धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

4- शेष 3/4 धनराशि एक सप्ताह के अन्दर अवश्य जमा करना होगा तभी पातन/कटाई की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। अन्यथा पूर्व में जमा 1/4 धनराशि राज्य सरकार के पक्ष में जप्त समझी जायेगी।

5- सम्पूर्ण धनराशि जमा करने के बाद ही नीलामी को स्वीकृत किये जाने हेतु विचार किया जायेगा।

6- वृक्षों के पातन (कटाई) सम्बन्धी अनुमति सम्बन्धित को वन विभाग से स्वयं प्राप्त करनी होगी।

7- बोली स्वीकृति उपरान्त 100रु का स्टाम्प खण्ड विकास अधिकारी मिश्रिखके पक्ष में प्रस्तुत करना होगा।

8- बोली स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

9- समस्त बोलीदाता, बोली में प्रतिभाग करने से पूर्व वृक्षों का अवलोकन अवश्य कर लें।

10- वृक्षों के पातन के समय यदि विकास खण्ड की बाउन्ड्रीवाल/शासकीय भवन अथवा अन्य किसी भी प्रकार की क्षति होती हो तो सम्बन्धित को अपेक्षित मरम्मत कराना अनिवार्य होगा।

11- किसी भी वाद-विवाद की स्थिति में खण्ड विकास अधिकारी-मिश्रिख का अन्तिम रूप से निर्णय मान्य एवं स्वीकार होगा।

(राम सुमिरन)
खण्ड विकास अधिकारी
मिश्रिख-सीतापुर।

# कांवड़ यात्रा और उर्स को लेकर प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा से लेकर सुविधाओं तक बनाई व्यापक कार्ययोजना

## एसएसपी व डीएम ने किया संवाद



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** श्रावण मास में निकलने वाली कांवड़ यात्रा और आगामी उर्स-ए-आला हजरत के शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को जीआईसी ऑडिटोरियम में जिलाधिकारी अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य की मौजूदगी में समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें कानून-व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और विभिन्न विभागों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ मार्गों, आयोजन स्थलों और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम समय रहते पूरे किए जाएं। उन्होंने पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, बैरिकेडिंग और सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं और जायरीन की सुविधा के लिए पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सेवाएं, अस्थायी शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और प्रत्येक अधिकारी अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन सुनिश्चित करे। बैठक में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा नगर निगम, स्वास्थ्य, विद्युत, लोक निर्माण, परिवहन समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि दोनों धार्मिक आयोजनों को सकुशल संपन्न कराने के लिए व्यापक कार्ययोजना पर तेजी से अमल किया जा रहा है।

# लक्ष्य पूरे करने में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, मुख्य सचिव ने दिए सख्त निर्देश




-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रदेश सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बरेली से जिलाधिकारी अविनाश सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रीति जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी यादव, प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भंडारी, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत कुमार सहित संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में वृहद वृक्षारोपण अभियान, जीरो पावर्टी अभियान, जल संरक्षण तथा भूजल संवर्धन से जुड़े कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का प्रभाव धरातल पर दिखाई देना चाहिए तथा प्रत्येक विभाग आपसी समन्वय के साथ तय समयसीमा के भीतर लक्ष्य पूरे करे।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग शासन की मंशा के अनुरूप कार्यों की नियमित निगरानी करें और प्रगति रिपोर्ट समय से उपलब्ध कराएं। साथ ही वृक्षारोपण, जल संरक्षण और जनकल्याणकारी अभियानों को प्रभावी ढंग से संचालित कर अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए।

# शिक्षकों को बड़ी सौगात, कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ, डीबीटी से लाभार्थियों को मिली सहायता

## माननीयों व प्रशासनिक अफसरों ने दिया सकारात्मक संदेश



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी के व्यापार केंद्र से %मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना% तथा डीबीटी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का बुधवार को सीधा प्रसारण विकास भवन अहिछत्र सभागार में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में देखा गया। इस अवसर पर प्रदेश के वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों और कर्मचारियों के कल्याण के लिए लगातार जनहितकारी योजनाएं लागू कर रही है। कैशलेस चिकित्सा योजना से शिक्षक, कर्मचारी एवं उनके आश्रितों को बेहतर और समयबद्ध स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। साथ ही डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में सहायता राशि सीधे भेजे जाने से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम में महापौर डॉ. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना और योजना को शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण पहल बताते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन का संकल्प लिया गया।

# महापौर डॉ. उमेश गौतम से मिले कैनविज पीड़ित

## मेयर ने एसपी सिटी व एसपी ट्रैफिक के पास भेजा



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** कैनविज पीड़ित संघर्ष समिति का अनशन आठवें दिन भी जारी रहा। बुधवार को समितिके लोग महापौर डॉ. उमेश गौतम से मिले। संघर्ष समिति की नेता सपना सिंह के नेतृत्व में लगभग 35 लोगों ने अपनी समस्याएं महापौर के सामने रखीं।

डॉ. उमेश गौतम ने पीड़ितों को समस्या सुनकर तुरंत एसपी सिटी मानुष पारीक को फोन कर कैनविज के दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा। साथ ही एस आई टी के अध्यक्ष एस.पी. ट्रैफिक अकमल खान को भी फोन किया।

इसके बाद सभी पीड़ित एसपी सिटी के पास गए। एसपी सिटी ने सभी की समस्या सुनी और एसपी ट्रैफिक से फोन पर बात की तथा धन वापसी कराने का आश्वासन दिया

इस मौके पर विनोद पटेल सुरेंद्र धर्मेंद्र रामलली, लता पटेल , सुनीता सूरज पटेल धर्मेंद्र केपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# मोहब्बत, अपनाइयत और दुआओं के साये में मना बार सचिव दीपक पांडेय का सालगिरह जश्न

## भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा ने भेंट किया रुद्राक्ष का पौधा



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** शहर में सामाजिक सौहार्द और अपनाइयत की खूबसूरत मिसाल उस वक्त देखने को मिली, जब बार सचिव दीपक पांडेय का जन्मदिन भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. अनिल शर्मा के कार्यालय पर सादगी, आत्मीयता और गर्मजोशी के साथ मनाया गया। समारोह में बड़ी तादाद में मौजूद शुभचिंतकों और साथियों की मौजूदगी में दीपक पांडेय तथा धर्मेंद्र शर्मा ने केक काटकर अपनी खुशियां साझा कीं।

इस अवसर पर डॉ. अनिल शर्मा ने दोनों को पटका पहनाकर सम्मान किया और उनके स्वस्थ, सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की दिल से कामना की। उन्होंने कहा कि समाज सेवा, सौहार्द और जनहित के कार्यों में सक्रिय लोगों का सम्मान करना हम सभी का फर्ज है। कार्यक्रम का माहौल मुहब्बत, भाईचारे और शुभकामनाओं से सराबोर रहा। उपस्थित लोगों ने दोनों को जन्मदिन की मुबारकबाद देते हुए निरंतर प्रगति की दुआ की।

इस मौके पर अंशुल मिश्रा, ध्रुव चतुर्वेदी, अमित नारायण शर्मा, सलीम बेग, जेपी यादव, राहुल गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ऑपरेशन दहन- एसपी क्राइम ने 198.63 करोड़ के नशीले पदार्थ किए नष्ट



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** नशा तस्करों के खिलाफ बरेली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन दहन के तहत करीब 198.63 करोड़ रुपये कीमत के मादक पदार्थ नष्ट कर दिए। जिले के विभिन्न थानों में दर्ज 907 मुकदमों से बरामद 5914.690 किलोग्राम नशीले पदार्थों का विधिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद विनिष्टीकरण किया गया।

एक मार्च से सात जुलाई तक चले अभियान के दौरान कार्रवाई पांच चरणों में हुई। पहले चरण में 648.444 किग्रा, दूसरे में 1320.076 किग्रा, तीसरे में 649.817 किग्रा, चौथे में 2153.823 किग्रा और अंतिम चरण में 1097.530 किग्रा मादक पदार्थ नष्ट किए गए। चौथे चरण में दो टन से अधिक नशीला सामान नष्ट होना अभियान की सबसे बड़ी कार्रवाई रही।

नष्ट किए गए मादक पदार्थों में गांजा, चरस, हेरोइन, कोकीन, मॉर्फीन, अफीम, डोडा पोस्त समेत अन्य प्रतिबंधित नशीले पदार्थ शामिल थे। पुलिस के अनुसार इनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 198 करोड़ 63 लाख 35 हजार 701 रुपये है। एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र ने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। पूरी कार्रवाई एसएसपी अनुराग आर्य की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी की निगरानी में संपन्न हुई।

# संक्षिप्त समाचार

## पहले आएं, पहले पाएं-10 जुलाई तक मुफ्त मिलेंगे श्री अन्न के मिनीकिट

**बरेली।** योगी सरकार के मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम 2026-27 के अंतर्गत जनपद में श्री अन्न (मिलेट्स) की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों को निःशुल्क मिनीकिट उपलब्ध कराए जाएंगे। उप कृषि निदेशक ने बताया कि जिले के सभी 15 विकास खंडों में रागी, ज्वार, बाजरा, साँवा और कोदो के बीजों के मिनीकिट वितरित किए जाएंगे। इच्छुक किसान 10 जुलाई 2026 तक कृषि विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयन 'पहले आओ, पहले पाओ' के सिद्धांत पर किया जाएगा।

योजना के तहत प्रत्येक विकास खंड को 55 रागी, 100 ज्वार, 225 बाजरा, 33 साँवा तथा 20 कोदो मिनीकिट आवंटित किए गए हैं। इस प्रकार जिले में कुल 825 रागी, 1500 ज्वार, 3375 बाजरा, 495 साँवा और 300 कोदो मिनीकिट किसानों के बीच वितरित किए जाएंगे।

कृषि विभाग का मानना है कि यह पहल मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ाने के साथ पोषण सुरक्षा,जलवायु-अनुकूल खेती और किसानों की आय में वृद्धि के लक्ष्य को भी मजबूती देगी। उप कृषि निदेशक ने किसानों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय रहते आवेदन करें, क्योंकि निर्धारित लक्ष्य पूरा होने के बाद पंजीकरण स्वतः बंद कर दिया जाएगा।

## डॉ.एम.पी.आर्य ने डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म के माध्यम से कार्यकर्ताओं को कराया अवगत



**सेंथल।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत पार्टी के सभी सदस्यों को डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कराया जा रहा है। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के 125वीं जन्म जयंती के अवसर से सभी बूथों में भ्रमण करके बैठक कर इस डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम अभियान के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण पूर्ण कराया जा रहा है। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के पश्चात प्रमाण पत्र भी प्राप्त हो रहा है। इसी के अन्तर्गत मंगलवार को अहमदाबाद मंडल के ग्राम लावाखेड़ा स्थित सरस्वती शिशु मन्दिर में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के निमित्त डॉ.एम. पी.आर्य ने कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। कार्यक्रम में विधायक डॉ.एम.पी.आर्य मंडल प्रभारी धर्मविजय गंगवार,महिला मोर्चा उपाध्यक्ष मीरा गंगवार,पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार, विधायक प्रतिनिधि बबलू गंगवार,मंडल अध्यक्ष राजू हिंदुस्तानी,मंडल महामंत्री महिपाल गंगवार,कृष्णपाल,कुलेंद्र गंगवार,सहित इत्यादि पदाधिकारी मौजूद रहें।

## छह महीने से मुकदमे में वांछित चल रहे अपराधी को पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार भेजा जेल

**फतेहगंज पूर्वी।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत फतेहगंज पूर्वी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। करीब छह माह से फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने टिसुआ अंडरपास के पास से करन पुत्र राज किशोर, निवासी ग्राम भावलखेड़ा, थाना रोजा, जनपद शाहजहांपुर को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त मु0अ0सं0 02/2026 में धारा 137(2)/87 बीएनएस एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित था और लंबे समय से गिरफ्तारी से बच रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विकास कुमार, कांस्टेबल आकाश तथा कांस्टेबल आसिफ शामिल रहे।

## मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेश योजना का किया शुभारंभ,शिक्षक समाज की धुरी, उनका स्वस्थ रहना जरूरी: यशवंत सिंह

**आंवला।** तहसील सभागार में बुधवार को उपजिलाधिकारी विदुषी सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ एवं डीबीटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वाराणसी में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित मुख्य समारोह का तहसील सभागार में सजीव (लाइव) प्रसारण देखा गया। इसके बाद मुख्य अतिथि मझगवां ब्लॉक प्रमुख यशवंत सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और स्कूल चलो अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षक हमारे समाज की धुरी हैं। शिक्षक स्वस्थ रहेंगे तो हमारा समाज स्वस्थ रहेगा और यह योजना शिक्षा जगत के लिए मील का पत्थर साबित होगी। विशिष्ट अतिथि रामनगर ब्लॉक प्रमुख मित्रपाल एवं आलमपुर ब्लॉक प्रमुख वेद प्रकाश रहे। उपजिलाधिकारी विदुषी सिंह ने कैशलेस योजना, डीबीटी वितरण और स्कूलों में नवीन नामांकन बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि सरकार बेसिक शिक्षा के प्रति बेहद गंभीर है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को पुस्तकें और शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। रैली में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय और नगर क्षेत्र के बच्चों व शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार (रामनगर), सुनील कुमार शर्मा (मझगवां), सतीश वर्मा (आलमपुर जाफराबाद) और तहसील नोडल शशिकांत माथुर सहित भारी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# विधायक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा एवं हरेंद्र पटेल ने स्कूल चलो रैली को दिखाई हरी झंडी



-स्वतंत्र भारत-

**नवाबगंज।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत ब्लॉक बिथरीचैनपुर, में स्कूल चलो रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा एवं ब्लॉक प्रमुख पति हरेंद्र पटेल ने हरी झंडी दिखाकर किया।

इस अवसर पर विधायक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा की पहुँच सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन कराकर उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आह्वान किया।

ब्लॉक प्रमुख पति हरेंद्र पटेल ने कहा कि स्कूल चलो अभियान का उद्देश्य कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाने पर बल दिया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए शिक्षा के प्रसार एवं अभियान की सफलता के लिए सभी से सहयोग करने की अपील की।

कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया। रैली में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं, शिक्षा विभाग के अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

इस अवसर पर ऋषि पाल सिंह, डॉ शिखा अग्रवाल,मांडलिक मंत्री के सी पटेल, राजीव लोचन शर्मा, डॉ के पी सिंह पटेल, डी पी सिंह, कुसुम, मिथिलेश कुमार, नरेश चंद्र, रमा सिंह, अंजू गंगवार, प्रदीप पुष्कर, सुभाष बाबु, अरविन्द चौधरी, जितेन्द्र गंगवार, प्रियदर्शनी शर्मा, शुभ्रा शर्मा, सुरैया परवीन, शाहनूर, सुनील गौड़, अरविन्द कुमार, प्रभात कुमार, रश्मि, लक्ष्मी, अंजू, रेणु, मनिका, प्रतिज्ञा, सोनी, दिव्या अग्रवाल, तबस्सुम अतीक, अंकिता मलिक, सुभाष, सघ के जिला अध्यक्ष नरेश गगवारआदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# आंवला नगर पालिका बोर्ड की बैठक में नगर को स्वच्छ रखने पर हुई विशेष चर्चा



-स्वतंत्र भारत-

**आंवला।** नगर पालिका परिषद सभागार में बुधवार को चेयरमैन सैय्यद आबिद अली की अध्यक्षता में बोर्ड की मीटिंग आयोजित की गई। बैठक के दौरान वार्ड 1 से 25 तक की जर्जर सड़कों की मरम्मत और नगर में जलभराव, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था पर भी विचार विमर्श कर नगर में जलभराव से निपटने के लिये रुप-रेखा तैयार की गई। इसके अतिरिक्त शासन के आदेशानुसार दिनांक 12 जुलाई को होने वाले वृहद वृक्षारोपण हेतु पालिकाध्यक्ष सैय्यद आबिद अली, अधिशासी अधिकारी महोदय प्रदीप गिरि एवं समस्त सभासदगण व नगर के संभ्रान्त व्यक्तियों द्वारा तय किया गया कि श्री सुभाष इन्टर कॉलेज आंवला के मैदान में वृक्षारोपण कर मैदान को सुन्दर बनाया जाये एवं नगर के मैन रोडो पर भी वृक्षारोपण कर नगर को हरा-भरा बनाया जाये।

बैठक में आगामी कांवड़ यात्रा को देखते हुए अलीगंज रोड, बदायूं रोड, मनौना बाईपास व स्टेशन रोड की सफाई और सड़कों के गड्ढे जल्द भरने के निर्देश दिए गए। जलभराव और बीमारियों से बचाव के लिए हर वार्ड में फॉगिंग व दवा छिड़काव अभियान चलाया जाएगा। अनुशासन पर सख्त रुख अपनाते हुए अध्यक्ष सैयद आबिद अली ने बैठक से अनुपस्थित रहने वाले मनोज मौर्य व अन्य जमादारों का एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया।

बैठक में सभासद लक्ष्मी राणा व सचिन गुप्ता की मांग पर ईओ ने चेतावनी दी कि कूड़ा गाड़ी आने के बाद भी गली में कचरा फेंकने वालों को नोटिस देकर कार्रवाई की जाएगी। वहीं नामित सभासद रजत प्रेमी ने ताडगंज में खाली आवासों के आवंटन, कर्मियों के वेतन बढ़ाने व महर्षि बाल्मिकी मंदिर जीर्णोद्धार हेतु बंधन योजना से 2 करोड़ दिलवाने की मांग रखी। आगामी 12 तारीख को पालिका द्वारा 'एक वृक्ष मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया जाएगा। बैठक में भाजपा प्रतिनिधि प्रमोद अनुरागी सहित समस्त सभासद सपना अग्रवाल, राधेश्याम मौर्य, सुनील यादव, लक्ष्मीराणा, परवेज बेग, रामवीर प्रजापति ,संजय अग्रवाल ,दिनेश मौर्य, लियाकत हुसैन, जलीस राजा, मोहम्मद अहमद, मौजूद रहे। वहीं बोर्ड मीटिंग के बाद आउटसोर्सिंग पर तैनात अयोध्या प्रसाद जिनकी कुछ दिन पूर्व मृत्यु हो गई थी उसको लेकर नगर पालिका के सभी कर्मियों द्वारा तथा सभासदों द्वारा 2 मिनट का मौन धारण किया गया।

# फल-सब्जी विक्रेताओं के लाउडस्पीकर से गूंज रहा किला फाटक, लोगों ने जताई नाराजगी



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** किला फाटक क्षेत्र में फल और सब्जी विक्रेताओं द्वारा तेज आवाज में लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किए जाने से स्थानीय दुकानदारों और क्षेत्रवासियों में नाराजगी बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि दिनभर तेज आवाज में लाउडस्पीकर चलने से ध्वनि प्रदूषण फैल रहा है, जिससे आसपास के दुकानदारों, ग्राहकों, राहगीरों और स्थानीय निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि फल और सब्जी विक्रेताओं द्वारा अपने सामान की बिक्री के लिए लगाए गए लाउडस्पीकर की आवाज कई बार इतनी तेज होती है कि सामान्य कामकाज भी प्रभावित होता है। उनका आरोप है कि कई बार आवाज कम करने का अनुरोध करने पर भी कोई सुनवाई नहीं होती। लोगों का कहना है कि विरोध करने पर कुछ लोग अभद्र व्यवहार करते हैं और विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इससे क्षेत्र में तनाव का माहौल बना रहता है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और पुलिस से तेज आवाज में लाउडस्पीकर के प्रयोग पर रोक लगाने तथा ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे।

हालांकि, इस संबंध में संबंधित फल-सब्जी विक्रेताओं का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका। उनका पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

# योगी सरकार के नागरायुक्त का बड़ा एक्शन, 6,800 वर्गमीटर सरकारी भूमि कराई कब्जामुक्त



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** नगर निगम ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए वार्ड संख्या 31 के कटघर स्थित ग्राम जसौली में लगभग 6,800 वर्गमीटर भूमि को कब्जामुक्त कराकर अपने संरक्षण में ले लिया। यह कार्रवाई नगरायुक्त संजीव कुमार मौर्य के निर्देशन में तहसील सदर की राजस्व टीम और नगर निगम अधिकारियों के संयुक्त अभियान के तहत की गई।

जांच के दौरान गाटा संख्या 62 और 63 का सीमांकन किया गया। अधिकारियों के अनुसार राज्य सरकार की श्रेणी-10 की भूमि पर अवैध रूप से बाउंड्री वॉल, नींव, अस्थायी आवास तथा स्विमिंग पूल का निर्माण कर कब्जा किया गया था। मौके पर शमसी नामक व्यक्ति द्वारा गेटनुमा बाउंड्री बनाकर अतिक्रमण पाया गया।

प्रशासनिक जांच में यह भी सामने आया कि गाटा संख्या 63 से संबंधित 380 वर्गमीटर निजी भूमि के कई बार बैनामे किए गए, जिनके आधार पर सरकारी भूमि पर भी कब्जा करा दिया गया। सीमांकन के बाद नगर निगम ने अवैध निर्माण हटाकर पूरी सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया और भविष्य में अतिक्रमण रोकने के लिए उसे संरक्षित कर दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# एनएच-30 फोरलेन परियोजना के तहत अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गयी



-स्वतंत्र भारत-

**फतेहगंज पूर्वी।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की टीम ने सड़क किनारे किए गए अस्थायी अतिक्रमणों को हटाकर मार्ग को खाली कराया। यह अभियान परियोजना प्रबंधक अंजनी कुमार के निर्देशन में चलाया गया। रोड सेफ्टी मैनेजर संदीप जी के नेतृत्व में कंट्रोल रूम ऑफिसर धर्मेन्द्र सिंह (धीरू), अनिकेत भदौरिया, सीआरओ लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने टीम के साथ पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया और सड़क निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमणों को हटवाया। कार्रवाई के दौरान संबंधित लोगों को पहले से जारी नोटिसों और परियोजना के महत्व की जानकारी भी दी गई।

अभियान में परियोजना से जुड़े कर्मचारी रुट पेट्रोलिंग ऑफिसर जैनेन्द्र प्रताप सिंह के अलावा अंश गुप्ता, अभिषेक, रामनिवास, मोरपाल, प्रियांशु सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। टीम ने सड़क किनारे रखे गए निर्माण सामग्री, टिन शेड, अस्थायी दुकानों और अन्य अवरोधों को हटाकर राजमार्ग की भूमि को खाली कराया।

एनएचएआई अधिकारियों ने बताया कि बरेली लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग का फोरलेन निर्माण क्षेत्र के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके पूरा होने से बरेली सहित आसपास के जिलों के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी, यात्रा का समय कम होगा तथा सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आने की उम्मीद है। कार्रवाई के दौरान पुलिस उप निरीक्षक श्याम सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए।

# निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां मिलने पर दो डबल डेकर बसें सीज

## बिल्हौर-कटरा हाईवे पर सवायजपुर पुलिस की कार्रवाई

स्वतंत्र भारत



**सवायजपुर, हरदोई।** सवायजपुर पुलिस ने बुधवार देर शाम बिल्हौर-कटरा हाईवे पर कौशिया मंदिर के पास डबल डेकर बसें रोककर जांच की, इस दौरान निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां लेकर चल रहीं दो डबल डेकर बसों को पुलिस ने सीज कर दिया, जबकि मानकों के अनुरूप मिली दो अन्य बसों को जांच के बाद रवाना कर दिया गया।

इस दौरान थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार, रूपापुर चौकी प्रभारी अतुल गुप्ता, उपनिरीक्षक राघवेंद्र भूषण प्रताप सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस टीम ने हाईवे से गुजर रही चार डबल डेकर बसों को रोककर उनके दस्तावेजों और यात्रियों की संख्या की गहन जांच की। जांच के दौरान दो बसों में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठी मिलीं। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने दोनों बसों को तत्काल सीज कर दिया। वहीं, दो अन्य बसों में क्षमता के अनुरूप सवारियां मिलने पर उन्हें आगे जाने की अनुमति दे दी गई। पुलिस द्वारा पचदेवरा क्षेत्र में बीते दिनों गंगा एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण सड़क हादसे के बाद यह कार्रवाई की। हादसे के वक्त डबल डेकर बस में 150 से अधिक सवारियां बैठी थी, जिसमें करीब 50 लोग घायल हुए थे।

थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। ओवरलोडिंग, यातायात नियमों के उल्लंघन और यात्रियों की जान जोखिम में डालने वाले वाहन संचालकों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से डबल डेकर बस संचालकों में हड़कंप मच गया।

# संडीला में मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ



## विद्यार्थियों को डीबीटी से धनराशि हस्तांतरित

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** विकास खण्ड सभागार संडीला में मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा कैशलेस चिकित्सा योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित होगी। कार्यक्रम में तहसीलदार अमित यादव, संडीला तहसील के अंतर्गत आने वाले सभी विकास खंडों के खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी तथा भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों की उपस्थिति रही। शिक्षा विभाग से जुड़े लाभार्थी विद्यार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से धनराशि हस्तांतरित की गई। अधिकारियों ने बताया कि सरकार की पारदर्शी व्यवस्था के तहत लाभ सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजा जा रहा है, जिससे योजनाओं का लाभ बिना किसी बिचौलिए के लोगों तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर शिक्षक संघ, विशिष्ट बीटीसी संघ तथा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। वहीं जूनियर हाईस्कूल बेगमगंज की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक गरिमा का समावेश किया और उपस्थित अतिथियों की खूब सराहना प्राप्त की।

# हरदोई स्टेशन के फ्रंट डिजाइन में गुपचुप बदलाव सांसद भी अनजान

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** अमृत भारत स्टेशन योजना में पुनर्विकास कार्यों को लेकर स्टेशन भवन के फ्रंट डिजाइन में कथित बदलाव का है। रेलवे अधिकारियों ने पहले स्वीकृत डिजाइन में बिना सार्वजनिक जानकारी और जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लिए परिवर्तन कर दिया, जिससे स्टेशन की प्रस्तावित भव्यता प्रभावित हुई है। 6 अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के कई रेलवे स्टेशनों के साथ हरदोई रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास किया था। उस समय यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त आकर्षक स्टेशन भवन का खाका भी प्रस्तुत किया गया था। शिलान्यास कार्यक्रम में हरदोई के सांसद जयप्रकाश रावत और मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ रेलवे अधिकारी भी मौजूद थे। शिलान्यास से एक दिन पहले 5 अगस्त 2023 को सांसद जयप्रकाश रावत ने हरदोई रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया था। लोगों का कहना है कि वर्तमान में जिस डिजाइन के आधार पर निर्माण हो रहा है, वह पहले दिखाए गए मॉडल से काफी अलग है। उनका दावा है कि नया स्वरूप साधारण दिखाई देता है और अमृत भारत योजना के तहत विकसित किए जा रहे अन्य प्रमुख रेलवे स्टेशनों की तुलना में कम आकर्षक है। इस बदलाव की जानकारी न तो सांसद को दी गई और न ही आम जनता को। हाल ही में सांसद के निरीक्षण के दौरान लगाए गए मानचित्र से इस परिवर्तन की जानकारी सामने आई। सदर सांसद जयप्रकाश रावत ने कहा कि उनके संज्ञान में यह मामला नहीं है और न ही उनसे कोई स्वीकृति ली गई है। जब वह हरदोई पहुंचेंगे, तब इस विषय पर रेल अधिकारियों से वार्ता करेंगे।

# राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर हुई संवेदीकरण कार्यशाला

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** आज बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में नाबार्ड द्वारा राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह के उपलक्ष्य में 1 दिवसीय बैंकर्स संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक कुमार सिंह अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महोदय ने सहकारिता की विशेषता पर प्रकाश डालते हुये सहकारिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली शाखाओं तथा पैक्स को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अश्विनी कटियार जी.एम. डी.सी.सी.बी बैंक, आदित्य शर्मा डी.डी.एम नाबार्ड, विक्रान्त ओझा निदेशक आरसेटी आदि उपस्थित रहे।

# लोनी चीनी मिल ने बेहटा गोकुल के अहेमी में किया गन्ना तकनीकी दिवस का आयोजन

**स्वतंत्र भारत, शाहाबाद।** डी0सी0एम0 लि0, शुगर यूनिट लोनी चीनी मिल की ओर से चलायें जा रहें ''गन्ना तकनीकी दिवस'' अभियान के तहत फील्ड डे कार्यक्रम का आयोजन बेहटा गोकुल रीजन के अहेमी प्रथम जोन के ग्राम अहेमी, चन्देली एवं फत्तेपुर से 40 प्रगतिशील कृषकों को चीनी मिल फार्म के डेमो प्लाटों पर भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गन्ना विभाग के विभागाध्यक्ष, विनय सिंह ने किया। उन्होंने बताया चीनी मिल द्वारा तकनीकी दिवस अभियान चलाया जा रहा है जिसमें किसान भाइयों को गन्ना खेती में तकनीकी को अपनाकर अपनी लागत को कम करके अधिक लाभ कैसे कमायें। गन्ना कृषक सदस्यों के जन हितार्थ उपयोगी सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मिल के कार्पोरेट केन हेड, अली आरजू जैदी ने कृषकों को चीनी मिल द्वारा कृषकहित उपयोगी चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे- कृषि यंत्रों पर अनुदान, सी.एस.आर के तहत क्षेत्रीय कृषकों के बच्चों को प्रशिक्षण तथा शरदकालीन गन्ना बुवाई में अधिक से अधिक रकवे में गन्ना बुवाई कर अधिक उपज प्राप्त करने सम्बन्धी विस्तृत जानकारी दी।

# सर्विलांस सेल ने 30 लाख के 167 गुमशुदा मोबाइल उनके मालिकों को सौंपे



स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे गुमशुदा मोबाइल फोन बरामदगी अभियान के तहत सर्विलांस सेल हरदोई ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। सर्विलांस सेल द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से कार्यवाही करते हुए पिछले 5 माह में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम हुए 167 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 30 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सुबोध कुमार गौतम पूर्वी द्वारा बरामद किए गए सभी मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए गए। अपने खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए हरदोई पुलिस और सर्विलांस सेल का आभार जताया। पुलिस के अनुसार, गुमशुदा मोबाइल फोन संबंधी प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर लगातार कार्रवाई करते हुए ससर्विलांस सेल ने तकनीकी सहायता और सीईआईआर पोर्टल की मदद से इन मोबाइलों को ट्रेस कर बरामद किया। यह अभियान जनपद में लगातार जारी है, जिससे आम जनता को राहत मिल रही है।

# शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के लिये करे आवेदन

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत दम्पति में युवक के दिव्यांग होने की दशा में रू 15, 000/- व युवती के दिव्यांग होने की दशा में रू 20, 000/- तथा युवक-युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में रू 35, 000/- धनराशि निर्धारित है। इसके लिये शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो। युवती की उम्र 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक न हो। दम्पति में कोई आयकर दाता न हो, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होना चाहिए, ऐसे दिव्यांग दम्पति पात्र होंगे जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ हो वह इसके लिये पात्र है।

# हजके लिए ऑनलाइन आवेदन 20 जुलाई तक

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति, लखनऊ द्वारा हज-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक आवेदक 20 जुलाई, 2026 तक जनपद में स्थापित हज ई-सुविधा केंद्रों के माध्यम से निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए पासपोर्ट मशीन पठित कोना चाहिए तथा उसकी वैधता 31 दिसंबर, 2027 तक होनी चाहिए। आवेदन करते समय आवेदक को पासपोर्ट आकार का फोटो, पासपोर्ट के प्रथम एवं अंतिम पृष्ठ, एड्रेस प्रूफ तथा बैंक खाते का विवरण अपलोड करना होगा। हज-2027 के लिए सामान्य 40 दिवसीय यात्रा के अतिरिक्त 20 दिवसीय हज यात्रा का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। हज 2027 हेतु अधिकतम पांच व्यक्ति एक साथ आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते सभी एक ही श्रेणी के हों। बिना मेहरम श्रेणी में 65 वर्ष या उससे अधिक आयु की महिलाएं भी लेडीज विदाउट मेहरम श्रेणी में आवेदन कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुंबई द्वारा हज सत्र-2026 के लिए लखनऊ हवाई अड्डे से प्रस्थान करने वाले यात्रियों से रू/-3, 52, 550 तथा दिल्ली हवाई अड्डे से प्रस्थान करने वाले यात्रियों से रू/-3, 46, 600 की धनराशि कुल हज व्यय के रूप में जमा कराई गई थी।

# बोलेरो सौदे के नाम पर ठगी का आरोप

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** कोतवाली बेनीगंज क्षेत्र में बोलेरो वाहन की खरीद-फरोख्त के नाम पर कथित ठगी, मारपीट और नकदी छीनने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि बोलेरो दिखाने और सौदा कराने के बहाने उसे बुलाया गया, जहां उसके साथ मारपीट कर 20 हजार रुपये और मोबाइल फोन छीन लिया गया। पीड़ित प्रांशु निवासी जगदीश खेड़ा, का आरोप है कि बोलेरो खरीदने के संबंध में बातचीत चल रही थी। इसी दौरान आरोपी पक्ष ने उसे मिलने के लिए बुलाया। वहां पहुंचने पर किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद उसके साथ मारपीट की गई और उससे 20 हजार रुपये नकद तथा मोबाइल फोन छीन लिया गया। घटना के तुरंत बाद वह बेनीगंज कोतवाली पहुंचा और पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित पक्ष में असंतोष है और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। मामले ने उस समय नया मोड़ ले लिया जब पीड़ित ने आरोप लगाया कि कार्रवाई कराने के नाम पर कोतवाली में तैनात एक सिपाही ने उससे 2, 000 रुपये भी ले लिए। पीड़ित का दावा है कि यह पूरा घटनाक्रम कोतवाली परिसर में हुआ, जिसकी पुष्टि वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से की जा सकती है। पीड़ित ने संबंधित फुटेज सुरक्षित कर उसकी जांच कराने की मांग भी की है। पीड़ित ने उच्च पुलिस अधिकारियों से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने, सीसीटीवी फुटेज की जांच, आरोपित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

# शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना एवं डीबीटी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना एवं डीबीटी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ आज माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा वाराणसी से किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के लगभग 10 लाख शिक्षकों एवं संविदा कर्मियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ महत्वपूर्ण एमओयू का निष्पादन भी किया गया।

शासन के निर्देशानुसार जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जे.के. ग्रांड रिसॉर्ट, पिहानी रोड, हरदोई मे किया गया, जिसमें वाराणसी से आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव (वर्चुअल) प्रसारण प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में माननीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री श्री नितिन अग्रवाल रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती पी.के. वर्मा, जिलाधिकारी अनुनय झा, मुख्य विकास अधिकारी नेहा ब्याडवाल, नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार, उप जिलाधिकारी सदर संजय अग्रहरि, ब्लाक प्रमुख अहिरोरी धर्मवीर सिंह, विधायक प्रतिनिधि गोपामऊ अनुपम मिश्र, जिला सूचना अधिकारी, क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक डायट प्राचार्य रमेन्द्र कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अरविन्द कुमार पाठक पुलिस क्षेत्राधिकारी तथा प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रभास कुँवर श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## संक्षिप्त समाचार

### सफाईकर्मियों की हड़ताल समाप्त

**शाहाबाद (स्वतंत्र भारत)।** नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर शनिवार से चल रही हड़ताल बुधवार को समाप्त हो गई। चेयरमैन प्रतिनिधि आसिफ खा बब्बू ने पालिका कार्यालय पहुंचकर उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के नगर अध्यक्ष संजय कुमार की अगुवाई में अन्य पदाधिकारियों एवं सफाई कर्मियों से वार्ता की। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनकी जायज मांगों के समाधान का आश्वासन दिया। वार्ता के दौरान प्रतिनिधि आसिफ खा बब्बू ने कहा कर्मियों की उचित मांगों का चरणबद्ध तरीके से समाधान कराया जाएगा। समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए साथ ही नगर में साफ-सफाई व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर जोर दिया। आश्वासन के बाद जिम्मेदार जनो ने हड़ताल समाप्त की घोषणा कर सभी तत्काल कार्य पर लौटने का आह्वान किया। तत्पश्चात नगर में सफाई कार्य पुनः शुरू हो गया। हड़ताल समाप्त होने से नगरवासियों ने राहत की सांस ली। हड़ताल समाप्त होते ही कई दिनों से प्रभावित सफाई व्यवस्था पटरी पर लौटने लगी।

### योजना के लिये 13 जुलाई तक आवेदन

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सुष्मिता सिंह ने बतायाकि उप्र माटीकला बोर्ड की माटीकला पुरस्कार योजना द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में मण्डल एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण हेतु माटीकला क्षेत्र में परम्परागत रूप से कार्य करने वाले शिल्पियों/कारीगरों/ उद्यमियों के श्रेष्ठ कृतियों के अधार पर शिल्पियों/कारीगरों/उद्यमियों को पुरस्कृत करने हेतु माटीकला पोर्टल की बेवसाइड पर 13 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है, हार्डकॉपी जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, सिनेमा चौराहा लखनऊ रोड, हरदोई में जमा करना अनिवार्य है। पुरस्कार हेतु आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण हो, उ0प्र0 का मूल निवासी हो, सम्बन्धित मण्डल में निवासरत/कार्यरत हो तथा उ0प्र0 माटीकला बोर्ड कार्यालय में सूचीबद्ध पंजीकृत होना अनिवार्य है।

### चोर पर मुकदमा दर्ज

**पाली, हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** पाली कस्बे में जीजीआईसी के निकट दुकान के बाहर खड़ी नई साइकिल चोरी होने के मामले में आखिरकार पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। एएसपी शाहाबाद के संज्ञान लेने पर पाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पाली कस्बे के मोहल्ला सराय सैफ निवासी दिनेश यादव पुत्र स्वर्गीय रघुनंदन यादव ने बताया कि बीती 2 जुलाई को उन्होंने जीजीआईसी के पास स्थित अपनी परचून की दुकान के बाहर नई साइकिल खड़ी की थी। कुछ देर के लिए वह पडोस की दुकान पर चले गए। वापस लौटने पर उनकी साइकिल गायब मिली। घटना के बाद पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने पर एक व्यक्ति उनकी साइकिल चोरी कर ले जाता हुआ दिखाई दिया, जबकि उसके साथ एक अन्य व्यक्ति भी सहयोग करता नजर आया। पीड़ित ने उसी दिन पाली थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। जिसके बाद एएसपी शाहाबाद आलोक राज नारायण ने मामले का संज्ञान लिया। उनके निर्देश पर पाली थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# एचसीएल के वाहनों को डीएम ने दिखाई हरी झंडी

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम एच.सी.एल द्वारा माई क्लीन सिटी अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद हरदोई को उपलब्ध कराए गए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एच.सी.एल. द्वारा संचालित माई क्लीन सिटी अभियान के 10 ई ड्रेन कार्ट, 10 ई लोडर व 3 आरवीएम मशीन उपलब्ध करायी गयी हैं। ?इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि एच.सी.एल. की यह पहल अत्यन्त सराहनीय है। उन्होंने प्रेरित किया कि अभियान को और अधिक व्यापक स्तर पर संचालित कराया जाए उन्होंने कहा कि एमआरएफ सेंटर का संचालन भी 15 सितंबर से पूर्व कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी शहर के विकास के लिए उसकी छवि बेहतर होना अत्यंत आवश्यक है इसके लिए शहर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित होना चाहिए जिलाधिकारी ने कहा कि नगर पालिका बेहतर सुविधाएं देते हुए नागरिकों को प्रेरित करें कि अपने शहर को स्वच्छ रखने में सभी योगदान करें उन्होंने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ आदते अपनाने हेतु प्रेरित किया जाए तथा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था को प्रभावी एवं सुदृढ किया जाए। इस अवसर पर एचसीएल के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आलोक वर्मा ने माय क्लीन सिटी अभियान एवं प्रोजेक्ट साहस के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र, अधिशासी अधिशासी अधिकारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# मोहर्रम मेले में पुरानी रंजिश में भिड़े दो पक्ष

## महिला बेहोश; दो हिरासत में

स्वतंत्र भारत

**बिजुआ-खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम चौखड़ा में मोहर्रम मेले के दौरान बुधवार को पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटना में एक महिला बेहोश हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए। पुलिस ने मौके से बबलू और जिबराइल को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार, एक पक्ष में ग्राम गोंधिया निवासी छुटकन्ने के पुत्र अशरफ अली, बबलू और जिबराइल थे, जबकि दूसरे पक्ष में कप्तान पिपरिया निवासी आबिद अली के पुत्र लल्ला उर्फ अब्बाश अली तथा इलियास के पुत्र शादाब अपने तीन साथियों के साथ शामिल थे। दोनों पक्ष रिश्तेदार बताए गए हैं। विवाद की जड़ जिबराइल और उनके चाचा भूरे के बीच मजदूरी को लेकर पुराना विवाद बताया जा रहा है। अब्बाश अली ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले अशरफ, बबलू और जिबराइल ने उनकी बहन के ससुर से मारपीट की थी। इसी रंजिश में मेले के दौरान उन्हें बाहर बुलाकर हमला किया गया। विरोध करने पर उनकी पत्नी और बच्चों से भी मारपीट हुई, जिससे पत्नी बेहोश हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग कर घायलों को सीएचसी बिजुआ भेजा। भीरा थानाध्यक्ष अमित पांडेय ने बताया कि अशरफ अली भी घायल हुए हैं। मामले की जांच जारी है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है।



# मिशन शक्ति 5.0 के तहत दीघिया गांव में महिलाओं को योजनाओं व हेल्पलाइन की दी जानकारी



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत थाना हलिया पुलिस द्वारा बुधवार को ग्राम दीघिया में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। महिलाओं को किया जागरूक कार्यक्रम में उप निरीक्षक रमाशंकर, कांस्टेबल राजेश कुमार मौर्य व महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर ने महिलाओं को सशक्तिकरण से जुड़े कानूनों के बारे में बताया। घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, छेड़खानी व साइबर अपराध से बचाव के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। पुलिस हेल्पलाइन 112 ,महिला हेल्पलाइन 1090,चाइल्ड हेल्पलाइन 1098,साइबर हेल्पलाइन 1930 एंबुलेंस सेवा 108,अग्निशमन सेवा 101, आशा ज्योति केंद्र 181 उप निरीक्षक रमाशंकर ने कहा कि कोई भी पीड़ित महिला या बालिका बिना डरे इन नंबरों पर शिकायत दर्ज करा सकती है। पुलिस हर शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करेगी। पहचान गोपनीय रखी जाएगी। साइबर फ्रॉड होने पर 1930 पर तुरंत कॉल कर खाता फ्रीज कराएं। टीम ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ समेत अन्य योजनाओं के लाभ व आवेदन प्रक्रिया भी बताई।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं व किशोरियां मौजूद रहीं।इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत लगातार गांव-गांव जाकर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है।

## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-आक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। एसेमित यूनिट/प्लेस: लखनऊ-पूर्वोत्तर मण्डल-वाणिज्य/पूर्वोत्तर, **नीलामी सूची सं0/लॉट सं0:** MPS-LJN-08-26, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि** 11-07-2026 समय 13:25 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समय और)** 17-07-2026 समय 10:00 बजे। **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय:** 17-07-2026 समय 11:00 बजे। **नीलामी का प्रकार:** Close Ended. **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है:** E-Auction Module of www.ireps.gov.in

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, लखनऊ

पूसजरो/वाणिज्य-78

रेलों में बीड़ी/सिगरेट न पियें।

# भाकपा ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन, पांच सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कौंसिल मिर्जापुर ने प्रदेश व्यापी आह्वान पर उपजिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार के माध्यम से राज्यपाल उत्तर प्रदेश को ज्ञापन भेजा। पार्टी ने धरना-प्रदर्शन कर 5 सूत्रीय मांगों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर दिया ज्ञापन भाकपा जिला मंत्री लालता प्रसाद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में व्याप्त जनसमस्याओं के समाधान के लिए राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट किया जा रहा है। राम मंदिर घोटाला राम मंदिर चंदे के गबन के मुख्य आरोपियों को बचाने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश से कराने की मांग। समय पर पंचायत चुनाव विधानसभा चुनाव से पहले पंचायत चुनाव कराए जाएं। शिक्षा-स्वास्थ्य का बाजारीकरण बंद हो शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण व बाजारीकरण पर रोक लगाई जाए। बेरोजगारी भत्ता शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। महंगाई व पुलिस उत्पीड़न पर रोक बढ़ती महंगाई और पुलिसिया अत्याचार पर अंकुश लगाया जाए।जिला मंत्री लालता प्रसाद ने कहा कि अगर मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी।एसडीएम लालगंज अजीत कुमार ने ज्ञापन लेकर उचित माध्यम से शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस दौरान मंडल सचिव, ब्लॉक इकाई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद खैराबाद (सीतापुर)

पत्रांक–390 / न0पा0प0 खैराबाद    दिनांक 29.06.2026

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

नगर पालिका परिषद खैराबाद द्वारा निम्नलिखित सामग्री हेतु रजिस्टर्ड फर्मों/ठेकेदारों से मोहर बंद निविदायें पालिका में रखे टेण्टर बाक्स में **दिनांक 10.07.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक** आमंत्रित किये जाते है। जो उसी दिन फर्मदाताओं के **समक्ष 04:00 बजे** सायं सक्षम अधिकारी के द्वारा खोले जायेंगे। टेण्डर फार्म **दिनांक 09.07.2026** को पालिका में निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। सशर्त एवं निर्धारित समय उपरान्त प्राप्त निविदाओं पर विचार करना सम्भव न होगा। निविदा के साथ निर्धारित जमानत राशि नकद के रूप में पालिका में जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा के स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम नगर पालिका परिषद खैराबाद में निहित है। विस्तृत विवरण किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। अन्य शर्तें कार्यालय दिवस में सम्बन्धित पटल पर देखी जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | जमानत धनराशि | एक कुन्टल का मूल्य | निविदा मूल्य | आपूर्ति का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1. भूसा<br>2. हराचारा<br>3. दाना/चोकर | 20000.00 | | 500 | नियम एवं शर्त के अनुसार |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद खैराबाद**
**सीतापुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद खैराबाद**
**सीतापुर**

## महिला को सर्प ने डंसा झाड़फूंक कराने के दौरान हुई मौत

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के धोबहा देवघटा गांव में मंगलवार की रात्रि कच्चे मकान के अंदर चारपाई पर सो रही महिला को चारपाई पर चढ़कर किसी जहरीले सर्प ने डस लिया जिससे महिला की हालत बिगड़ने पर महिला के स्वजन झाड़फूंक कराने के लिए करनपुर लेकर गए जंहा पर महिला की मौत हो गयी।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम देवनारायण पाण्डेय पुत्र स्व0 लक्ष्मीनारायण पाण्डेय है जो मेरे बैंक पास बुक, परिवार रजिस्टर की नकल, खतौनी एवं उपजिलाधिकारी की जाँच आख्या में अंकित है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड सं0 ××××××××3765 में मेरा नाम डी0एन0 पाण्डेय अंकित हो गया है, जो कि गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम देवनारायण पाण्डेय पुत्र स्व0 लक्ष्मी नारायण पाण्डेय के नाम से जाना व पहचाना जाय। एतत द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के संबंध में समस्त विधिक औपचारिकताएँ स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई हैं।

**देवनारायण पाण्डेय पुत्र स्व0 लक्ष्मी नारायण पाण्डेय निवासी ग्राम- मादपुर, पो0- मनौरी जिला- प्रयागराज, उ0प्र0।**

सी.आर.- 687/D

## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना

मैंने अपने पुत्र शौर्य सिंह का नाम परिवर्तित कर शोभित कुमार सिंह कर दिया है क्योंकि शौर्य अंग्रेजी में लिखने पर बालिका का नाम लगता है। राहुल सिंह पुत्र राम स्वरूप सिंह निवासी जे-3 जजेज कालोनी बहादुरपुर बलरामपुर।
सी.आर.- 688/L-32

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है पहले मेरा नाम ARPIT KUMAR था जो अब बदलकर ARPIT KUSHWAHA हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। ARPIT KUSHWAHA S/o PHOOL CHAND 26/B CHOTA BAGHARA 55 CHOTA BAGHARA SECTAR-1 PRAYAGRAJ UP.
सी.आर.- 687/D-31

### सूचना

मैंने इकरा खातून के नाम से एल0आई0सी0 की एक पालिसी 216707094 लिया था जबकि आधारकार्ड व बैंक में मेरा नाम सानिया खान दर्ज है दोनों नाम एक ही महिला है। सानिया खान पुत्री हैदर अली खान, ग्रा0-बनई पिपरायाकुल ,पो0-पुरैना वाजिद उतरौला, बलरामपुर।
सी.आर.- 685/D-34

### सूचना

मैंने बुसरा के नाम से एल0आई0सी0 की एक पालिसी 2216707093 लिया था जबकि आधारकार्ड व बैंक में मेरा नाम अफ्सा खान दर्ज है दोनों नाम एक ही महिला है। अफ्सा खान पुत्री हैदर अली खान ग्रा0-बनई पिपरायाकुल ,पो0-पुरैना वाजिद उतरौला, बलरामपुर।
सी.आर.- 685/D-33

### सूचना

मैने मंजू देवी के नाम से एल0आई0सी0 की एक पालिसी 219167448 लिया था जबकि आधारकार्ड में मेरा नाम मायावती दर्ज है दोनों नाम एक ही महिला है। मायावती उर्फ मंजूदेवी पत्नी दुर्गा प्रसाद ग्रा0-खजुरिया करमहना, बलरामपुर।
सी.आर.- 685/D-29

### आवश्यक सूचना

मैं अमीना खातून पत्नी स्व. शब्बीर, निवासी- 647/841, मड़ियांव, नेवाती टोला, जानकीपुरम, लखनऊ की हूँ। मैंने अपनी बड़ी बहू कमर जहाँ पत्नी स्व. रियाज अहमद से उनके गलत कृत्यों व क्रूरतापूर्ण आचरण से व्यथित होकर उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। आज के बाद से कमर जहाँ द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों से मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होंगे।
सी.आर.- 681/L-25

### सूचना

मैंने अपने पुत्र अंकुश को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बंधविच्छेद कर लिया है। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। कांतिदेवी पत्नी सर्वेश नि. रामखापुर मिश्रीपुर थाना - रामचंदमिशन, शाहजहांपुर।
सी.आर.- 686/D-27

### सूचना

समस्त अभिलेखों में मेरा नाम विनीता पुत्री गिरीशचंद्रगुप्ता था।विवाहोपरांत अपना नाम विनीतागोयल कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। विनीतागोयल पत्नी नितिनकुमारगोयल, नि मो वक्सरिया तह सदर शाहजहांपुर।
सी.आर.- 686/D-26

### सूचना

मैंने पुत्र दीपकसिंह को गलतआचरण के कारण चलअचल संपत्ति से बेदखलकर संबंधविच्छेद कर लिये। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। रामकिशोरसिंह पुत्र वीरेंद्रसिंह,नि.ग्रा. जरगवाँ, थाना , गढ़ियारंगीन,शाहजहांपुर।
सी.आर.- 686/D-25

### सूचना

मैंने अपने पुत्र बिल्लू को दुर्व्यवहार के चलते चलअचल संपत्ति से बेदखलकर संबंधविच्छेद कर लिये। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। रामपाल पुत्र बिंद्रा नि.मो. रामनगर, पुवायाँ - शाहजहांपुर।
सी.आर.- 686/D-25

### सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1230904167 का प्रमाणपत्र सहअंकपत्र वास्तव में खो गया है। तनु गुप्ता पुत्री सुरेशचंद्रगुप्ता नि. महाकदुर्ग थाना सिंधौली, पुवाया - शाहजहांपुर।
सी.आर.- 686/D-25

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक

रायबरेली रोड शाखा: हाईवे प्लाजा, ब्लॉक-बी, उद्यान-II, रायबरेली रोड, लखनऊ-226025

**मांग सूचना**

**सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत सूचना**

जबकि **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सरफेसी एक्ट की धारा 13(2) के अन्तर्गत निम्न ऋणियों को मांग सूचना भेजी गई थी। चूंकि बैंक द्वारा भेजी गये उक्त नोटिस को प्राप्तकर्ता के प्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त नहीं किया गया। अतः इस प्रकाशन के माध्यम से ऋणियों को नोटिस प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर दर्शायी गयी राशि का भुगतान करने की मांग की जाती है अन्यथा सरफेसी एक्ट की धारा 13(12) तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 8 व 9 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अन्तर्गत बैंक चल/अचल सम्पत्ति का कब्जा लेकर बिक्री कर देगा। ऋणकर्ता(ओं)/जमानतकर्ता(ओं) को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस चल/अचल सम्पत्ति में कोई लेन-देन न करें और इससे किसी प्रकार का लेन-देन बकाया राशि और उस पर निहित अप्रायोजित ब्याज एवं अन्य खर्चों हेतु **बैंक ऑफ बड़ौदा** के अध्याधीन होगा।

| क्र. सं. | ऋणकर्ता(ओं)/जमानतकर्ता(ओं) का नाम व पता/मांग सूचना की तिथि | बकाया धनराशि (रु) / एनपीए की तिथि | सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री श्याम कुमार पुत्र श्री कंधई लाल,** फ्लैट सं. ए-15/2, सुलभ आवास योजना, सेक्टर-1, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010 एवं **श्रीमती किरण वर्मा पत्नी श्री श्याम कुमार**, फ्लैट सं. ए-15/2, सुलभ आवास योजना, सेक्टर-1, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010<br>**मांग सूचना की तिथि: 11.06.2026** | **रु. 28,58,229.00 दिनांक 10.06.2026 तक, नोटिस की तिथि तक (अनुबंध के अनुसार देय राशि) (नोटिस तिथि तक ब्याज सहित)**<br>एनपीए की तिथि **08.06.2026** | आवासीय फ्लैट का साम्यिक बंधक, सुपर एरिया 63.28 वर्ग मीटर एवं कवर्ड एरिया 59.69 वर्ग मीटर स्थित फ्लैट सं. ए-58/01/01, भूतल, ब्लॉक ए-56, दो बेडरूम, टाइप ए आवास-1, सुलभ आवास योजना (जी+3), सेक्टर 1, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010, **मालिक:** श्री श्याम कुमार पुत्र श्री कंधई लाल एवं श्रीमती किरण वर्मा पत्नी श्याम कुमार, **सम्पत्ति की चौहद्दी: बगल में:** ए-58/02/01, **ऊपर** ए-58/11/01, **नीचे:** कुछ नहीं<br>**सुपर एरिया:** 63.28 वर्ग मीटर, **कवर्ड एरिया:** 59.69 वर्ग मीटर |

दिनांक: 09.07.2026    स्थान: लखनऊ    प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

## उत्तर रेलवे

**आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक व्यवसायी/चिकित्सकों की नियुक्ति**

पत्र सं. -E/WB/Ayur/Homeo/ Pt.II./26    दिनांक : 03.07.2026

**कर्मचारी कल्याण निधि उ.रे. के लखनऊ मंडल में संविदा के आधार पर (अंशकालिक, मानदेय आधारित) अनारक्षित आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक व्यवसायी/चिकित्सकों का लगाया जाना जिनमें अ.जा./अ.ज.जा./पिछड़ा वर्ग के आवेदक भी आवेदन कर सकेंगे।**

उ.रे. चिकित्सालय /लखनऊ में संविदा के आधार पर मानदेय आधारित अंशकालिक तौर पर एक आयुर्वेदिक चिकित्सक लगाया जाना है तथा मानदेय, डी.एस.बी.एफ. समिति/लखनऊ के तत्वाधान में अधिलिखित नियमों एवं शर्तों के आधार पर होगा।

| आयुर्वेदिक चिकित्सक | होम्योपैथिक चिकित्सक |
|---|---|
| 1. आवेदक के पास इंडियन मेडिसिन सेंट्रल एक्ट 1970 धारा 46 के तहत मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / राज्य चिकित्सा बोर्ड/काउंसिल/फैकल्टी का चार वर्षीय डिग्री/डिप्लोमा होना अनिवार्य होगा।<br>2. सेंट्रल रजिस्टर ऑफ इंडियन मेडिसिन एवं स्टेट रजिस्टर ऑफ इंडियन मेडिसिन में नामांकन।<br>3. आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं उपचार के क्षेत्र में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव आवश्यक है (E(W)89/WE 1-15 dated 03.10.1989 (RBE No.250/89)) | 1 आवेदक के पास इंडियन मेडिसिन सेंट्रल एक्ट 1970 की धारा 46 के तहत मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / राज्य चिकित्सा बोर्ड / काउंसिल / फैकल्टी की बी.एच.एम.एस की डिग्री (होम्योपैथी) / DHM/DHS/DMS होम्योपैथी /BMBS/04 वर्षीय MHMS या GSMS की डिग्री होनी चाहिए। साथ ही इंटर्नशिप भी पूर्ण होनी चाहिए।<br>2. सेंट्रल रजिस्टर ऑफ इंडियन मेडिसिन एवं स्टेट रजिस्टर ऑफ इंडियन मेडिसिन में नामांकन।<br>3. डिप्लोमा धारकों के पास कम से कम 1.5 वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए (E(W)2012/PNM/NFIR/5 dated 24.01.2014 (RBE No 13/2014)) |

1) पदों की संख्या – तीन (01 आयुर्वेदिक, 02– होम्योपैथिक)
2) मानदेय ₹37500/- प्रतिमाह
3) कार्य घंटे चार घंटे प्रतिदिन (रेलवे अस्पताल के कार्य घंटों के दौरान)
4) चिकित्सक को मंडल कर्मचारी कल्याण निधि समिति द्वारा लगाया जाएगा एवं उन्हें रेल कर्मी नहीं माना जाएगा। उन्हें मात्र एक वर्ष के लिए अस्थायी रूप से ही लगाया जाएगा।
5) उपरोक्त चिकित्सकों को मात्र एक वर्ष के लिए संविदा के आधार पर लगाया जाएगा। कार्य संतोषजनक पाए जाने पर अथवा SBF के आदेश पर कार्यकाल पुनः एक-एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। यह अवधि 70 वर्ष की उम्र तक ही बढ़ाई जा सकती है। (Rly. Board L.No.E (W) 2018/SM/8/Pt Dt. 25.07.2019)
6) कार्य घंटों में वह रेल के अलावा किसी प्राइवेट मरीज को नहीं देख सकेंगे, ना ही चिकित्सालय परिसर से बाहर अन्यत्र जा सकेंगे, बाहर जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी की अनुमति लेना नितांत आवश्यक होगा।
7) सोमवार से शनिवार तक उन्हें उ.रे. चिकित्सालय, लखनऊ में ही चार घंटे प्रतिदिन (रेलवे अस्पताल के कार्य घंटों के दौरान) सेवाएँ अर्पित करनी होंगी।
8) उन्हें यथानुपात आधार पर 08 (आठ) दिनों की आकस्मिक छुट्टी की अनुमति होगी और किसी अन्य प्रकार की छुट्टी स्वीकार्य नहीं होगी।
9) उपरोक्त पदों पर चयन मौखिक परीक्षा (Walk-In Interview) के आधार पर होगा।
10) अनुपस्थिति के लिए यथानुपात आधार पर समेकित मासिक मानदेय में कटौती की जाएगी। आकस्मिक छुट्टी से इसकी पूर्ति नहीं की जाएगी।
11) लगे हुए प्रैक्टिशनर को टी. ए./डी. ए. देय नहीं होगा और नए कार्य में शामिल होने के लिए कोई खर्च देय नहीं होगा यदि आवश्यक है तो उम्मीदवारों को चयन के दौरान ठहरने की अपनी व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
12) लगे हुए प्रैक्टिशनरों को रेलवे प्रशासन की ओर से कार्य के दौरान रेलवे आवास प्रदान नहीं किया जाएगा।
(13) उन्हें रेलवे कर्मचारी के रूप में नहीं माना जाएगा तथा रेलवे कर्मचारी को दिए जाने वाले विशेषाधिकार का पात्र नहीं होगा। प्रैक्टिशनर या उस के परिवार के सदस्य के लिए रेलवे अस्पताल से उपचार की अनुमति नहीं होगी।
(14) लगे हुए प्रैक्टिशनरों को रेलवे पास/पी.टी.ओ. देय नहीं होंगे।
(15) लगे हुए प्रैक्टिशनरों को रेलवे कर्मचारियों के पक्ष में बीमार और फिट प्रमाण पत्र देने की अनुमति नहीं होगी। निजी प्रैक्टिस की अनुमति होगी लेकिन रेलवे की सामान्य ड्यूटी में बाधा डाले बिना।
(16) आवेदनकर्ता की आयु 03.07.2026 तक 70 वर्ष से कम होनी चाहिए। इसके साथ ही लगे हुए प्रैक्टिशनर की सेवाएं 70 वर्ष की आयु तक पहुंचने या कार्य अवधि समाप्त होने में से जो पहले होगा पर समाप्त कर दी जाएगी। सर्विस को इससे पहले भी 14 दिन का नोटिस देकर एक तरफा समाप्त किया जा सकता है। मंडल कर्मचारी लाभ निधि (डी.एस.बी.एफ.) समिति लखनऊ मंडल इस तरह की समाप्ति के लिये कोई कारण बताने के लिए बाध्य नहीं होगी और इस शक्ति का प्रयोग अध्यक्ष डी. एस. बी.एफ. समिति लखनऊ मंडल द्वारा किया जा सकता है और प्रैक्टिशनर को इस आशय के डी.एस.बी.एफ. समिति के आदेश को किसी भी कानूनी अदालत में चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं होगा।
(17) अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
18) अधिसूचना विवरण, आवेदन फॉर्म और आवश्यक निर्देश www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध हैं।
19) उपरोक्त शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवार नीचे दी गई तिथि और स्थान पर सुबह 09:30–11:00 बजे तक मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लखनऊ में वरि. मंडल कार्मिक अधिकारी के ऑफिस में अपने आवेदन पत्र और सभी मूल प्रमाण पत्र/ प्रशंसापत्रों की सत्यापित प्रतियों के साथ साक्षात्कार (Walk-In) के लिए आ सकते हैं। विलम्ब से आने पर साक्षात्कार से वंचित कर दिया जायेगा। साक्षात्कार (Walk-In) की शुरुआत नीचे दी गई तिथि एवं स्थान पर सुबह 11:15 बजे से होगी।

| दिनांक | पहुँचने का समय | साक्षात्कार शुरू होने का समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 06.08.26 | 09:30 – 11:30 AM तक | 11:15 AM से | वरि. मंडल कार्मिक अधिकारी का ऑफिस/ मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय / लखनऊ / उ.रे. |

मंडल कार्मिक अधिकारी
उत्तर रेलवे, लखनऊ

2313/26    ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भारतीय किसान संघ की एक दिवसीय बैठक संपन्न, संगठन को मजबूती करने का दिया निर्देश

**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** भारतीय किसान संघ उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिला की बैठक बिकास खंड राजगढ़ के छितमपुर गांव मे में आशा राम मिश्रा के आवास पर संपन्न हुई। भारतीय किसान संघ के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष भैया राम मौर्य ने दांतोपंत ठेंगरी भारत माता और भगवान बलराम के चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रदेश अध्यक्ष भैया राम मौर्य ने कहा कि भारतीय किसान संघ में किसानों का समस्याओं का निवारण करना है उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी खाद को हर जगह उपलब्ध कराकर ज्यादा मूल्य पर किसानों को खाद नहीं दी जाएगी अगर कहीं भी जानकारी मिलती है तो दुकानदार के ऊपर कड़ी से करवाई प्रशासन द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान पर जोड़ दिया जाना चाहिए ज्यादा इस संगठन में किसानों को जोड़ना चाहिए। जिसमें काशी प्रांत अध्यक्ष इंद्रासन सिंह , काशी प्रांत कोषाध्यक्ष शिव शंकर पाठक व काशी प्रान्त संगठन मंत्री राम चेला ने जिले में सदस्यता बनने पर विशेष चर्चा किया। प्रत्येक कार्यकर्ता को कम से कम पांच ग्राम समितियों में जाकर (गोद लेकर) भारतीय किसान संघ के रीति रिवाज की चर्चा करते हुए अधिक से अधिक सदस्य बनाने का आह्वान किया। इसके बाद किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन के सदस्यों के साथ मिलकर पौधों पर किया उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम लगे और इसकी रक्षा भी करें साथ-साथ इसकी देख-देख भी करें प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन के सदस्यों के साथ आम का पौधा लगाया। इस दौरान काशी प्रांत उपाध्यक्ष राकेश सिंह, काशी प्रांत कार्यकारिणी सदस्य कृष्णानंद सिंह,जिला मंत्री ओमप्रकाश दुबे, जिला कोषाध्यक्ष बसंत लाल बिंद, जिला जैविक प्रमुख अवधेश कुमार सिंह, जिला युवा प्रमुख जवाहिर सिंह, जिला उपाध्यक्ष रामनारायन,जिला कार्यकारिणी सदस्य रामधनी सिंह, सतीश चंद्र सिंह, खंड अध्यक्ष विनोद सिंह, अजय उपाध्याय, कविंद्र नाथ सिंह, रवीन्द्र बहादुर सिंह सहकारी समिति अध्यक्ष तेंदुआ कला सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी,किसान व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष उपेंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि भारतीय किसान संघ किसानो की आवाज को मजबूती से उठाता रहेगा और गांव - गांव तक संगठन को सशक्त बनाने का अभियान जारी रहेगा।

## उत्तर रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सी0एण्डडब्ल्यू0 लखनऊ के द्वारा ई टेण्डर संख्या **289/Mech-CW-UpLaundryLKO26-2** के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिसके बंद होने की तिथि व समय 29.07.2026, 15:00 है। जो उसी दिन 15:30 बजे वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस टेंडर के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। टेंडरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य (जैसा **IREPS** पर प्रकाशित हो) का भुगतान वह केवल **through online payment mode** जो कि **ireps** पर उपलब्ध है जैसे की नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है।

| कार्य का नाम | [illegible] |
|---|---|
| निविदा टाइप | खुली निविदा |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | 29.07.2026 15:00 बजे |
| प्री बिड हां/ना | ना |
| एडवर्टाइज्ड वेल्यू (रु.) | 6,43,35,024.10 (Including GST) |
| बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट कार ईम सिंगल्ड आइटम |
| धरोहर राशि (रु.) | 12,86,700.00 |
| निविदा मूल्य (रु.) | निःशुल्क |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 16.07.2026 |

| बिडिंग स्टाइल | सिंगल बिड सिस्टम |
|---|---|
| अपलोडिंग दिनांक | 09.07.2026 |
| प्री बिड खुली डेट टाइम | नॉट अप्लीकेबिल |
| टेक्नीकल सैंक्शन | टेण्डर सी0एण्डडब्ल्यू0 |
| बिडिंग यूनिट | [illegible] |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य की अवधि | 120 Days from the date of handing over of clear site to the contractor by the Railways |

No. 289/Mech-CWUpLaundryLKO26-2 दिनांक : 08.07.2026    2348/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 17 ई/टी/2026    दिनांक: 03.07.2026

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 04251366बी | सप्लाई एंड इन्स्टालेशन ऑफ आई ओ टी बेस्ड वाटर लेवल इंडीकेटर (डब्ल्यूएलआई) | 300 सेट | 17/08/2026 |
| | | सप्लाई एंड इन्स्टालेशन ऑफ आई ओ टी बेस्ड वाटर लेवल इंडीकेटर (डब्ल्यूएलआई) | 300 सेट | |

**शुद्धि पत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 12 ई/टी/2026 दिनांक: 02.06.2026 | टेंडर नं. 05251162E | निविदा खुलने की तिथि 02/07/2026 के स्थान पर तिथि 17/07/2026 पढ़ें |
| 02 | ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 13 ई/टी/2026 दिनांक: 12.06.2026 | टेंडर नं. 03261252 | निविदा खुलने की तिथि 03/07/2026 के स्थान पर तिथि 10/07/2026 पढ़ें |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/ कार

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शेल, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं **एमसीएफ/आरबीएल/टेण्डर/शेल की मार्किंग/2026-27/सी694बी दिनांक : 01.07.2026।** आईआरईपीएस के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।
**कार्य का नाम:** IS स्पेसिफिकेशन 11865/2006 के अनुसार, लीक टेस्टिंग के लिए शेल के विभिन्न वैरिएंट्स की मार्किंग। **कार्य की अनुमानित लागत (₹):** 89,30,258.49 **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** शून्य। **अमानत राशि:** ₹1,78,600.00 (एक लाख अठहत्तर हजार छह सौ) मात्र। **कार्य की मात्रा:** शेड्यूल के अनुसार। **कार्य समापन की अवधि:** 12 माह।
- **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय- दिनांक 25.07.2026 को 11.00 बजे।**
- निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

**उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

उप मु0 सिग0 एवं दू0 सं0 अभि0/नि0-4/लखनऊ, कार्यालय संकुल, निर्माण संगठन, उ0रे0, चारबाग, लखनऊ-226004 भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित प्रपत्र पर ई-निविदा **एक पैकेट प्रणाली** के तहत निम्नलिखित कार्य के हेतु आमंत्रित की जा रही है-

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम एवं स्थान | लखनऊ डिवीजन के सुल्तानपुर-महरावां सेक्शन के बीच कॉर्ड लाइन जौनपुर स्टेशन को बाईपास करते हुए के संबंध में जौनपुर स्टेशन पर मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (सिग मेक) जोड़ और परिवर्तन CPB-MGW सेक्शन में LC-40 बंद करने के संबंध में इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग काम। |
| पूरा होने की अवधि | 06 (छः) महीने (स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से) |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹4,60,52,949.77 (रुपये चार करोड़ साठ लाख बावन हजार नौ सौ उनचास और सतहत्तर पैसे केवल) |
| निविदा दस्तावेज राशि एवं धरोहर राशि | रुपये मूल्य एवं धरोहर राशि आईआरईपीएस पर एनआईटी में उल्लिखित है। |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन निविदा खुलने की तिथि से |
| निविदा बंद होने तथा निविदा खुलने की तारीख एवं समय | 31.07.2026 को 11:30 बजे तक आईआरईपीएस वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर निविदा अपलोड की जा सकती है। बोलीदाता ई-टेंडर में भाग ले सकता है, निविदा 31.08.2026 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | विस्तृत ई-टेंडर नोटिस उत्तर रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 09.07.2026 से 31.07.2026 को 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। ई-टेंडर में भाग लेने की इच्छा रखने वाले बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से खुद को पंजीकृत करें, जिसके लिए उन्हें आईटी अधिनियम-2000 के तहत CCA द्वारा जारी तृतीय श्रेणी डिजीटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं हुआ है) प्राप्त करना होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

निविदा सूचना संख्या: 287-सिग/सी0-II/लखनऊ/निविदा/04/26
दिनांक 09.07.2026    2347/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**न्यायालय-अपर जिलाधिकारी (नगर पूर्वी) / किराया प्राधिकारी, लखनऊ।**

पत्रांक-493 / रीडर/एडीएम (सी0ई0)/ 2026
दिनांक 07/07/ 2026
वाद संख्या-डी 202610460000590
धारा-21 (2) उ0प्र0 नगरीय परिसर किरायेदारी अधिनियम संख्या-16 वर्ष 2021

**अनवर सादिक**
**बनाम**
**सोनिया अग्रवाल**

**नियत तिथि-14-07-2026**

**प्रकाशन हेतु नोटिस**

एक किता दुकान स्थित गुईन रोड, भार्गव मेडिसिन स्टोर के निकट अमीनाबाद चौकी थाना लखनऊ के बावत अ0 धारा-21 (2) उ0प्र0 नगरीय परिसर किरायेदारी अधिनियम संख्या-16 वर्ष 2021 के अन्तर्गत इस न्यायालय में उपरोक्त वाद विचाराधीन है। उक्त वाद में विपक्षी श्रीमती सोनिया अग्रवाल निवासी- गुईन रोड, भार्गव मेडिसिन स्टोर के निकट अमीनाबाद चौकी थाना लखनऊ उ.प्र. पर नियमानुसार नोटिस तामीला न होने के कारण प्रकाशन कराया जाना है।

अस्तु विपक्षी को सूचित किया जाता है कि यदि विपक्षी न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करना चाहता/चाहती है, तो नियत तिथि दिनांक 14-07-2026 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है।

**प्रतिलिपि-आवेदक/अनवर सादिक** पुत्र स्व. डॉ. सुल्तान अली सादिक निवासी- मकान सं. 6 कृष्णा कालोनी, फातिमा अस्पताल अस्पताल के पीछे महानगर जिला लखनऊ उ.प्र. को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि नियत तिथि से पूर्व नियमानुसार शुल्क जमा कर किसी राष्ट्रीय स्तर के संस्करण में प्रकाशन कराना सुनिश्चित करे।

**(महेन्द्र पाल सिंह)**
**अपर जिलाधिकारी, नगर (पूर्वी)**
**किराया प्राधिकारी, लखनऊ।**

सी.आर.- 682/L

## उपजिलाधिकारी की जांच के बाद शुरू हुआ सड़क निर्माण कार्य

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज हलिया जड़कुड़ मार्ग (एनएच-135ए) पर करीब तीन वर्षों से रुका सड़क चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य बुधवार को दोबारा शुरू हो गया उपजिलाधिकारी की स्थलीय जांच और प्रशासनिक पहल के बाद निर्माण एजेंसी ने मौके पर मशीनें लगाकर कार्य प्रारंभ कर दिया।महाकाल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सड़क चौड़ीकरण का कार्य तीन वर्ष पूर्व शुरू किया गया था, लेकिन काश्तकारों एवं वन विभाग की आपत्तियों के कारण भटवारी, बड़ौदी और गोरगी गांव के पास करीब दो किलोमीटर हिस्से का निर्माण अधूरा रह गया था। सड़क गड्ढों में तब्दील होने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थीं और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।भटवारी ग्राम प्रधान राजेश मौर्य ने जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को लेकर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
स्थानीय संपादक : विष्णु मोहन*
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

# नाटो सहयोगियों पर बिफरे राष्ट्रपति ट्रंप

**वॉशिंगटन।** ईरान को लेकर हुए हालिया सैन्य अभियान के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो सहयोगियों के रवैये पर खुलकर नाराजगी जताई है। ट्रंप ने

- बोले मैं इनकी परीक्षा ले रहा था
- नाटो में एकजुटता पर नई बहस छिड़ी




कहा कि वह इस पूरे घटनाक्रम के दौरान सहयोगी देशों की परीक्षा ले रहे थे कि संकट की घड़ी में कौन अमेरिका के साथ खड़ा होता है। उनका कहना है कि नाटो के कई देशों ने जिस तरह का रुख अपनाया, उससे वह बेहद निराश हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है, जब तुर्किये की राजधानी अंकारा में नाटो नेताओं का शिखर सम्मेलन आयोजित हो रहा है।

ट्रंप ने तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन के साथ बैठक के दौरान पत्रकारों से कहा कि उन्हें किसी सैन्य मदद की जरूरत नहीं थी, लेकिन वह यह देखना चाहते थे कि अमेरिका के सहयोगी कितने भरोसेमंद हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका लंबे समय से अपने सहयोगियों की सुरक्षा में बड़ी भूमिका निभाता रहा है, लेकिन अब यह सवाल उठता है कि जरूरत पड़ने पर क्या वही देश अमेरिका के लिए भी खड़े होंगे। ट्रंप के इस बयान ने नाटो के भीतर एकजुटता और आपसी भरोसे पर नई बहस छेड़ दी है।

ट्रंप ने कहा कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के दौरान कुछ सहयोगी देशों ने अमेरिका को पूरा समर्थन नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ देशों ने अमेरिकी हमलों के लिए अपने हवाई अड्डों के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी। इसके अलावा होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा के लिए भी कई सहयोगी देशों ने सैन्य संसाधन भेजने से इनकार कर दिया। ट्रंप का कहना है कि इसी वजह से उन्हें लगा कि नाटो के सभी सदस्य संकट की घड़ी में समान रूप से साथ नहीं देते। उन्होंने कहा, मैं लोगों की परीक्षा ले रहा था और मैं नाटो से बहुत निराश हूं।

ट्रंप ने इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी का नाम लेते हुए कहा कि उन्होंने अमेरिका की रणनीति का समर्थन नहीं किया। ट्रंप के मुताबिक, मेलोनी ने होर्मुज जलडमरूमध्य और ईरान से जुड़े अभियान में शामिल होने से इनकार कर दिया, जिससे दोनों नेताओं के रिश्तों में कुछ दूरी आई। हालांकि ट्रंप ने यह भी कहा कि वह मेलोनी को व्यक्तिगत रूप से पसंद करते हैं और उन्हें अच्छा इंसान मानते हैं, लेकिन इस मामले में उन्होंने गलत फैसला लिया। ट्रंप ने यह भी कहा कि यूरोप के कई देश खाड़ी क्षेत्र के तेल पर निर्भर हैं, जबकि अमेरिका के पास पर्याप्त तेल संसाधन हैं और उसे होर्मुज पर अपनी जरूरतों के लिए निर्भर नहीं रहना पड़ता।

# अमेरिका का ईरान को बड़ा झटका

## तेल बिक्री की अनुमति देने वाला लाइसेंस किया रद्द

**दुबई।** अमेरिका ने ईरानी तेल की बिक्री की अनुमति देने वाला लाइसेंस रद्द कर दिया है। अमेरिकी वित्त विभाग ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। वित्त विभाग ने पिछले महीने 60 दिनों के लिए यह लाइसेंस जारी किया था। दोनों देशों के बीच संघर्ष खत्म करने के लिए हुए अंतरिम समझौते के तहत ईरानी तेल पर लगे प्रतिबंधों में यह छूट दी गई थी। हालांकि, वित्त विभाग के अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि लाइसेंस किस वजह से रद्द किया गया। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब ब्रिटिश सेना ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन तेल टैंकरों पर ड्रोन हमला किया गया।

यह हाल के दिनों में इस अहम समुद्री मार्ग से गुजर रहे जहाजों पर हुआ ताजा हमला है। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है। पश्चिम एशिया में शांति बनाए रखने के उद्देश्य से अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए बातचीत भी जारी है। हालांकि, अमेरिका के इस फैसले के बाद ईरान के साथ हुए उसके हालिया समझौते पर संशय के बादल मंडराने लगे हैं। यह समझौता कितने दिन तक कायम रहेगा, इसे लेकर असमंजस बरकरार है।

# यूक्रेन युद्ध : पुतिन और जेलेंस्की दोनों चाहते हैं समाधान

**अंकारा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौते की संभावनाओं को लेकर सकारात्मक उम्मीद जताई है। उन्होंने

- नाटो समिट में बोले ट्रंप



कहा कि इस संघर्ष को लेकर उनके आकलन में कोई बदलाव नहीं आया है। तुर्की की राजधानी अंकारा में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के साथ बातचीत करते हुए ट्रंप ने यह बयान दिया। ट्रंप ने बताया कि एक दिन पहले उनकी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई थी। इसके अलावा उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से भी बात की है। ट्रंप ने कहा, मुझे लगता है कि वे दोनों ही समझौता करना चाहते हैं। यह बहुत दुखद है कि इसमें इतना लंबा समय लगा, लेकिन मुझे लगता है कि जल्द ही कुछ सकारात्मक परिणाम सामने आएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मामला जल्द ही सुलझ जाएगा। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या पुतिन के किसी समझौते के लिए तैयार होने जैसी कोई बात हुई है जिससे वह इतने आशावादी दिख रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि उनके विचारों में कभी कोई बदलाव नहीं आया है। ट्रंप ने कहा कि वह केवल लोगों को मरते हुए नहीं देखना चाहते। उन्होंने युद्ध के मैदान की तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा कि वहां बड़े पैमाने पर हिंसा हो रही है। लोग विश्वास नहीं करेंगे कि यह कितनी हिंसक है। उन्होंने कहा कि उन्होंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा है, यह एक नरसंहार है और इसे रुकना चाहिए।

# शारजाह से पाकिस्तान के कराची जा रहा कार्गो विमान लापता

**शारजाह।** शारजाह से पाकिस्तान के कराजी जा रहे बोइंग 737 मालवाहक विमान का हवाई यातायात नियंत्रण एटीसी से संपर्क

- क्या समुद्र में गिरा बोइंग 737

टूट गया। विमान के पायलट ने पहले नेविगेशन सिस्टम में खराबी की जानकारी दी थी। इसके बाद पाकिस्तानी अधिकारियों ने तुरंत खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिया। विमान में पांच चालक दल के सदस्य सवार थे। पाकिस्तान एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बताया कि के2 एयरवेज द्वारा संचालित 27 साल पुराने परिवर्तित मालवाहक विमान ने कराची की ओर उड़ान भरते समय पाकिस्तानी मानक समय के अनुसार मंगलवार रात 9.18 बजे नेविगेशन सिस्टम में खराबी की सूचना दी। अधिकारियों के अनुसार, समस्या की सूचना मिलने के बाद स्थानीय हवाई यातायात नियंत्रकों ने विमान को निर्देशित करने का प्रयास किया। हालांकि, रडार सिस्टम ने लगभग तीन मिनट बाद विमान को तेजी से नीचे उतरते हुए दिखाया और विमान से संपर्क टूट गया। अधिकारियों ने बताया कि उस समय विमान कराची से लगभग 155 समुद्री मील (287 किमी) पश्चिम में था।

# एलएनजी लदे कतर के जहाज पर होर्मुज में हमला

**दोहा।** एलएनजी लेकर आ रहे टैंकर जहाज-अल रकियात पर होर्मुज में हमला किया गया। विशाल एलएनजी जहाज कतर के रास लफ्फान बंदरगाह

- किसी के घायल होने की खबर नहीं



से गुजरात के दहेज के लिए रवाना हुआ था। 7 जुलाई को अरब सागर और ओमान की खाड़ी के मिलन बिंदु के पास ट्रांजिट के दौरान जहाज पर संदिग्ध ड्रोन से हमला किया गया। इस संबंध में कतर के विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी किया। कतर ने ईरान के उप-राजदूत को तलब कर टैंकर-अल-रकियात को निशाना बनाए जाने के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। विरोध दर्ज कराते हुए कतर ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के पास से गुजरते समय टैंकर को निशाना बनाया जाना निंदनीय है।

यह हमला अंतरराष्ट्रीय नौवहन (नेविगेशन) सुरक्षा कानून का गंभीर उल्लंघन है। इससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर खतरा पैदा हो गया है। टैंकर पर हमला अंतरराष्ट्रीय कानून के नियमों का भु स्पष्ट उल्लंघन है। कतर ने साफ किया है कि वह अपने हितों और संपत्तियों की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार उचित कदम उठाने के अधिकार का इस्तेमाल करेगा। ईरान से इस घटना के बारे में तत्काल स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, ये सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने और अंतरराष्ट्रीय कानून के संबंधित नियमों का पूरी तरह से पालन करने की अपील भी की गई है।

# भारत ने जेसन मिलर की फर्म के साथ बढ़ाया लॉबिंग अनुबंध

**वॉशिंगटन।** भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी जेसन मिलर की फर्म एसएचडब्ल्यू पार्टनर्स एलएलसी के साथ अपना लॉबिंग अनुबंध बढ़ा दिया है। फॉरेन एजेंट्स रजिस्ट्रेशन एक्ट (फारा) के तहत सार्वजनिक किए गए दस्तावेजों के अनुसार, यह नया अनुबंध 24 अप्रैल को हस्ताक्षरित हुआ और यह 23 अप्रैल 2027 तक चलेगा। इसके लिए भारत हर महीने 1,50,000 डॉलर (सालाना 18 लाख डॉलर) का भुगतान करेगा। भारतीय दूतावास ने पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले के ठीक बाद इस फर्म को काम पर रखा था। यह फर्म अमेरिकी सरकार, कांग्रेस और अन्य संस्थानों के समक्ष नीतिगत मामलों पर रणनीतिक सलाह और सरकारी संबंधों में मदद देती है। दस्तावेजों के अनुसार, मिलर ने इस साल 25 जनवरी से दो फरवरी के बीच ट्रंप प्रशासन के कई बड़े अधिकारियों जैसे जेमिसन ग्रीर, स्कॉट बेसेंट, हॉवर्ड लटनिक और सूसी वाइल्स से फोन पर बात की। इसके बाद दो फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की बातचीत के बाद दोनों देशों ने अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते की घोषणा की थी। इसके अलावा, मिलर ने रूस से कच्चे तेल की खरीद पर प्रतिबंधों से छूट के मामले में भी अमेरिकी अधिकारियों से संपर्क किया था।

# 'अब धौंस जमाने और जबरन वसूली का दौर नहीं'

**तेहरान।** क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच, ईरान के शीर्ष वार्ताकार और संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने वाशिंगटन पर कड़ा

- ईरानी संसद के स्पीकर की दो-टूक
- अमेरिका पर आरोप लगाए

प्रहार किया। उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका की ओर से द्विपक्षीय समझौतों के कई उल्लंघनों का विस्तृत विवरण दिया है। एक्स पोस्ट में, वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने अमेरिकी प्रशासन की ओर से किए गए समझौता ज्ञापन के कई प्रमुख उल्लंघनों को गिनाया, जो दोनों देशों के बीच राजनयिक प्रतिबद्धताओं में गंभीर दरार का संकेत देता है। संसद अध्यक्ष के अनुसार, इन अमेरिकी कार्रवाइयों में जलडमरूमध्य में ईरानी समायोजन का उल्लंघन, आगे और हमलों की लगातार धमकियां, तेल प्रतिबंधों को फिर से लागू करना, दक्षिणी ईरान पर हमले और लेबनान में जायोनी आक्रामकता का जारी रहना शामिल हैं। गालिबाफ ने आगे कहा धमकी और जबरन वसूली का युग समाप्त हो गया है। इससे कुछ हासिल नहीं होता। हम झुकेंगे नहीं। तेहरान की यह तीखी बयानबाजी वाली जवाबी प्रतिक्रिया, समुद्री क्षेत्र में हुई ताजा घटनाओं के बाद अमेरिका द्वारा ईरानी ठिकानों के खिलाफ व्यापक सैन्य अभियान शुरू करने के साथ, शत्रुता में नाटकीय वृद्धि की सीधी प्रतिक्रिया है।

भारी बमबारी के परिचालन संबंधी विवरण प्रदान करते हुए, अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने पुष्टि की कि उसने 7 जुलाई को जवाबी हमलों की एक श्रृंखला को अंजाम दिया, जिसमें ईरान के अंदर 80 से अधिक सैन्य ठिकानों पर सटीक निर्देशित गोला-बारूद से हमला किया गया। रक्षा अधिकारियों के अनुसार, इन लक्षित अभियानों का मुख्य उद्देश्य तेहरान की समुद्री आक्रमण क्षमताओं को नष्ट करना था। कई घंटों तक चले इस अभियान के दौरान जिन लक्ष्यों को नष्ट किया गया उनमें कमान और नियंत्रण नेटवर्क, वायु रक्षा तंत्र, तटीय रडार प्रतिष्ठान, जहाज-रोधी मिसाइल स्थल और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) की 60 से अधिक छोटी नौकाएं शामिल थीं। रक्षा प्रतिष्ठान ने दावा किया कि इस विशाल अभियान का प्राथमिक उद्देश्य आर्थिक गलियारे में व्यापारिक जहाजों के खिलाफ और अधिक व्यवधान पैदा करने की तेहरान की क्षमता को व्यवस्थित रूप से कमजोर करना था।

# तुर्किये पर लगे प्रतिबंध हटाएगा अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनकी सरकार तुर्किये पर लगाए गए प्रतिबंध हटाएगी। साथ ही, तुर्किये को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचने के प्रस्ताव पर भी फैसला लिया जाएगा। ट्रंप ने यह बात नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान तुर्किये के राष्ट्रपति रेसप तैयप एर्दोगन से मुलाकात शुरू होने से पहले पत्रकारों से कही। तुर्किये को अमेरिकी कार्यक्रम में पूरी तरह से वापस शामिल करने से पहले अब भी कई कानूनी अड़चनें हैं, लेकिन 'काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट' (सीएएटीएसए) के तहत लगाए गए प्रतिबंधों को हटाने से अंकारा के लिए एफ-35 तक फिर से पहुंच हासिल करने की प्रक्रिया आसान हो जाएगी। यह तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन का एक मुख्य लक्ष्य है और ट्रंप ने भी भविष्यवाणी की थी कि आखिरकार ऐसा होगा। ट्रंप से जब अमेरिका के प्रतिबंधों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हम प्रतिबंध हटा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एफ-35 लड़ाकू विमानों की संभावित बिक्री पर भी जल्द फैसला किया जाएगा। इसके अलावा एर्दोगन के साथ व्यापारिक संबंधों पर भी चर्चा होगी।

# यूएन मुख्यालय के पास खाली कराया भारतीय मिशन

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के पास स्थित भारत के स्थायी मिशन के परिसर को मंगलवार को एहतियातन खाली करा लिया गया। इसकी वजह पास में निर्माणाधीन एक 37 मंजिला इमारत में आए गंभीर संरचनात्मक दोष हैं, जिससे उसके आंशिक रूप से ढहने का खतरा पैदा हो गया है। मिडटाउन मैनहट्टन के इस इलाके में कई इमारतों को भी खाली कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार फिलहाल किसी के घायल होने की सूचना नहीं है और भारतीय मिशन में तैनात सभी राजनयिक तथा उनके परिवार सुरक्षित हैं।

भारत का स्थायी मिशन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय से महज एक ब्लॉक की दूरी पर स्थित है। इस इमारत में मिशन के कार्यालयों के साथ-साथ भारतीय राजनयिकों और अन्य अधिकारियों के आवास भी हैं। एहतियात के तौर

- गंभीर संरचनात्मक दोष के कारण आंशिक रूप से ढहने का खतरा

पर पूरे परिसर को खाली करा लिया गया। सूत्रों के मुताबिक सभी भारतीय अधिकारी और उनके परिवार सुरक्षित हैं तथा प्रशासन के निर्देशों का पालन कर रहे हैं। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय मिशन 27 मंजिला लाल ग्रेनाइट की इमारत में संचालित होता है, जिसका निर्माण वर्ष 1993 में हुआ था। इस भवन का डिजाइन प्रसिद्ध भारतीय वास्तुकार चार्ल्स कोरिया ने तैयार किया था। यह इमारत सेकंड एवेन्यू के पास 43वीं और 44वीं स्ट्रीट के बीच स्थित है। न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने घटना को बेहद गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि अब तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है और निर्माण स्थल पर मौजूद सभी मजदूरों का पता लगा लिया गया है। ममदानी के मुताबिक, मंगलवार सुबह करीब 8 बजे (स्थानीय समय) न्यूयॉर्क फायर डिपार्टमेंट को मैनहट्टन की 42वीं स्ट्रीट पर सेकंड और थर्ड एवेन्यू के बीच स्थित एक सक्रिय निर्माण स्थल पर संरचनात्मक समस्या की सूचना मिली थी।

# मेटा पर चार अमेरिकी प्रांतों ने दर्ज कराया मामला

## युवाओं को लत लगाने में मांगा 1.4 खरब डॉलर का जुर्माना

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के चार प्रांत कंपनी पर 1.4 खरब डॉलर का जुर्माना लगाने की मांग कर रहे हैं। कंपनी पर आरोप है कि उसने अपने फेसबुक और इंस्टाग्राम प्लेटफॉर्म को इस तरह से डिजाइन किया है कि युवा यूजर्स इसकी लत लगा बैठें और उनकी सुरक्षा के बारे में जनता को गुमराह किया। मेटा प्लेटफॉर्म्स ने अदालत में यह आंकड़ा अटॉर्नी जनरल की उन फाइलिंग के जवाब में पेश किया, जिनमें कह था कि यदि राज्य ट्रायल जीतते हैं तो जुर्माने की गणना कैसे होनी चाहिए। इस आंकड़े का खुलासा पहले कभी नहीं हुआ। यह मेटा के 1.5 खरब डॉलर की बाजार पूंजी के करीब है। ये दावे कैलिफोर्निया, कोलोराडो, केंटकी और न्यूजर्सी में हुए हैं। मेटा ने कहा, यह रकम सबूतों पर आधारित नहीं है। उपभोक्ता संरक्षण के इतिहास में ऐसे दण्ड का कोई उदाहरण नहीं है। फाइलिंग के बाद अटॉर्नी जनरल के प्रतिनिधियों ने कोई टिप्पणी नहीं की। राज्यों ने कहा कि उल्लंघनों की संख्या मेटा की गतिविधियों से प्रभावित किशोरों और युवा यूजर्स की अनुमानित संख्या पर आधारित है। मेटा ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि प्लेटफॉर्म के लत की बात सही नहीं लगती। 14 और राज्यों ने अपने कानूनों के तहत दावे किए हैं, जिनकी सुनवाई फरवरी में अलग ट्रायल में होगी।

# यूएस में सतिंदरजीत सिंह पर 50 हजार डॉलर का इनाम

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी संघीय जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने बुधवार को गैंगस्टर सतिंदरजीत सिंह, उर्फ गोल्डी बरार की गिरफ्तारी में मदद करने वाली जानकारी के लिए 50,000 अमेरिकी डॉलर तक के इनाम की घोषणा की। गोल्डी बरार पर लॉरेंस बिश्नोई ऑर्गनाइज्ड क्राइम ग्रुप में शामिल होने का आरोप है और वह कई मामलों में वांछित है।

सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में इनाम की घोषणा करते हुए, संघीय जांच एजेंसी ने कहा, एफबीआई सतिंदरजीत सिंह की गिरफ्तारी में मदद करने वाली जानकारी के लिए 50,000 डॉलर तक का इनाम दे रही है। सिंह लॉरेंस बिश्नोई ऑर्गनाइज्ड क्राइम ग्रुप में कथित तौर पर शामिल होने के कारण वांछित है। यह ग्रुप दक्षिणी कैलिफोर्निया और पूरे अमेरिका और कनाडा में कई

- गोल्डी बरार पर लॉरेंस से तार जुड़े होने के आरोप

हिंसक गतिविधियों में शामिल रहा है। एफबीआई के अनुसार, गोल्डी बरार अमेरिका में रहता है और कथित तौर पर उत्तरी अमेरिका में लॉरेंस बिश्नोई ऑर्गनाइज्ड क्राइम ग्रुप के कामकाज का लीडर है। एक बयान में, फेडरल एजेंसी ने कहा, 1 जुलाई, 2026 को, लॉस एंजिल्स, कैलिफ़ोर्निया में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट ऑफ कैलिफोर्निया की अमेरिकी जिला अदालत में सिंह के लिए एक फेडरल गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

उस पर रैकेटीयर इन्फ्लुएंस्ड एंड करप्ट ऑर्गनाइज़ेशन्स साजिश; जबरन वसूली के जरिए व्यापार में बाधा डालने की साजिश और बाधा डालने की कोशिश; और नशीले पदार्थों को बांटने और बांटने के इरादे से अपने पास रखने की साजिश के आरोप लगाए गए थे। एफबीआई ने आगे कहा कि सिंह के कैलिफोर्निया में सैक्रामेंटो और फ्रेस्नो के साथ-साथ कनाडा, भारत और मैक्सिको में भी संबंध हैं। इसके साथ ही गोल्डी पर खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की साजिश रचने का भी आरोप है।

**आस्था** — पीएम मोदी बोले यहां की हवाओं में संस्कृति की सुगंध

# इंडोनेशिया में महामृत्युंजय मंत्र और ओम नमः शिवाय धुन

**जकार्ता।** प्रधानमंत्री मोदी के प्रम्बानन मंदिर दौरे के बाद पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति सुबियांतो ने 2029 से पहले जीर्णोद्धार पूरा करने का वादा लिया है। वे योजना बनाकर काम करते हैं, ऐसे में पूरा भरोसा है कि काम पूरा होगा और वे इंडोनेशिया आकर एकसाथ इसका जश्न मनाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि इस गौरवशाली स्थल के जीर्णोद्धार का हिस्सा बनने को लेकर उन्हें गर्व है। उन्होंने कहा, एक हजार साल से भी अधिक पुराना प्रम्बानन मंदिर भारत और इंडोनेशिया की साझा सांस्कृतिक विरासत का एक शाश्वत प्रतीक है। संयुक्त संरक्षण परियोजना में भारतीय पक्ष से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) प्रमुख एजेंसी होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सांस्कृतिक विरासत विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के लोगों को जोड़ती है।



इंडोनेशिया के लोग प्रम्बानन मंदिर परिसर की महान विरासत को संरक्षित करने के लिए धन्यवाद के पात्र हैं। संयुक्त संरक्षण परियोजना के उद्घाटन का हिस्सा बनना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, मैंने जो बातचीत सुनी है, उससे पता चलता है कि यहां की हवाओं में संस्कृति की सुगंध है। वह सुगंध जिसे हम भारत की धरती पर हर पल महसूस करते हैं। यह सुगंध, यह सांस्कृतिक विरासत, हमें जोड़ती है। बकौल पीएम मोदी, 1200 साल से इंडोनेशिया के लोगों ने इस महान विरासत को संरक्षित रखा है। इसे पूरी श्रद्धा और श्रद्धा के साथ किया है। इसलिए, मैं इंडोनेशिया के लोगों और अब तक के सभी शासकों को भी तहे दिल से सलाम करता हूं। मैंने इस मंदिर में महामृत्युंजय मंत्र और ओम नमः शिवाय के जाप होते देखे; इसने वास्तव में मेरे दिल को छू लिया। उन्होंने कहा, यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल प्रम्बानन मंदिर परिसर में संरक्षण और जीर्णोद्धार का काम शुरू होने के साथ ही, मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय पर्यटक निश्चित रूप से इस स्थान का दौरा करेंगे। इससे पहले प्रम्बानन मंदिर परिसर पहुंचने पर मोदी का पारंपरिक स्वागत किया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने इंडोनेशियाई राष्ट्रपति के साथ प्राचीन स्थल का दौरा किया। दोनों नेताओं के बीच गर्मजोशी साफ दिखी, जब उन्होंने हाथ मिलाए और मंदिर परिसर के केंद्रीय शिखरों की पृष्ठभूमि में फोटो खिंचवाई। अपनी यात्रा के दौरान मोदी को इंडोनेशिया-इंडिया कोलैबोरेटिव कल्चरल हेरिटेज कंजर्वेशन फॉर प्रम्बानन टेंपल कंपाउंड नामक एक औपचारिक पैनल पर परियोजना और मंदिर के इतिहास की झलक भी दी गई। इसमें परियोजना के डिजाइन और अपेक्षित परिणाम का विवरण भी था। मोदी का इंडोनेशियाई लोगों के एक समूह ने पारंपरिक मंत्रों और घंटियों की मधुर ध्वनि से स्वागत किया। आज मंदिर परिसर में बयान से इतर मंगलवार को जकार्ता में संयुक्त प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने कहा था कि, एक हजार साल से भी अधिक पुराना प्रम्बानन मंदिर भारत और इंडोनेशिया की साझा सांस्कृतिक विरासत का एक शाश्वत प्रतीक है।

बाजार दर्पण

